RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 51
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कुलदीप को दूसरे टेस्ट में न खिलाने पर सब हैरान

स्पोर्ट्स-12

# कोरोना खत्म नहीं हुआ है, रहें सतर्क: पीएम

## उच्चस्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री ने कोविड-19 से जुड़ी सभी तैयारियों को पूरी रखने को कहा

- अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पुख्ता निगरानी व्यवस्था हो
- परीक्षण और जीनोमिक अनुक्रमण प्रयासों को तेज करने का निर्देश
- राज्यों को त्योहार और नए साल पर कोविड प्रोटोकाल के प्रति जागरुकता लाने की सलाह दी गई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** में बढ़ते कोरोना मामलों से चिंतित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देशवासियों को लापरवाही बरतने के प्रति आगाह करते हुए कहा कि महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने अधिकारियों को निगरानी उपायों को मजबूत करने के लिए कहा खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर।

प्रधानमंत्री ने अपनी अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान उन्होंने सतर्क रहने की जरूरत पर जोर दिया। इस बैठक का आयोजन देश में कोविड-19 के हालात, स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे एवं आवाजाही, टीकाकरण अभियान की स्थिति और नए वेरिएंट के उदय तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके असर के आकलन के लिए किया गया था।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मोदी ने अधिकारियों से किसी भी तरह की लापरवाही ना बरतने को लेकर आगाह किया और कोरोना मामलों की कड़ी निगरानी की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि सभी स्तरों पर उपकरणों, प्रक्रियाओं और मानव संसाधनों के मामले में तैयारी उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने राज्यों को ऑक्सीजन सिलेंडर, पीएसए संयंत्रों, वेंटिलेटर और मानव संसाधन सहित अस्पताल के बुनियादी ढांचे से संबंधित कोविड विशिष्ट सुविधाओं का लेखाजोखा करने की सलाह दी।

पीएमओ ने कहा कि बैठक के दौरान देश में कोविड की स्थिति और वैश्विक कोविड-19 की स्थिति के बारे में एक व्यापक प्रस्तुति

(शेष पेज 8)

### बूस्टर डोज लेने से हिचक रहे भारतीय युवा

- सर्वेक्षण में 10 में से छह दिल के दौरे की बढ़ती घटनाओं के कारण पीछे हट रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** में कोविड-19 संक्रमण बढ़ने के बाद सरकार जहां एक बार फिर से बूस्टर डोज (एहतियाती खुराक) पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वहीं बृहस्पतिवार को एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 10 से 6 भारतीय युवाओं में हृदयघात के बढ़ते मामलों के चलते बूस्टर डोज लेने से हिचक रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि 53 फीसदी लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लिया और आगे भी टीका लगवाने की उनकी कोई योजना नहीं है। जबकि अभी भी 9 फीसदी लोगों ने अभी तक कोविड को कोई भी टीका नहीं लगवाया है और आगे भी लगवाने की उनकी कोई योजना भी नहीं है। स्थानीय सामाजिक समुदायों से सरोकार रखने वाले संस्था लोकल सर्कल के अनुसार 2 फीसदी लोगों को अभी भी तय करना है कि उन्हें बूस्टर डोज लेना है या नहीं। ताजा सर्वेक्षण में 309 जिलों के 19,000 नागरिकों से

(शेष पेज 8)

### आईएमए ने संक्रमण रोकने को जारी किए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के नए वैरिएंट से चीन समेत कई देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने बृहस्पतिवार को संक्रमण से सुरक्षा व बचाव के लिए 8 बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किया। जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग, सोशल डिस्टेंसिंग, साबुन-पानी और सेनेटाइजर से हाथ धोना, सामाजिक, राजनीतिक आयोजन से दूर रहें, अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचना, बुखार, गले में खराश, खांसी और दस्त होने पर चिकित्सक से सलाह लेना, कोविड वैक्सीन की दोनों डोज के साथ एहतियाती खुराक लेने के साथ ही सरकार द्वारा समय समय सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना शामिल हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा रोकने के बहाने ढूंढ रही सरकार: राहुल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/नूंह (हरियाणा)

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कांग्रेस नेता से की थी अपील, कोविड-19 की गाइडलाइन पालन हो या देशहित में यात्रा रोकें

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के लिए बहाने ढूंढ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने चीन समेत कुछ देशों में कोरोना वायरस के मामलों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे अपील की थी कि यदि कोविड नियमों का पालन नहीं किया जा सकता, तो वह भारत जोड़ो यात्रा को निलंबित करने पर विचार करें।

कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई यात्रा अब तक तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान से गुजर चुकी है। गांधी ने हरियाणा के नूंह जिले के घासेड़ा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह यात्रा कश्मीर जाएगी। अब वे एक नया तरीका लेकर आए हैं। उन्होंने मुझे पत्र लिखा कि कोविड फैल रहा है, यात्रा रोक दो। गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा ने राजस्थान चरण के बाद बुधवार को नूंह से हरियाणा में प्रवेश किया था। उन्होंने कहा, अब वे यात्रा रोकने का बहाना बना रहे हैं। मास्क लगाओ, यात्रा रोको, कोविड फैल रहा है, ये सब बहाने हैं। मांडविया ने मंगलवार को राहुल गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर कहा था कि यदि कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा सकता है तो यात्रा को स्थगित करने पर विचार करें।

केंद्र और हरियाणा में सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा कि वह सच्चाई से डरती है। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान की शक्ति से, हिंदुस्तान की सच्चाई से, ये लोग डर गए हैं, ये सच्चाई है। गांधी ने कहा कि हम आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी

(शेष पेज 8)

# डीएसी ने 84,000 करोड़ के रक्षा सौदे को दी हरीझंडी

- रक्षामंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में हल्के टैंक, जहाज रोधी मिसाइल, अत्याधुनिक गश्ती पोत को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** की सीमाओं पर तट रक्षक समेत सशस्त्र बलों की चौकसी क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बृहस्पतिवार को 84,328 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस प्रस्ताव में हल्के टैंक, जहाज रोध मिसाइलें, नई श्रेणी की मिसाइलें और समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए अत्याधुनिक गश्ती पोत शामिल हैं।

इनमें से अधिकांश हथियार व आयुध की खरीद आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योगों से की जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में इन प्रस्तावों को ऐसे समय मंजूरी दी गई है जब चीन अरुणाचल प्रदेश के तवांग में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास यथास्थिति में बदलाव करने के लिए आक्रामक तरीके से जुटा हुआ है। दो साल पहले मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में दोनों देश की सेना के जवानों के आमने सामने के बाद गतिरोध बना हुआ है।


इसके अलावा चीन लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक की 4000 लंबी एलएसी पर अपने अधिकार क्षेत्र वाले भू भाग पर सशस्त्र क्षमता तेजी से बढ़ाने के साथ सीमा पर लड़ाकू विमान और मालवाहक विमानों के लिए आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने प्रस्ताव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि डीएसी 24 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) को मंजूरी दे दी है। जिसे प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) इसकी अंतिम मंजूरी देगी। डीएसी की यह

(शेष पेज 8)

# वायुसेना के अभावों को दूर किया जाना चाहिए: एयर चीफ मार्शल

- लड़ाकू स्क्वाड्रन और फोर्स मल्टीप्लायर्स की कमी को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाना चाहिए
- बल की युद्धक क्षमता बनाए रखने के लिए जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**एयर** चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने चीन द्वारा अपनी हवाई युद्ध क्षमता में लगातार वृद्धि किए जाने को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण अभावों जैसे लड़ाकू स्क्वाड्रन और फोर्स मल्टीप्लायर्स की कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए ताकि बल अपनी युद्धक क्षमता की बढ़त को बनाए रखे।

एक संगोष्ठी के दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ने कहा कि भारत के पड़ोसी देश अशांत, आक्रामक और अनिश्चित बने हुए हैं और ऐसे में देश (भारत) को साझा विचार और मूल्यों वाले देशों के साथ साझेदारी करके अपनी समेकित शक्ति बढ़ानी चाहिए। एयर चीफ मार्शल चौधरी की यह टिप्पणी भारत-चीन के बीच ताजा तनाव की पृष्ठभूमि में आई है। गौरतलब है कि चीन की सेना पीएलए (पब्लिक लिबरेशन आर्मी) ने अरुणाचल प्रदेश से सटी सीमा पर यांग्त्से में यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया, जिसके कारण नौ दिसंबर को सुदूर पूर्वोत्तर राज्य के तवांग सेक्टर में भारत-चीन के सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। ऐसी खबरें हैं कि चीन बड़े पैमाने पर अपनी वायुसेना का आधुनिकीकरण कर रहा है और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास बने महत्वपूर्णा बड़े

(शेष पेज 8)

# तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी एवं तिहाड़ जेल के पूर्व महानिदेशक संदीप गोयल को कर्तव्यों के निर्वहन में कथित लापरवाही के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 1989 के बैच के आईपीएस अधिकारी गोयल को पिछले महीने तिहाड़ जेल के महानिदेशक पद से हटाकर दिल्ली पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। हालांकि गृह मंत्रालय ने निलंबन आदेश में फैसले के पीछे कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई है। गोयल को उस समय तिहाड़ जेल के महानिदेशक पद से हटा दिया गया था, जब कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने मंडोली जेल में अपनी सुरक्षा के लिए अधिकारी को 12.5 करोड़ रुपये का भुगतान करने का सनसनीखेज दावा किया था।

# यथावत रहेंगी भाजपा की जन आक्रोश सभाएं

**भाषा।** जयपुर

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार के खिलाफ पार्टी की जन आक्रोश सभाएं अभी यथावत रहेंगी। इससे पहले दिन में पूनियां ने एक ट्वीट कर कहा था, पार्टी की जनाक्रोश यात्रा को कोविड की सामान्य सावधानी एवं निर्देशों को देखते हुए जनहित में आगामी समय तक स्थगित किया गया है। हालांकि शाम को पूनियां ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, अब चूंकि जन आक्रोश सभाएं होनी हैं जो 41 विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हो गईं।

चूंकि केंद्र व राज्यों का परामर्श अभी जारी नहीं हुआ है, कुछ असमंजस था। असमंजस यात्राओं को स्थगित करने को लेकर था। लेकिन हमारी जो जनसभाएं हैं... मैं निवेदन करना चाह रहा हूं कि वो यथावत रहेंगी। उन्होंने कहा, कुछ संशय था, जो हमारे जिला अध्यक्ष व पार्टी के पदाधिकारी दूर कर लें... हमारी जनाक्रोश सभाएं यथावत रहेंगी। ए जरूरी है कि कोरोना की सावधानी हमें रखनी है, कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करना है। और इस लिहाज से हमें इन सभाओं को आगे तक इसी तरह जारी रखना है जब तक केंद्र व राज्य की कोई एडवाइजरी जारी नहीं होती। पूनियां के अनुसार, कांग्रेस पार्टी की राज्य सरकार के कुशासन, जंगलराज और भ्रष्टाचार के विरूद्ध एक दिसंबर से 14 दिसंबर तक भारतीय जनता पार्टी की जन आक्रोश यात्राएं संपन्न हुई हैं।

इस यात्रा के दौरान हमने दो करोड़ लोगों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क किया है। एक लाख किमी. से भी ज्यादा हम लोग चले हैं और 92 लाख पर्चे बांटे हैं व 14 लाख लोगों की शिकायतों को हमने संकलित किया है। उन्होंने कहा, इस लिहाज से इन यात्राओं को राज्य सरकार के खिलाफ बड़ी मजबूती से स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने राजस्थान सरकार के चार साल पूरे होने पर जन आक्रोश यात्रा की शुरूआत की थी। इसकी औपचारिक शुरुआत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक दिसंबर को जयपुर में की।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,826 | ↓ | 241 | |
| निफ्टी | 18,127 | ↓ | 71 | |
| सोना | 55,241 | ↑ | 59 | /10g |
| चांदी | 69,413 | ↓ | 194 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ए. राजा की 55 करोड़ रुपए की बेनामी भूमि की कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद ए. राजा की 55 करोड़ रुपए मूल्य की बेनामी संपत्ति (तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में 45 एकड़ जमीन) धन शोधन कानून के तहत कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 2004-07 के बीच केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान नेता द्वारा गुरुग्राम स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी को पर्यावरण मंजूरी देने की एवज मे कथित तौर पर राजा से जुड़ी एक कंपनी द्वारा जमीन खरीदी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि भूमि राजा की एक बेनामी कंपनी के नाम पर है। बेनामी का अर्थ है बिना नाम या ऐसी संपत्तियां हैं जिनमें वास्तविक लाभार्थी वह नहीं है जिसके पैसे से संपत्ति खरीदी गई है।

# संरा सुरक्षा परिषद में म्यांमा से संबंधित प्रस्ताव पर मतदान से भारत, चीन और रूस दूर रहे

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत,** चीन और रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहे, जिसमें म्यांमा में तत्काल हिंसा खत्म करने और देश की प्रमुख नेता आंग सान सू ची समेत अन्य राजनीतिक कैदियों को रिहा करने का अनुरोध किया गया है।

भारत की अध्यक्षता में 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद में हुए मतदान के दौरान 12 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जबकि भारत, चीन और रूस वोटिंग से दूर रहे। यह बीते 74 साल में सुरक्षा परिषद में म्यांमा के संबंध में पारित पहला प्रस्ताव है। इससे पहले, वर्ष 1948 में बर्मा के नाम से जाने जाने वाले म्यांमा से जुड़ा एक प्रस्ताव पारित किया गया था। उस प्रस्ताव में बर्मा को संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता प्रदान करने के संबंध में अनुशंसा की गई थी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत का मानना है कि म्यांमा की जटिल स्थिति के संबंध में शांत और धैर्यपूर्ण कूटनीति का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि स्थाई शांति, स्थिरता, प्रगति और लोकतांत्रिक शासन के मार्ग में बाधा डालने वाले लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को किसी भी अन्य तरीके से हल करने में मदद नहीं मिलेगी। कंबोज ने कहा, मौजूदा परिस्थितियों में, हमारा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव संबंधित पक्षों को एक समावेशी राजनीतिक संवाद को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाय उन्हें जटिल स्थिति में डाल सकता है।

# प्रगति मैदान की सुरंग में छठे अंडर पास के निर्माण का रास्ता साफ

- उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद रेलवे ने दी मंजूरी
- उत्तर और मध्य दिल्ली से भैरों मार्ग के रास्ते सराय काले खां, अक्षरधाम, नोएडा और मेरठ की ओर आना जाना आसान हो जाएगा
- प्रगति पावर स्टेशन के सामने रेलवे लाइन के नीचे से होकर गुजर रहा अंडर पास

**संजय राय।** नई दिल्ली



भैरो सिंह रोड पर प्रगति पावर स्टेशन के सामने रेलवे लाइन के नीचे अधूरा पड़ा निर्माण कार्य

**प्रगति** मैदान की सुरंग में छठा अंडर पास के बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके निर्माण में आ रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना में गत 20 दिसंबर को रेलवे बोर्ड के अभियंताओं, उत्तर प्रदेश रेलवे के महाप्रबंधक, डीआरएम और लोक निर्माण विभाग के शीर्ष अधिकारियों संग बैठक की। इस बैठक में रेलवे ने छह और चार घंटे के दो ब्लॉक ट्रैक के नीचे की मिट्टी धकेलने की अनुमति दे दी है। इसके बाद एलजी ने लोक निर्माण विभाग को सुरंग खोदने का काम पूरा करने के लिए 28 फरवरी, 2023 की समय सीमा तय की है।

इस सुरंग का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 19 जून को टनल और 5 अंडर पास का उद्घाटन किया था। इस योजना का छठा अंडरपास रिंग रोड पर भैरो सिंह रोड स्थित प्रगति पावर स्टेशन के सामने रेलवे लाइन के नीचे से होकर गुजर रहा है। रेलवे से अनुमति नहीं मिलने से इसका निर्माण कार्य रूका था। जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत कर रहा है। इसको देखते केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के मकसद से इस सुरंग का निर्माण शुरू कराया है। ताकि इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए विदेशों से आए मेहमानों को नई दिल्ली से प्रगति मैदान आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं हो। इस सुरंग का एक अंडर पास इंडिया गेट से सीधे प्रगति मैदान को जोड़ता है।

अगले साल मार्च में इसका निर्माण कार्य पूरा होने पर उत्तर और मध्य दिल्ली क्षेत्रों से भैरों मार्ग (प्रगति मैदान) के रास्ते यातायात सराय काले खां, अक्षरधाम, नोएडा और मेरठ की ओर आना-जाना आसान हो जाएगा। प्रगति पावर स्टेशन के सामने रिंग रोड को यूपी5 नाम से भी जाना जाता है। रिंग रोड और भैरों मार्ग के टी-प्वांट पर 110 मीटर लंबी रिंग रोड और रेलवे ट्रैक के नीचे टनल का काम पूरा होने पर प्रगति मैदान में महत्वाकांक्षी और महत्वपूर्ण एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना को पूरा करने में अड़चन थी। करीब 110 मीटर में से 73 मीटर के खंड

(शेष पेज 8)

# एक्सप्रेसवे से बांके बिहारी तक बनेगा ग्रीन फील्ड हाईवे

## 100 मीटर होगा चौड़ा, हेरिटेज कॉरिडोर में दिखेगी वृंदावन और मथुरा की सांस्कृतिक झलक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मथुरा-वृंदावन भारतीय संस्कृति का एक बहुत बड़ा केंद्र है। यहां पर एक हेरिटेज कॉरिडोर बनाने की योजना स्वीकृत की गई है। करीब 1200 हेक्टेयर में यह बनाया जा रहा है। वहीं, यमुना एक्सप्रेसवे से बांके बिहारी मंदिर को सीधे जोड़ने के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है, जो 100 मीटर चौड़ा होगा।

यीडा के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के किनारे अपने कल्चरल हेरिटेज मथुरा के ब्रिज क्षेत्र को दिखाने के लिए एक पूरा एरिया विकसित किया जा रहा है।

वृंदावन से जुड़ी हुई और मथुरा से जुड़ी हुई जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की जा रही है। सीईओ अरुण वीर सिंह ने बताया कि मथुरा में यमुना प्राधिकरण का एक अर्बन नोट स्वीकृत हुआ है, उस को राया अर्बन नोट कहते हैं। इसके अनुसार वहां पर एक हेरिटेज कॉरिडोर बनाने की योजना है। इसकी ग्लोबल ट्रेंडिंग होगी और पीपीपी मोड पर होगा।

एक्सप्रेसवे का खर्चा प्राधिकरण वहन करेगा और जो पीपीपी डेवलपर होगा, वह बाकी चीजें उसके द्वारा की जाएंगी। इसके लिए जमीन प्रदेश सरकार उपलब्ध कराएगी।

सीईओ ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे से बांके बिहारी मंदिर को सीधे जोड़ने के लिए छह किमी लंबा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बनेगा। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के किनारे म्यूजियम के साथ.साथ द्वापर काल के जो गांव थे, जैसे नंदगांव, बरसाने, गोकुल भी विकसित होंगे।

जो पूरी तरह से श्रीकृष्ण के जीवन की झलकियां दर्शाएंगे। वृंदावन को तालाबों का शहर भी कहा जाता है तो विभिन्न प्रकार के तालाब विकसित किया जाएगा। यह सब सड़क के किनारे होगा। लोग इसे पैदल भी जा कर देख सकेंगे और अपने वाहनों से भी।

इसका मकसद भारतीय संस्कृति को लोगों तक पहुंचाना होगा। डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि इसके अलावा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कॉन्सेप्ट है।

साथ ही साथ कथा वाचनालय केंद्र बनेंगे, जहां पर कोई भी जाकर भागवत कथा सुन सकेगा। यहां पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

मथुरा.वृंदावन में वाहनों की पार्किंग की भारी समस्या है, उसको दूर करने के लिए 1400 मीटर में पार्किंग का एक विशाल स्थान बनाया जा रहा है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे करीब 900 हेक्टेयर की जमीन पर बनेगा, जिसकी लागत लगभग साढ़े 7000 करोड़ की है।

# नोएडा जिला अस्पताल में कोविशील्ड का टीके खत्म, बैरंग लौटे लोग

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

पड़ोसी देश चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों के जिले में सतर्कता डोज के लिए लोग सरकारी टीकाकरण केंद्रों की दौड़ लगाने लगे हैं। लेकिन जिले में कोविशील्ड कोरोना वैक्सीन का स्टाक खत्म होने के कारण जिला अस्पताल समेत कई जगह वैक्सीनेशन बंद करना पड़ा है।

कोविशील्ड की सतर्कता डोज लगवाने के लिए पहुंचे लोगों को बैरंग लौटकर निजी केंद्रों में 300 रुपये खर्च कर वैक्सीन लगवानी पड़ी। शासन स्तर से कोरोना की सतर्कता डोज के लिए 30 सितंबर की मियाद तय की गई थी, लेकिन इस दौरान संक्रमण होने पर कम ही लोग सामने आ रहे थे।

इस कारण विभाग की ओर से डोर-टू-डोर के साथ ही कई स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना टीकाकरण बंद कर दिया गया था। विभाग के पास जो पुराना स्टाक था उसी से छूटे लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही थी।

लक्ष्य के सापेक्ष 25 प्रतिशत को सतर्कता डोज लगाई जा सकी है। लेकिन चीन में कोरोना बढ़ते मामलों में लोगों को चिंता में डाल दिया है। मगर कोविशील्ड वैक्सीन की किल्लत लोगों निराशा हाथ में लगी है। उप जिला टीकाकरण अधिकारी डा उबैद कहा कि ग्रेटर नोएडा स्थित जिम्स, सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआइ और दादरी स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर कोवैक्सीन लगाई जा रही है।

विभाग के पास 300 वायल है। कोवैक्सीन 31 जनवरी 2023 अवधि पार की तारीख है। विभाग कोरोना संदिग्धों की जांच का दायरा बढ़ाएगा।

अभी निजी अस्पताल लैब और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन 400-500 संदिग्धों की जांच हो रही है। कोरोना संक्रमितों की कान्टैक्ट ट्रैसिंग के बाद जांच कराई जाएगी। पाजीटिव व्यक्ति की निगरानी के लिए कोविड इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर को एक्टिव किया जाएगा। विदेश से लौटने वाले की निगरानी होगी। पॉजीटिव नमूनों की जीनोम सिक्वेंसिंग होगी। सीएमओ डा सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि संदिग्धों की जांच हो रही है।

विभाग के पास पर्याप्त डाक्टर, स्वास्थ्यकर्मी, मास्क, आक्सीजन और कोविड अस्पताल, मेडिकल कालेज में पर्याप्त संख्या में बिस्तर और ऑक्सीजन बेड उपलब्ध हैं।



## एमएमजी अस्पताल से लिया गया दवा का नमूना जांच में हुआ फेल

*गाजियाबाद। जिला एमएमजी अस्पताल से लिया गया एक और दवा का नमूना जांच में फेल आया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को दवा के वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह नमूना केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन, भारत सरकार की टीम द्वारा दो माह पूर्व लेकर जांच को चंड़ीगढ़ स्थित क्षेत्रीय ड्रग टेस्ट लैब को भेजा गया था। औषधि निरीक्षक स्मृति शर्मा द्वारा जिला एमएमजी अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट एसपी वर्मा को भेजी गई जांच रिपोर्ट में अवगत कराया गया है कि क्लोपीडिग्रिल बाईसल्फेट टेबलेट का सैंपल 13 सितंबर 2022 को लेकर जांच को भेजा गया था। जांच रिपोर्ट 29 नवंबर को मिली है। पत्र में निर्देश दिये गए हैं कि अधोमानक पाई गई दवा के उपयोग पर तुरंत रोक लगा दिया जाये। सीएमएस डा मनोज कुमार चतुर्वेदी ने इस संबंध में सीएमओ को पत्र भेजकर बताया है कि उक्त दवा के वितरण पर रोक लगा दी गई है। सीएमओ डा भवतोष शंखधर ने अन्य जिला अस्पताल, सीएचसी लोनी, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर के साथ ही 65 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध उक्त दवा के वितरण पर रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिये गए हैं। यह दवा हृदयरोगियों को रक्त को पतला करने के लिए दी जाती है। इससे पहले संयुक्त अस्सपताल, सीएचसी मुरादनगर और एक अन्य स्टोर से लिये गए तीन दवाओं के नमूने जांच में फेल मिल चुके हैं। इस दवा की 3000 टेबलेट रेवियन लाइफ साइंस कंपनी हरिद्वार द्वारा बनाकर स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई थीं।*

# छात्रवृत्ति घोटाला: 22 शिक्षण संस्थानों के खिलाफ फिर जांच

- मुख्यमंत्री योगी के आदेश पर आर्थिक अपराध शाखा खंगाल रहा है फाइले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

योगी आदित्यनाथ सरकार ने गौतमबुद्ध नगर में 2012-13 में हुए छात्रवृत्ति घोटाले की जांच फिर से कराने के निर्देश दिए हैं। जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू को सौंपा गया है। विभाग ने दोबारा जांच शुरू कर दी है।

समाज कल्याण विभाग व शिक्षण संस्थानों से जांच के लिए छात्रवृत्ति से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किए गए हैं। 2013 में छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितता की शिकायत मिलने पर तत्कालीन जिलाधिकारी एवी राजामौली ने मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर मामले की जांच कराई थी । जांच में करीब 10 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया था। प्रशासन ने जांच रिपोर्ट शासन को भेजते हुए सूरजपुर कोतवाली में तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी कृष्णा प्रसाद व विभाग के क्लर्क तारीक समेत जिले में संचालित 22 शिक्षण संस्थानों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

घोटाले का पर्दाफाश 2014 में हुआ था। जांच के दौरान सामने आया कि समाज कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने शिक्षण संस्थानों के साथ मिलीभगत कर घोटाले को अंजाम दिया ।22 शिक्षण संस्थानों में करीब 12 सौ ऐसे छात्र-छात्राओं का दाखिला दिखाकर उनके नाम पर सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति की बंदरबांट की। जिन छात्रों के प्रवेश दिखाए गए, भौतिक सत्यापन में कमेटी को वह छात्र संस्थान में मौजूद नहीं मिले थे। जांच में सामने आया कि छात्रवृत्ति के नाम पर शासन को करीब 10 करोड़ रुपये का चूना लगाया गया। पूरे खेल में समाज कल्याण विभाग के साथ शिक्षण संस्थानों के संचालकों की मिलीभगत सामने आई थी।

छात्रवृत्ति योजना में घोटाला का पर्दाफाश होने के बाद शासन तक हड़कंप मच गया था। मामला दर्ज हो जाने के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत कई शिक्षण संस्थानों के संचालक फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने आर्थिक अपराध शाखा को जांच सौंपी थी। शासन से भी एक जांच कमेटी गठित की गई थी। छात्रवृत्ति से जुड़ी फाइलों को समाज कल्याण विभाग के कार्यालय के एक कमरे में बंद कर उसे सील कर दिया था।

आरोपित क्लर्क तारीक को गिरफ्तार किया गया था। जो अब गाजियाबाद में तैनात है। वहीं आरोपित तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी को शासन ने निलंबित कर दिया था।

## गाजियाबाद में मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगी

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट एरिया में बुधवार रात और गुरुवार दोपहर को दो मुठभेड़ हुई हैं। इसमें दो बदमाशों को पैर में गोली लगी है, जो कई मुकदमों में वांटेड चल रहे थे। रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर स्वाट टीम और वेव सिटी थाने की पुलिस बयान-डासना मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुठभेड़ हुई है। पकड़ा गया बदमाश गोलू उर्फ मदारी है। उधर, बुधवार रात कनौजा-सदरपुर रोड पर मुठभेड़ हुई है। इसमें गैंगस्टर इरफान के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ करीब 12 मुकदमे दर्ज हैं। इसके दो साथी रात के अंधेरे में भाग निकले।

## चालू वित्तीय वर्ष में जीडीए ने बेची 207 करोड़ रुपये की संपत्ति

गाजियाबाद। चालू वित्तीय वर्ष में जीडीए ने तेजी के साथ अपनी गैर निस्तारित प्रॉपर्टी को सेल करने में कामयाबी हासिल की है। चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक जीडीए अपनी करीब 207 करोड़ रुपये की कमाई प्रॉपर्टी का निस्तारण कर चुका है। जबकि अभी भी साढ़े तीन महीने और बाकी है। जीडीए को लगता है कि वह और कई करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी को निस्तारित कर सकता है।

इन प्रॉपर्टी के निस्तारण के लिए कई बार कोशिश जारी है। चालू वित्तीय वर्ष में जीडीए ने अपनी प्रॉपर्टी बेच कर रिकॉर्ड इनकम की है। इस बार चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक जीडीए दो सौ सात करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी को अभी तक सेल कर चुका है। बाकी जो प्रॉपर्टी बची है उनको भी निस्तारण के लिए जीडीए कार्य करेगा। सिटी एरिया में जीडीए के पास अभी भी काफी ऐसी प्रॉपर्टी है जो बिक्री में लगाई जाएगी।

**LOST AND FOUND**

I, KANTA SEHGAL W/oSHRI RAJINDER KUMAR SEHGAL R/o137, GAGAN VIHAR EXTN. DELHI-110051 do hereby solemnly affirm and declare That I am the owner of the Property No.137, Measuring Area 100 Sq.Yds. Situated at Gagan Vihar Extn. Delhi-110051. some original title documents related to the above said property has been lost somewhere and not traceable by my best of efforts. Original GPA, ATS, RECEIPT and other transfer documents dated 15.06.1981 executed by Shri Subhash Chander in favour of Shri Charanjeet Singh, Original GPA, ATS,RECEIPT and other transfer documents dated 15.04.1985, executed by Shri Charanjeet Singh in fovour of Suman Sehgal. I have already lodged a Lost Report on this regard , Vide LR No.1061427, Dated 08.12.2022.

KANTA SEHGAL

# लुहारली टोल पर एनएचएआई को डेढ़ करोड़ रुपये की चपत



- टोल व ओवरलोडिंग न देने वाले 1000 वाहनों को भेजे गए कानूनी नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

नेशनल हाईवे-91 पर स्थित लुहारली टोल प्लाजा को व्यवसायिक वाहनों द्वारा लगभग 1.5 करोड़ रूपये की चपत लगाई गई है।

टोल प्लाजा पर ऐसे लगभग एक हजार वाहनों को अब चिन्हित करके कानूनी नोटिस भेजा जा रहा है। यदि 14 दिनों में वाहन स्वामियों द्वारा नोटस का जवाब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ कोर्ट में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

टोल प्लाजा से बिना टोल दिए गुजरने वाले व्यवसायिक वाहनों का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ब्यौरा इकट्ठा किया गया ओर उसके बाद यह कार्रवाई की गई है। दरअसल, एनएच-91 पर दादरी और सिकन्द्रबाद के बीच लुहारली टोल प्लाजा स्थित हैं। यहां से लगभग 25 हजार वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं।

पिछले मई के महीने से टोल वसूलने का काम गाजियाबाद अलीगढ़ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को मिला है। कंपनी के अनुसार यहां से बड़ी मात्रा में व्यवसायिक वाहन बिना फास्ट टेग एवं ओवरलोडिंग करके गुजरते रहे हैं। इनके द्वारा टोल टैक्स भी जमा नहीं कराया गया है। इतना ही नहीं इनमें से अधिकांश व्यवसायिक वहानों द्वारा ओवर लोडिंग करके भी राजस्व को हानि पहुंचाई है। पिछले मई महीने से इन वाहनों द्वारा एनएचएआई को लगभग सात महीनों में 1.5 करोड़ रुपये के राजस्व का भारी नुकसान हुआ है।

**LOST AND FOUND**

I, OM PRAKASH SINGH S/o SHRI RAJA PAL SINGH R/o FLAT No. C-5/709, MILAN VIHAR APARTMENTS, PLOT No.72, I.P. EXTENSION, PATPARGANJ, DELHI-110092. do hereby solemnly affirm and declare that some original title documents related to the above said property has been lost somewhere and not traceable by my best of efforts. Original GPA, RECEIPT and other transfer documents dated 21.07.2004 in the name of VIBHA CHOPRA in respect of the above said flat. I have already lodged a Lost Report in this regard, Vide LR No.1105093/2022, Dated 21.12.2022.

OM PRAKASH SINGH

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that S. Harjinder Singh & Mrs. Paramjeet Kaur are joint owners of Portion admeasuring 305 sq. yds. Part of Property No. 65, area admeasuring 500 sq. yds., Block-Z, Rajouri Garden, Village Tatarpur, Delhi, vide a two registered Sale Deeds dated 05.09.2003, registration No. 12927, and Sale Deed dated 05.09.2003, registration No. 12928, All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said portion to Mr. Punit Sahni & Mr. Deepak Sahni, who is taking a Loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the said portion, if anybody has any objection/s upon the ownership of S. Harjinder Singh & Mrs. Paramjeet Kaur in respect of the said portion its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, दूसरी मंज़िल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र- 400604

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोपीनाथ नायक और अराती नायक- LBAUR00002375917 & LBDEL00001727736 | हाउस नंबर 135, ब्लॉक डी, सेक्टर बीटा I, आवंटन संख्या बी01-9519, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201306/ 19 दिसंबर, 2022 | जुलाई 25, 2022 रु. 17,86,142.00/- | औरंगाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 23, 2022
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



नोएडा ट्रैपिक पुलिस द्वारा आईएसटीएमएस कमांड कंट्रोल सेंटर में स्कूल के छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान कैमरा संचालन एवं कैमरों द्वारा चालानी प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# आर्किटेक्ट फर्म की इमारत में लगी आग

- लाखों का माल जलकर खाक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-67 बी ब्लॉक के आर्किटेक्ट फर्म में आग लग गई। आग बिल्डिंग के चौथे फ्लोर पर लगी। हालांकि गनीमत रही कि चौथे फ्लोर पर कोई कमी नहीं था। वहीं, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर से लोगों को बाहर निकाला गया। आग करीब सुबह 10 बजे लगी। मौके पर पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

सुबह करीब 10 बजे चौथे फ्लोर से धुंआ उठते हुए दिखाई दिया। इस दौरान मौजूद गार्ड ने दमकल और पुलिस विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। चुकी आग चौथे फ्लोर पर लगी थी। इसलिए कंपनी के फासर सीढ़ियों से दमकल कर्मी ऊपर गए। पहले उन्होंने सीढ़ियों से पास से निकल रहे धुंआ और आग पर काबू पाया। इस दौरान सर्चिंग की गई कि कोई कंपनी है तो नहीं। इसे बाद आग पर काबू पाया गया। प्राथमिक जांच में आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। वहीं इमारत में लगे फायर उपकरण काम नहीं किए। इसको लेकर जांच की जा रही है। वहीं आसपास की इमारतों को भी खाली करवा लिया गया है। कंपनी की बिजली सप्लाई काट दी गई है। आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि फर्म का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। जिसका आकलन किया जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक प्रगति सूचकांक में गाजियाबाद अव्वल

**गाजियाबाद।** सामाजिक प्रगति सूचकांक में जिले ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले को यह रैंक बुनियादी, मानवीय जरूरत, बेहतर जीवन शैली व अवसर के अध्ययन पर आधारित रिपोर्ट पर मिला है। अर्थिक सलाहाकार परिषद पीएम ने प्रदेश के सभी जिलों का यह सूचकांक जारी किया है। जिले को बेसिक हयूमन नीडस में 69 .0 पाइंट, फंडामेंटल ऑफ विबलिंग में 47.6 पाइंट, अवसर कैटेगिरी में 62.3 पाइंट मिले हैं। अलग-अलग क्षेत्र में पाइंटों के आधार पर जिले की रैंकिंग निर्धारित की गई है।

### खाद्य रसद राज्यमंत्री ने ली बैठक

**गाजियाबाद।** प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद शर्मा ने पीडब्ल्यूए गेस्ट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान राज्यमंत्री ने अधिकारियों से जिले में राशन वितरण, आपूर्ति, पात्र लाभार्थियों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राशन वितरण में किसी प्रकार की धांधली न हो। बैठक से पूर्व उन्होंने जनप्रतिनिधियों व पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान डीएसओ डॉ सीमा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### रोड़ी मिक्सर का पाइप शिर पर गिरा, मौत

नोएडा। पुलिस आयुक्तलक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि थाना फेस वन क्षेत्र के डी.14 सेक्टर तीन स्थित फैक्ट्री में बिल्डिंग निर्माण का कार्य चल रहा था। रोड़ी मिक्सर का लोहे का पाइप अहमद नामक व्यक्ति के सिर पर गिर गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र में रहने वाले राम सिंह पुत्र रघुराज सिंह की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई।

### हरियाणा मार्का शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने 21 लाख रुपए की 4500 लीटर शराब पकड़ी गई। ये शराब हरियाणा से लाई जा रही थी जोकि गुरुग्राम से दिल्ली नोएडा और गाजियाबाद से प्रदेश के अन्य जिलों में पहुंचाई जानी थी। इस शराब के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्कर भी गिरफ्तार किए गए है।एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि थाना सेक्टर.20 नोएडा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 03 अन्तर्राज्यी शराब तस्करों को पकड़ा गया है। इनकी पहचान रवि चौहान, नकुल नागर और आशीष हुई है।

# ग्रेनो में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए 350 कंपनियों ने किया अनुबंध

- यूपीसीडा ने 6300 करोड़ का कराया निवेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर यूपीसीडा को 15000 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। यूपीसीडा की तरफ से लगातार निवेशकों को लाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं, जिसके चलते यूपीसीडा की तरफ से अब तक 6300 करोड़ के निवेश के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। स्टेट डेवलपमेंट अथॉरिटी यूपीसीडा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर लगातार निवेशकों से बातचीत कर रही है और अपने क्षेत्र में निवेश कराने के लिए निवेशकों को रिझा रही है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से यूपीसीडा सुरजपुर को 15 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य दिया गया है, जिस पर उसके द्वारा अमल भी किया जा रहा है। अब तक यूपीसीडा की तरफ से 6300 करोड़ के निवेश के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किया जा चुका है। इसके चलते विकास को चार चांद लगेंगे। अब तक 350 से ज्यादा कंपनियां यहां पर निवेश करने के लिए अनुबंध कर चुकी हैं, जिससे हजारों लोगों को रोजगार के अवसर में मिलेंगे।

यूपीसीडा सुरजपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर 15000 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है, जिसको लेकर यूपीसीडा क्षेत्रीय कार्यालय सुरजपुर ने अब तक 6300 करोड़ का निवेश कराने के लिए कंपनियों से अनुबंध कर लिया है। इस दौरान करीब 350 से ज्यादा कंपनियां यहां पर निवेश करने के लिए अनुबंध कर चुकी है। अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य 15 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश कराना है और ज्यादा से ज्यादा कंपनियों और निवेशकों को क्षेत्र में लाना है। इसको लेकर निवेशकों और उघमियों से लगातार संवाद चल रहा है और काफी निवेशक यहां पर रुचि भी दिखा रहे हैं। रोज निवेश के प्रस्ताव भी हमारे पास आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मनसा के अनुसार यूपीसीडा लगातार काम कर रहा है और दिए गए लक्ष्य से ज्यादा हमारे द्वारा यहां पर निवेश कराया जाएगा।

इसी को लेकर हमारे द्वारा लगातार संवाद चल रहा है और उसी पर कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि निवेश को आमंत्रित करने के लिए अगले वर्ष 10 से 12 फरवरी तक प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें 1 ट्रिलियन डॉलर निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कोरोना लौटा तो निपटने के लिए तैयार: केजरीवाल


प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया।

## अब तक के संक्रमण के करीब 92 फीसदी मामलों में कोविड के सब-वेरिएंट एक्स-बीबी की पुष्टि हुई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चीन सहित अन्य देशों में बढ़ने कोरोना के संक्रमण के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों को भरोसा दिलाया कि अभी तक कोरोना का बीएफ-7 वैरियंट नहीं मिला है। ऐसे में लोगों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

दिल्ली सरकार हर स्थिति से निपटने को लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को पॉजिटिव केस जिनोम सीक्रेंसिंग के लिए भेजने, प्रिकॉशन डोज बढ़ाने, जरूरी चीजों की खरीद के लिए स्वीकृत लेने, अस्पतालों में मशीनों का निरीक्षण व मैन पावर बढ़ाने के निर्देश भी दिए। अगर जरूरत पड़ेगी तो रोजाना एक लाख तक टेस्ट कर सकते हैं। कोरोना की पिछली पीक में 25 हजार बेड्स तैयार किए थे। इस बार तैयारी 36 हजार बेड्स की है।

वर्तमान में सरकार के पास 928 मीट्रिक टन ऑक्सीजन स्टोर करने की क्षमता के साथ छह हजार ऑक्सीजन सिलेंडर और 15 ऑक्सीजन टैंकर्स हैं। पहली व दूसरी डोज लगभग 100 फीसद लोगों को लग चुकी है, लेकिन प्रिकॉशन डोज केवल 24 फीसद लोगों ने लगवाई है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि जिन लोगों ने प्रिकॉशन डोज नहीं लगवाई है वे जरूर लगवा लें।

चीन समेत कई देशों में कोविड के मामलों में आई तेजी के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल ने बृस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आपात बैठक की।

### सीवेज के नमूनों से नए वेरियंट का पता चला

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम दिल्ली के सात अलग-अलग जगहों से सीवेज उठाते हैं।

सीवेज से एडवांस में पता चल जाता है कि शहर में कोरोना का बीएफ-7 वायरस है या नहीं है। सात अलग अलग जगह से रोजाना सीवेज उठाकर टेस्ट किया जाता है। उसमें भी अभी तक बीएफ-7 वैरिएंट अभी तक नहीं मिला है। अभी जो भी थोड़े बहुत कोरोना के केस आ रहे हैं वो एक्स बीबी वैरिएंट



के हैं। या तो वो एक्स बीबी वैरिएंट के है या उसके सबलिनिएज है। 92 फीसद केस एक्स बीबी वेरिएंट के है। इसमें

इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को केंद्र सरकार से मिले दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उपलब्ध ऑक्सीजन, बेड समेत अन्य उपकरणों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कोविड पर करीब से नजर रखने के निर्देश दिया और किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक के बाद अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन समेत कई देशों में कोरोना के केस बहुत ज्यादा बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर भारत में भी चिंता जाहिर की जा रही है। चीन में कोरोना का बीएफ-7 वैरिएंट हैं। कोरोना के केस की टेस्टिंग तो कर ही रहे है।

### 13 जगहों पर फिर से बनाए जा सकते हैं आठ हजार बेड

केजरीवाल ने कहा कि कोरोना के मामले बढ़ने की संभावना को देखते हुए मरीजों के लिए बेड की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 13 जगहों पर आठ हजार से अधिक बेड बनाए जा सकते हैं और उस पर काम करने के निर्देश दिए। साथ ही 1100 से अधिक केस का होम आइसोलेशन में इलाज कर सकते हैं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से कोविड की ग्लोबल स्थिति की जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ के हवाले से बताया कि चीन समेत कई देशों में कोविड तेजी से पैर पसार रहा है।


कोरोना की आहट के बाद दिल्ली मेट्रो में कुछ लोगों ने मास्क लगाना शुरू कर दिया है।

# लोगों से मास्क पहनने की एलएनजेपी चिकित्सा निदेशक ने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- कोविड रोधी टीके की एहतियाती खुराक लेने के साथ सावधानी बरतने को कहा

राष्ट्रीय राजधानी के लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने बृहस्पतिवार को लोगों से अपील की कि वे कोविड-रोधी टीके की एहतियाती खुराक लें और आगामी त्योहारी मौसम में सावधानी बरतें तथा मास्क पहनें।

अमेरिका, जापान, कोरिया, ब्राजील और चीन में संक्रमण के मामले एक बार फिर बढ़ने के मद्देनजर केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक परिपत्र भेजा है, जिसमें वायरस के नए स्वरूप को समझने के लिए हाल ही में संक्रमित पाए गए लोगों के नमूनों के जीनोम अनुक्रमण कराने को कहा गया है।

मध्य दिल्ली में स्थित ब्रिटिश काल के एलएनजेपी अस्पताल में 2,000 बिस्तर हैं और मार्च 2020 की शुरुआत में कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आने के तुरंत बाद इसे कोविड समर्पित अस्पताल के रूप में तब्दील किया गया था।

कुमार ने कहा कि मौजूदा समय में अस्पताल में 450 बिस्तर कोविड मरीजों के लिए हैं, जिनमें 50 आईसीयू बिस्तर हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जीनोम अनुक्रमण प्रयोगशाला है। कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है और हम पूरी तरह से तैयार हैं। कुमार ने संक्रमण के जोखिम से बचाव के लिए लोगों को मास्क पहनने और कोविड-रोधी टीके की एहतियाती खुराक लेने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि टीके की बूस्टर (एहतियाती) खुराक लें। केवल 27 प्रतिशत पात्र आबादी ने बूस्टर खुराक ली है जो अच्छा संकेत नहीं है।

इसी साल अक्टूबर में दिल्ली सरकार ने एक आदेश जारी कर राजधानी में सार्वजनिक जगहों पर मास्क नहीं पहनने पर लगने वाले 500 रुपए के जुर्माने को वापस ले लिया था। हालांकि, आदेश में भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है।

# भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने के लिए युवा उत्साहित: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया है कि दिल्ली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ऐतिसाहिक होगी। यह यात्रा अब जन सैलाब बन चुकी है।

देश का युवा वर्ग राहुल के साथ यात्रा से जुड़ रहा है और यात्रा में जो संदेश राहुल देशवासियों को दे रहे है, युवा वर्ग राहुल के नेतृत्व में अपना भविष्य सुरक्षित देख रहे हैं। दिल्ली में भी बड़ी संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों संग भारत जोड़ों यात्रा के मार्ग का निरिक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। अनिल कुमार ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा शनिवार की सुबह 6 बजे हरियाणा से दिल्ली के बदरपुर बार्डर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान भारत जोड़ो यात्रा को दिल्ली में प्रवेश करने के लिए राहुल गांधी की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज उनको सौपेंगे। भारत जोड़ों यात्रा बदरपुर बार्डर से शुरु होकर लाल किला तक जाऐगी।

यात्रा 2 घंटे के विश्राम के लिए आश्रम चौक पर रुकेगी। जहां से यात्रा एक बार फिर शुरु होकर लाल किला के लिए रवाना होगी। यह यात्रा देश में राजनीति से उपर उठकर नये आयाम कायम करके देशवासियों के साथ जुड़ने की एक नई शुरुआत राहुल गांधी द्वारा की जा रही है। इसका असर पूरे देश में जहां एकता, अखंडता और देशवासियों को जोड़ने का पड़ रहा है।

# अभिनेत्री जैकलीन ने विदेश जाने की अनुमति याचिका वापस ली

- जज ने कहा, पहले आरोप तय होने चाहिए



**नई दिल्ली।** धनशोधन मामले में आरोपी बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने विदेश जाने की अनुमति के लिए दिल्ली की एक अदालत में दायर याचिका बृहस्पतिवार को वापस ले ली। न्यायाधीश ने कहा पहले आरोप तय होने चाहिए, जिसके बाद अभिनेत्री ने अदालत को अपने निर्णय के बारे में बताया। न्यायाधीश ने कहा कि आप याचिका वापस ले सकती हैं और पहले आरोप तय होने चाहिए। वरना मैं एक न्यायिक आदेश पारित करूंगा। इसके बाद अभिनेत्री ने अपने वकीलों के साथ विचार-विमर्श किया और अदालत को बताया कि वह फिलहाल अपनी याचिका वापस ले रही हैं। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि अगर वह विदेश जाती हैं, तो हो सकता है कि वापस न लौटें। ईडी ने कहा कि वह विदेशी नागरिक हैं। भले ही यहां उनका करियर है, लेकिन वह कहीं और (भी) अपना करियर बना सकती हैं।

# आश्रम फ्लाईओवर 25 दिसंबर से होगा बंद



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- इस फ्लाईओवर को बढ़ाकार डीएनडी फ्लाईवे से जोड़ा जाएगा
- दक्षिणी दिल्ली से नोएडा और गाजियाबाद आना-जाना होगा आसान

दक्षिणी दिल्ली को नोएडा और गाजियाबाद को जोड़ने वाला आश्रम फ्लाईओवर 25 दिसंबर से दोनों तरफ आवागमन के लिए 45 दिनों तक बंद रहेगा। इस फ्लाइओवर को बढ़ाकर डीएनडी फ्लाइओवर से जोड़ा जाएगा। फ्लाई ओवर के बंद होने पर लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

इसके चलते यातायात जाम की भी संभावना है। इससे बचने के लिए यातायाता पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि आउटर रिंग रोड, डीएनडी, आश्रम से निकलने वाले दोनों रास्ते और मथुरा रोड पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। इससे बचने के लिए इससे बचने के लिए वाहन चालक बारापुला या कालिंदी कुंज के रास्ते नोएडा व गाजियाबाद आ जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार आश्रम फ्लाईओवर को बढ़ाकर डीएनडी फ्लाई ओवर से जोड़ दिया जाएगा, जिससे फ्लाई ओवर से उतरते ही जो जाम लगता है। उसे खत्म किया जा सके। इसी के चलते करीब 1.42 किमी फ्लाईओवर आगे बनाया जा रहा है। सुबह-शाम व्यस्त समय में आश्रम चौक से रोजाना लगभग 3 लाख गाड़ियां गुजरती हैं।

यहां चलने वाले निर्माण कार्य के चलते बारापूला फ्लाइओवर, कालिंदी कुंज, मथुरा रोड आदि पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ेगा और यहां जाम लगने की संभावना है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार इस कार्य के लिए आश्रम फ्लाई ओवर के दोनों कैरिज-वे बंद किये जायेंगे। लेकिन दोनों कैरिज-वे के किनारे वाले रास्ते वाहनों के लिए खुले रहेंगे।

### दिल्ली पुलिस की लोगों को सलाह

सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें। एयरपोर्ट, स्टेशन और बस अड्डे जानेवालेसमय सेघर सेनिकलें। सड़क किनारे कोई भी व्यक्ति गाड़ियों को खड़ा ना करें। वहीं पीडब्लूओ को सलाह है कि तैमूर नगर टी-पॉइंट पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाए। तैमूर नगर डीटीसी बस स्टॉप को कुछ दूर शिफ्ट किया जाए। सीवी रमन मार्ग से आनेवालेऔर सराय कालेखां की तरफ जानेवालेलोगों के लिए एक कैरिज-वेबनाया जाए।

## पानी की रिसाइक्लिंग लिए प्रौद्योगिकी स्थापित की जाए

**नई दिल्ली।** पर्यावरण पर परियोजनाओं के प्रभाव का आकलन करने वाली दो सरकारी समितियों ने दिल्ली में विकास कार्यों के लिए अवैध भूजल निकासी को रोकने के प्रयास के तहत सिफारिश की है कि उपयोगकर्ता एजेंसियां अपने परिसर में पानी के पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के लिए प्रौद्योगिकी स्थापित करें।

दिल्ली राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने बताया कि जल आपूर्ति के लिए डीजेबी जैसे विभागों पर उपयोगकर्ता एजेंसियों की निर्भरता कम होगी। अक्टूबर और नवंबर में एसईएस और राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण की कई बैठकों में इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी।

# ट्रांसपोर्टर को लाभ पहुंचाने के लिए नियम ताक पर: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- केजरीवाल सरकार के एक और घोटाले का हुआ पर्दाफाश : बिधूड़ी


पत्रकारों का संबोधित करते भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर और रामवीर बिधूड़ी।

प्रदेश भाजपा ने राशन के मुद्दे पर दिल्ली सरकार को घेरा है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार पर राशन सप्लाई में घोटाले का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दिल्ली के 72 लाख 78 हजार कार्ड धारकों को दो महीने से राशन नहीं मिल पा रहा है।

केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना के तहत गरीबों के लिए राशन जारी कर दिया, लेकिन दिल्ली सरकार के इस घोटाले के कारण वह राशन अब तक दुकानदारों तक नहीं पहुंच सका। दिल्ली के उन लाखों प्रवासी मजदूरों को भी दो लाख क्विंटल गेहू-चावल नहीं मिल सका जो वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत दूसरे राज्यों में पंजीकृत हैं और दिल्ली में राशन लेते हैं।

रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बृहस्पतिवार को संवादाता सम्मेलन में कहा की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने साबित कर दिया है कि केजरीवाल सरकार जानबूझकर गरीबों को राशन से वंचित कर रही है।

केजरीवाल सरकार को जवाब देना चाहिए कि पिछले तीन माह से गरीबों को राशन क्यों नहीं मिला रहा है। 16 ट्रांसपोर्टर्स को टेंडर्स दिए जाने थे जिनमें से 15 ट्रांसपोर्टर्स को कार्य अवॉर्ड कर दिया गया लेकिन एक ट्रांसपोर्टर बंसल ट्रांसपोर्ट कंपनी को टेंडर अवॉर्ड नहीं किया गया क्योंकि उसके पास टेंडर की शर्तों के अनुसार सीएनजी ट्रक नहीं थे। टेंडर न मिलने पर बंसल ट्रांसपोर्ट कंपनी हाई कोर्ट में चली गई। कोर्ट में इसके केस की पैरवी विधायक सोमनाथ भारती ने की। कोर्ट ने 10 जनवरी 2020 को अपने फैसले में भी इसे सीएनजी ट्रक न होने के कारण इस मामले में कोई राहत देने से साफ मना कर दिया।

# बाल पोर्नोग्राफी के खिलाफ अभियान में 100 से अधिक एफआईआर दर्ज हुई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- दिल्ली पुलिस ने 36 को किया गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने बाल पोर्नोग्राफ के विरूद्ध अभियान के तहत 100 से अधिक प्राथमिकियां दर्ज की हैं और 36 लोगों को पकड़ा है।

पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के माध्यम से आईएफएसओ को बाल अश्लील सामग्री से जुड़े उल्लंघनों की सूचनाएं मिलीं। एनसीआरबी ने राष्ट्रीय लापता एवं शोषित बाल केंद्र के साथ करार कर रखा है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि इन सीटीआर के आधार पर दिल्ली के विभिन्न थानों में 105 मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान अबतक 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है या पकड़ा गया है। एनसीआरबी और एनसीएमईसी के बीच एक करार हुआ था। एनसीएमईसी अमेरिका स्थित एक गैर लाभकारी निजी संगठन है जिसकी स्थापना यूनाईटेड नेशंस कांग्रेस द्वारा 1984 में की गई थी।

# घने कोहरे से सड़क, रेल यातायात प्रभावित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- करीब दो दर्जन ट्रेनें विलंबित, हवाई यातायात पर कोई प्रभाव नहीं

दिल्ली सहित गंगा के मैदानी इलाकों में बृहस्पतिवार सुबह घना कोहरा छाए रहने से सड़क एवं रेल यातायात प्रभावित हुआ। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि 20 ट्रेन डेढ़ से साढ़े चार घंटे तक विलंबित रहीं।

हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि हवाई यातायात पर कोहरे का कोई असर नहीं पड़ा। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पालम और सफदरजंग हवाई अड्डे पर सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता 200 मीटर दर्ज की गई। मंगलवार को इन दोनों स्थानों पर दृश्यता का स्तर 50 मीटर तक चला गया था। दिल्ली में सफदरजंग वेधशाला ने न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम यानी 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है। अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान गिरकर क्रमश: पांच डिग्री सेल्सियस और 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।हर साल दिसंबर-जनवरी के महीने में गंगा के मैदानी और उत्तर-भारतीय क्षेत्र में कोहरा छाना आम समस्या है और करीब 60 प्रतिशत दिन कोहरा छाया रहता है।

# शिक्षा, कला, साहित्य, संगीत और नाटक से जुड़ी हस्तियां सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते लोकनायक जयप्रकाश विकास केंद्र के पदाधिकारी।

- लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और लोकनायक जयप्रकाश अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विकास केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम संपन्न

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और संस्कृति प्रतिष्ठान एवं लोकनायक जयप्रकाश अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विकास केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में लोकनायक राष्ट्रीय स्मृति सम्मान और जेपी अंतरराष्ट्रीय सम्मान का आयोजन किया गया। साहित्य, कला, शिक्षा, सिनेमा और संस्कृति जगत की हस्तियों से भरी यह सभा थी।

मूर्तिकार राम सुतार, चित्रकार अर्पणा कौर, पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी, पूर्व सांसद के सिंह, पर्यावरणविद् चंडी प्रसाद भट्ट, अरुण उपाध्याय, जय प्रकाश सिंह, राहुल रस्तोगी, अरविंदर सिंह कांग और गायक महेंद्र कपूर के बेटे रोहन कपूर की उपस्थित रहे। लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद ओझा ने बताया कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अपने अमूल्य ज्ञान एवं अनुभवों से अभिसिंचित कर रहे विशिष्ट महानुभावों को सम्मानित किया जाना हमारी युवा पीढी के लिए एक प्रेरणा हैं। प्रोफेसर प्रो. दया शंकर तिवारी ने बताया सम्मान समारोह से न केवल हम विशिष्टजन का सम्मान कर रहे हैं बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी एक समृद्ध परम्परा एवं संस्कार से परिपुष्ट कर रहे हैं। स्मृति सम्मान के लिए गठित सम्मानित चयन समिति के सदस्य पूर्व कुलपति दिनेश सिंह, प्रसिद्ध कलाकार प्रभाकर कोल्टे, एन.आई. प्रदीप मोहंती और लेखक डॉ. ज्योतिष जोशी को हार्दिक बधाई दी। जेपी अवार्ड समारोह में सांसद जनार्दन, पद्म शोवना, समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर, पूर्व सांसद आर. के. सिंह, पर्यावरणविद् चंडी प्रसाद मौजूद रहे। नृत्यांगना डॉ सोनल मानसिंह ने सभी बधाई दी। इन विशिष्ट व्यक्तियों की सूची में पद्म कपिल तिवारी, चित्रकार अपर्णा कौर, प्रोफेसर सच्चिदानन्द मिश्र, लेखक अरुण उपाध्याय, अंजनी सिंह, उस्ताद अलाउद्दीन खां, राहुल रस्तोगी, नर्मदा प्रसाद उपाध्याय और आलोक पराड़कर, नृत्यांगना प्रिया वेंकट रमण, सुबोध केरकर, जय प्रकाश सिंह, चित्रकार रामशब्द, डॉ. अरविन्द सिंह कांग, नलिनी निहार नायक, समीर कुमार के नाम शामिल रहें। राष्ट्रीय रचनात्मक कौशल सम्मान का प्रारंभ किया गया है जो प्रसिद्ध डॉ. महेंद्र नारायण की स्मृति में लेखक अजय मिश्र चित्रकार शोभित जैन और मूर्तिकार गूल पहराज को दिए गए ।

इस अवसर पर मैग्सेसे एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से सम्मानित चंडी प्रसाद भट्ट, पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी.जी. कोल्से, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संदीप पाण्डेय, प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पूर्व निदेशक, इसरो डॉ. अभय कुमार, भूगर्भ विज्ञानी डॉ. जितेंद्र नागर, अध्यक्ष, यूपी नियंत्रण बोर्ड मोहम्मद कमर आलम, पूर्व हाकी खिलाड़ी महेन्द्र पाल सिंह, पद्मविभूषण सरोजा वैद्यनाथन, पद्मविभूषणराम सुतार, मोहन लाल सुखाड़िया, धर्मवीर वशिष्ठ, अंशु गुप्ता, ऊषा किरण खान, अच्युत सामंत, सुधांशु रंजन, अरविन्द मोहन, विशाल सिंह, आरके सिन्हा और गायक एवं अभिनेता रोहन कपूर को उनके स्वर्गीय प्रसिद्ध गायक पिता महेंद्र कपूर (मरणोपरांत) के साथ संयुक्त रुपसे 'लोकनायक जयप्रकाश अवार्ड' से सम्मानित किया गया। लोकनायक जयप्रकाश अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विकास केन्द्र के महासचिव अभय सिन्हा ने इस मौके पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# क्रिसमस और नववर्ष पर रेस्तरां मेहमानों के स्वागत को तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- कोरोना महामारी के चलते दो साल तक प्रभावित रहा व्यापार

कोरोना वायरस महामारी के कारण दो साल तक प्रभावित रहे व्यवसाय और इससे जुड़ी कड़वी यादों को पीछे छोड़ दिल्ली में रेस्तरां और कैफे के मालिक क्रिसमस और नए साल के लिए मेहमानों का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। कोविड के नए वैरिएंट और चीन में बढ़े मामले को लेकर सुरक्षा का भी ख्याल रख रही है।

महामारी के दौरान आतिथ्य उद्योग सबसे बुरी तरह से प्रभावित क्षेत्रों में से एक था क्योंकि पिछले तीन वर्षों में महामारी की कई लहरों ने इसकी कमर तोड़ दी थी। रेस्तरां और कैफे के मालिकों को महामारी के कारण मैन्यू में कटौती, खाली सीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब कई रेस्तरां और कैफे मालिकों को लगता है कि सबसे बुरा समय गुजर चुका है और उनका व्यवसाय क्रिसमस और नववर्ष के मौके पर एक बार फिर से रफ्तार पकड़ेगा।

कुछ मालिकों ने कहा कि हालांकि कुछ देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले सामने आने के बाद थोड़ा डर लग रहा है और जहां तक क्रिसमस और नए साल के मौके पर बुकिंग का सवाल है, उनकी संख्या वैसी ही हो गई है जैसे कोविड से पहले हुआ करती थी। केंद्र ने चीन और अमेरिका में कोविड में वृद्धि के बीच उभरते स्वरूप पर नजर रखने के लि नमूनों का जीनोम अनुक्रमण सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## सेवा ही पंजाबी बिरादरी महा संगठन का ध्येय : बोधराज सीकरी



**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अगुवाई में पदाधिकारियों के एक समूह ने कार्टरपुरी पालम विहार गोशाला में पहुंचकर अमावस्या के उपलक्ष्य में चारा, भूसा, गुड़, चुरी, बाजरा इत्यादि भेंटकर किया। साथ ही पूरी गोशाला का भ्रमण भी किया। अपने हाथों से सभी ने सेवा भाव से गो सेवा की।

इस दौरान वहां भ्रमण करने पहुंचे ब्लू बेल्स स्कूल के बच्चों को बोधराज सीकरी ने गोमाता का महत्व बताया। श्री सीकरी ने कहा कि गो सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। गाय माता में देवी-देवताओं का निवास होता है। आदिकाल से साधु-संत ऋषि-मुनियों ने गो सेवा के लिए मनुष्य को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम कृष्ण के जीवन प्रसंग में गो सेवा का बड़ा महत्व बताया गया है। तदोपरांत बोधराज सीकरी व संगठन के पदाधिकारियों को श्रीगोवर्धन मंदिर के दर्शन व प्रसाद ग्रहण करवाकर एक ऐसी गो के दर्शन करवाए गए जिसके माथे पर शंख छपा हुआ है।

## पिछले कोरोना की लहरों से अनुभव लेते हुए हम पूरी तरह से तैयार : अनिल विज

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा पिछले कोरोना की लहरों से अनुभव लेते हुए पूरी तरह से तैयार है। यदि कोरोना से संबंधित केंद्र की कोई भी गाइडलाइन आएगी तो उसको हमारे प्रदेश में पूरी तरह से लागू किया जाएगा।

अनिल विज हरियाणा भवन में कोरोना की आने वाली संभावित लहर के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी कोरोना से लड़ाई के लिए पूरी तरह से तैयारी है और पिछले जो कोरोना की लहरें आई थी उनसे अनुभव लेते हुए हम पूरी तरह से तैयार है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछली कोरोना की लहरों के समय सबसे ज्यादा दिक्कत टेस्टिंग की थी। देश में सभी को टेस्टिंग कराने के लिए पुणे जाना पड़ता था, लेकिन अब आरटीपीसीआर मशीन राज्य के हर जिले में लगा दी गई है। श्री विज ने कहा कि शुरू में कोरोना के मामलों को हमने भी पुणे भेजा था, परंतु अब हम पूरी तरह से उसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास वेंटिलेटर पर्याप्त मात्रा में हैं। पहले ऑक्सीजन की बड़ी मात्रा में दिक्कत आई थी, लेकिन अब हमने 50 बिस्तर से ऊपर के सभी अस्पतालों में पीएसए प्लांट स्थापित कर दिए हैं। ऑक्सीजन की भी कोई कमी नहीं हैं। इसी प्रकार दवाइयों का भी पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है तथा हम सभी तरह से तैयार हैं। उन्होंने



अनिल विज।

राज्य के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि हरियाणा के लोगों को किसी प्रकार का पैनिक करने की आवश्यकता नहीं है। अलबत्ता कोविड से बचने के लिए जो उपाय बताए गए हैं, जैसे कि मास्क लगाना, सैनिटाइज करना, वह सबके लिए आवश्यक है। वह लोगों को स्वयं से पालन करना चाहिए।

## हंसते-हंसते कट जाएं रस्ते, भारत यूं ही जुड़ता रहे...

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**



भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

**हंसते-हंसते** कट जाएं रस्ते जिंदगी यूं ही चलती रहे...। वर्ष 1988 में बनी फिल्म खून भरी मांग में राकेश रोशन और रेखा पर फिल्माए गए इस गीत की उस जमाने में खूब धूम रही। इसी गीत से कुछ शब्द लेकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने यात्रा की तस्वीरों के साथ दो लाइनें लिखी हैं, जिन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। तस्वीरों के साथ सांसद ने कैप्शन लिखा है-हंसते-हंसते कट जाएं रस्ते, भारत यूं ही जुड़ता रहे...। कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा लेकर निकले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अब राजधानी दिल्ली के निकट है। यानी अब दिल्ली दूर नहीं है। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ रही है, कार्यकर्ताओं का जोश भी कई गुणा बढ़ रहा है। भले ही यात्रा में भीड़ को लेकर सरकार कोरोना महामारी का हवाला देकर राहुल गांधी को यात्रा स्थगित करने की सलाह दे रही हो, लेकिन यात्रा को स्थगित करने को लेकर उनकी कोई योजना नहीं है। राहुल गांधी ने भी कह दिया है कि वे यात्रा को स्थगित नहीं करेंगे। यात्रा से कोविड फैलने की बात बहाने है। कुछ भी हो, वे यात्रा को लेकर कश्मीर से कन्या कुमारी तक जाएंगे। हरियाणा की धरती पर पहुंची भारत जोड़ो यात्रा का हर जगह पर जोरदार स्वागत हो रहा है। हरियाणा में प्रवेश करने के दूसरे दिन यात्रा नूंह से निकलकर गुरुग्राम जिला के सोहना खंड में पहुंची। यात्रा में जब राहुल गांधी काफिले के साथ चलते हैं तो सड़क के दोनों ओर खड़े कार्यकर्ता, आम लोग उनके जयकारे लगाकर स्वागत करते हैं। अपने चिर-परिचित अंदाज में राहुल गांधी चलते-चलते कभी किसी नेता के कंधे पर हाथ रखकर मंत्रणा करते हैं तो कभी किसी आम आदमी, महिला, बच्चे को गले लगाकर, कंधों पर हाथ रखकर चलते हुए बात करते हैं। यह राहुल गांधी की विशेषता है कि वे हर किसी से दिल खोलकर मिलते हैं। पूरी यात्रा में राहुल गांधी के सबसे निकट पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा नजर आ रहे हैं। यह कहने में कोई दोराय नहीं है कि इस यात्रा से भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कद कांग्रेस में और बड़ा हुआ है। हरियाणा में कांग्रेस का वे चेहरा बने हुए हैं। कांग्रेस सरकार में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रहे अशोक तंवर, फिर कुमारी शैलजा के साथ तो भले ही उनके मतभेद रहे हों, लेकिन वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष उदयभान पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के साथ मिलकर चल रहे हैं। इस यात्रा में की तैयारियों में भी भूपेंद्र हुड्डा के सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा और उदयभान के साथ वरिष्ठ नेता राव दान सिंह ने अहम भूमिका निभाई है। हर स्तर की तैयारियों में वे अग्रणी ही रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में भी इस तरह की चर्चाएं लगातार हो रही हैं कि इस यात्रा ने हुड्डा का कद तो बढ़ाया ही है। यात्रा के माध्यम से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा मनोहर सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। वे शिक्षा, चिकित्सा, सड़कों की हालत पर सवाल उठाते हुए कहते हैं-अस्पताल में जाओ तो डॉक्टर नहीं, स्कूल में जाओ तो मास्टर नहीं, दफ्तर में जाओ तो कर्मचारी नहीं। कहां जाए हरियाणा। हमारी सरकार आने पर आपको डॉक्टर भी मिलेंगे, मास्टर भी मिलेंगे और पूरे कर्मचारी भी मिलेंगे।

# रैन बसेरों में लोगों के लिए सभी सुविधाएं हों दुरुस्त : सुधीर सिंगला

### राजकीय संस्कृति स्कूल में ज्वाइंट फाउंडेशन की ओर से विधायक ने बच्चों को बांटे कपड़े व जूते

### विधायक ने कहा, सुनिश्चित हो कि ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे कोई रात ना गुजारे

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने राजकीय संस्कृति स्कूल सेक्टर-54 में फ्रेंडली ज्वायंट फाउंडेशन की ओर से छात्रों को कपड़े व जूते वितरण



गुरुग्राम के सेक्टर-54 स्थित राजकीय संस्कृति स्कूल में बच्चों को जूते व कपड़े वितरित करते विधायक सुधीर सिंगला।

कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने अपने कर कमलों से बच्चों को कपड़े व जूते भेंट किए। साथ ही संस्था के इस कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सर्दियां शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम उन लोगों तक सुविधाएं पहुंचाएं तो सुविधाओं से वंचित हैं। गुरुग्राम में अनेक लोग हैं जिनके पास घर के साथ-साथ कपड़ों, कंबल, जूतों की कमी है। सामाजिक संस्थाएं और समाजसेवी लोग ऐसे वंचितों के पास पहुंचे और उन्हें जरूरत की चीजें दें।

विधायक ने कहा कि ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे कोई रात ना गुजारे, यह जरूरी है। उन्होंने नगर निगम को भी निर्देश दिए कि शहर के रैन बसेरों में सुविधाओं की लगातार मॉनिटरिंग करें, ताकि लोग परेशान ना हों। वहां पर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराएं। रैन बसेरों में हर साल सेंकड़ों लोग रहकर सर्दियों से बचाव करते हैं। इसलिए जरूरी है कि वहां पर सारे काम दुरुस्त हो। अच्छी रजाइयां, गद्दे हों। साफ-सुथरे शौचालय हों।

सुधीर सिंगला ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी भी है कि हम समय निकालकर रात के समय ऐसे लोगों को रैन बसेरों की राह दिखाएं, जो मजबूरी में फुटपाथ, बस अड्डा या कहीं और सोने को मजबूर हैं। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के ट्रस्टी जेएमपी खन्ना, प्रमिला खन्ना, मोनिका धवन, स्कूल की प्रिंसिपल राखी देवी, पूर्व पार्षद मनीष वजीराबाद, अरुण कुमार राय, कुलदीप, संदीप, गोपाल, विकसित राणा, सुनील जैन, कुशल राधव, सुनील मेंबर व अन्य वरिष्ठ मौजूद रहे।

## विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में अधिकतर शिकायतें सफाई, जलभराव की आई

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गांव कन्हई में जहां भी जलभराव की समस्या है, उसका अगले 10 दिनों में निवारण किया जाएगा। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे प्राथमिकता के साथ इस काम को पूरा करें। वे गुरुवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड-32 में जनता दरबार आयोजित कर जन समस्याएं सुन रहे थे। यह कार्यक्रम गांव कन्हई स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया।

श्रीसिंगला ने कहा कि उनकी विधानसभा में नगर निगम के कुल 16 वार्ड हैं, जिसमें नए गुरुग्राम व पुराने गुरुग्राम में क्रमवार जनता दरबार लगाए जा रहे हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने कार्यक्रम में समस्याएं सुनने उपरान्त ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे निश्चिन्त रहें। जलभराव की समस्या के निवारण के लिए अधिकारियों के काम की वे स्वयं मोनिटरिंग करेंगे। वहीं समस्या के निवारण के लिए तय की गई समय सीमा के बाद वे स्वयं भी जलभराव वाले बिंदुओं का निरीक्षण



गुरुग्राम के वार्ड-32 में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में शिकायतें सुनते विधायक सुधीर सिंगला।

करेंगे। विधायक ने गांव में स्थित शिव मंदिर व स्कूल के नजदीक डाले जा रहे कूड़े की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द कूड़ा डालने की इस जगह को शिफ्ट कर वहां सफाई कराएं। विधायक से कहा कि उनके गांव के स्वतंत्रता सेनानी राव रामचंद्र की स्मृति में गांव में कोई भी स्कूल अथवा सड़क मार्ग नहीं है। जल्द ही इस दिशा में कार्य करते हुए वार्ड-32 में किसी मार्ग का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय राव रामचंद्र के नाम पर करवाने का प्रयास करेंगे। ग्रामीणों द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय को अपग्रेड करने की मांग पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा यह विषय पहले भी उनके संज्ञान में लाया गया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने ऊर्जा दक्षता श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ होने पर एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज को पुरस्कृत किया

**पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम**

**भारत** की अग्रणी बीएलडीसी पंखा निर्माण करने वाली मुंबई मुख्यालय स्थित एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2022 (एनईसीए 2022) के तहत सीलिंग फैन की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा कुशल उपकरण के लिए विजेता घोषित किया गया है। ऊर्जा मंत्रालय की पुरस्कार समिति ने इस श्रेणी में एटमबर्ग रेनेसा 1200 सीलिंग फैन को पुरस्कार के लिए चुना। यह कार्यक्रम विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

नवीनतम सरकारी मानदंडों के अनुसार, बीईई (ऊर्जा दक्षता ब्यूरो) और बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) उद्योग के बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। 1 जनवरी 2023 से, उद्योग सीलिंग फैन के लिए नया बीईई स्टार रेटिंग मानदंड अपनाएगा। उच्च स्टार रेटिंग अधिक ऊर्जा दक्षता के अनुरूप होगी। बिना रेटिंग वाले पंखे 31 दिसंबर 2022 के बाद नहीं बनाए जाएँगे। सीलिंग फैन के उद्योग को हरित भविष्य की तरफ ले जाने के लिए सरकार द्वारा यह पहल की गई है।



पुरस्कार प्राप्त करने पर टिप्पणी करते हुए, एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के सीईओ मनोज मीणा ने कहा, हम इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह पुरस्कार उस कड़ी मेहनत को स्वीकार करता है जो एटमबर्ग टीम सबसे अधिक ऊर्जा कुशल पंखे बनाने के लिए कर रही है। हम अपने क्रांतिकारी उत्पादों के साथ देश की ऊर्जा आवश्यकता के प्रबंधन में सहायता करने के मिशन पर हैं।

एटमबर्ग पंखे उच्चतम स्तर की ऊर्जा दक्षता सुनिशि त करने वाले बीएलडीसी (ब्रशलेस डायरेक्ट करंट) तकनीक का उपयोग करके निर्मित किए जाते हैं। इसने 2012 से अपने 5 स्टार रेटेड पंखों के साथ 1 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान किया है और अपने ऊर्जा कुशल 5 स्टार रेटेड सीलिंग फैन को भारत में हर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

## ResMed ने आयोजित की सम्पूर्ण भारत में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया विषयक संगोष्ठी

### निद्रा स्वास्थ्य जागरूकता की प्रतिबद्धता को मजबूत किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**डिजिटल** स्वास्थ्य और क्लाउड से जुड़े चिकित्सा उपकरणों की अंतरराष्ट्रीय अग्रणी संस्थान ResMed ने अपनी नई पहल प्रारंभ करते हुए ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (***OS***) विषयक संगोष्ठी के शुभारंभ की घोषणा की। यह ज्ञान श्रृंखला सम्पूर्ण भारतीय महानगरों में संचालित की जाएगी जिसमें प्रबुद्ध स्वास्थ्य विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। ***ResMed*** की यह निद्रा जागरूकता सन्दर्भित पहल #AwakenYourBest में दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में क्रमबद्ध संगोष्ठियों प्रारंभ हुईं। जिससे भारतीयों के मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित करने वाले एक प्रमुख विकार स्लीप एपनिया को पहचानने व निराकरण में मदद पहुंचाई जा सके। अब तक 250 से अधिक प्रमुख निद्रा विशेषज्ञों की सहभागिता से यह श्रृंखला OSA और संबंधित श्वास संबंधी विकारों पर सार्थक विमर्श किया गया है। यह संगोष्ठी श्रृंखला भारत के डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के साथ मिलकर हेल्थकेयर पेशेवरों के माध्यम से नींद संबंधी विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दूरस्थ निगरानी व ***out of hospital care*** व तत्काल पहुंच के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर केंद्रित ऋद्धह्यस्द्धस्र की पहल का प्रसार करती है। यह पहल अगले चरण में मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में उपस्थित लोगों को विभिन्न उपचारों और नवीन तकनीकों के साथ अनुभव को समझने और प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी। ज्ञान श्रृंखला के भाग में सम्मिलित ***ResMed AirView***, दूरस्थ रोगी डेटा मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर और ***Onesleeptest (OST***) का प्रदर्शन किया गया। यह होम टेस्ट किट निद्रा परीक्षण में एक क्रांतिकारी डिवाइस है। ***ResMed*** के ये उन्नत क्लाउड-कनेक्टेड समाधान रोगियों को सहज रहने और चिकित्सा का पूरा लाभ प्राप्त करने में प्रभावी ढंग से सहायता प्रदान करने के लिए देखभाल करने वालों की प्रक्रिया को पुन: परिभाषित कर सुगन बनाते हैं।

संगोष्ठी में डॉ मनवीर भाटिया (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट और स्लीप स्पेशलिस्ट और न्यूरोलॉजी स्लीप सेंटर, नई दिल्ली के निदेशक), डॉ संजय मनचंदा, डॉ विवेक नांगिया, डॉ जीसी खिलनानी, डॉ इंद्रनील हलदर सहित उद्योग के अग्रणी पल्मोनोलॉजिस्ट और नींद विशेषज्ञों की सहभागिता रही। डॉ अरूप हलदार, डॉ दीपंकर दत्ता और डॉ सौरव दास सहित अन्य गणमान्य भी सम्मिलित हैं। रेसमेड में मेडिकल अफेयर्स, दक्षिण एशिया के प्रमुख डॉ. सिबाशीष डे ने कहा, रेसमेड में हम अभिनव समाधानों में अग्रणी हैं जो उन पेशेवरों और देखभाल करने वालों का समर्थन करते हैं जो लोगों को स्वस्थ रहने में सहयोग करते हैं।

## अपग्रैड ने नई अर्थव्यवस्था में उभरते तकनीकी उत्पादों को शक्ति देने को ट्यूरिंगमाइंड्स की स्थापना के लिए 30 करोड़ रुपये का निवेश किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**एशिया** की सबसे बड़ी एडटेक कंपनी अपग्रैड ने अपने ब्रांड ट्यूरिंगमाइंड्स के साथ उत्पाद खंड में एक और उपलब्धि दर्ज की है 150 से अधिक पूर्णकालिक फैकल्टी (94 फीसदी पीएचडी) के साथ, वन अपग्रैड एआई और एमएल जैसे सबसे प्रतिष्ठित उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक मजबूत संस्थान बन गया है। ट्यूरिंगमाइंड्स की स्थापना पिछले साल आउटसोर्स अनुसंधान और उत्पाद विकास के लिए उद्यमों से जबरदस्त मांग को पूरा करने के लिए की गई थी, यह अपने आप में एक खास स्कॉलर पूल है। ट्यूरिंगमाइंड्स की अध्यक्ष प्रोफेसर अनुराधा शर्मा कहती हैं, ट्यूरिंगमाइंड्स की विशेषता आईडिया लाने, जल्दी से प्रोटोटाइप और एक्सेलेरेटर (एप्स) बनाने, उसे उद्योग के साथ परीक्षण करने और उनमें से चेरी का चयन है।

प्रो. अनुराधा ने आगे कहा, हम वैश्विक स्तर पर उभरते टेक्नोलोजी क्षेत्रों जैसे एआई और एमएल में वर्ल्ड क्लास उत्पादों एवं सेवाओं को विकसित करने के लिए एसएमई से लेकर एमएनसी तक जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है।, तीस करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित ट्यूरिंगमाइंड्स वर्तमान में यूएस, भारत, यूरोप, यूके और मध्य पूर्व में 15+ से अधिक ऑफलाइन सुविधाओं के साथ काम करता है। हैदराबाद, बेंगलुरु और डेट्रायट के इनके कार्यालय में 250 प्रोडक्ट इंजीनियर्स का एक प्रोफेशनल वर्कफोर्स काम कर रहा है और अगली तिमाही में इसका बिजनेस लक्ष्य दोगुना है। ट्यूरिंगमाइंड्स भारत में कैंपस भर्तियों के माध्यम से वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिकों और एमएल इंजीनियरों का एक संपूर्ण इकोसिस्टम तंत्र बना रहा है। प्रोफेसर अनुराधा ने इसके लिए मजबूत टीम को हायर करने पर आगे बताया हमारी टीम 50 प्रोटोटाइप (उत्पादों और त्वरक सहित) को विकसित करने के लिए कोर टीम के रूप में काम करेगी और छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों का समर्थन करने के लिए 8 से 10 पेटेंट अगले 8 महीने में फाइल करेगी। इस डेवलपमेंट पर यूजीडीएक्स और ट्यूरिंगमाइंड्स के सीईओ डॉ. दक्षिणामूर्ति वी कोल्लुरु ने कहा, हमने हमेशा एक बहुत मजबूत उद्योग-केंद्रित डीएनए के साथ काम किया है, और हमने इसे ट्यूरिंगमाइंड्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। ट्यूरिंगमाइंड्स उद्योग-केंद्रित शिक्षाविदों को कॉर्पोरेट्स के साथ सीधे काम करने और उनके लिए व्यवसाय-तैयार उत्पाद बनाने का अपनी तरह का अनूठा अवसर प्रदान करता है। अपग्रैड के सह-संस्थापक और अध्यक्ष रोनी स्क्रूवाला ने कहा हम अपने लाइफलॉन्ग लर्निंग सुइट के अलावा, बड़ी संख्या में स्नातक से लेकर डॉक्टरेट डिग्री धारकों को भर्ती कर रहे हैं ताकि पूर्ण रूप से विपणन योग्य उत्पादों को विकसित करने के हमारे मिशन को बढ़ावा दिया जा सके। इससे वन अपग्रैड को अपने समकक्ष लोगों में आगे बढ़ने और देश में प्रमुख रोजगार प्रवर्तक के रूप उभरने को मजबूती मिलेगी। ट्यूरिंगमाइंड्स का मुख्यालय भारत में है और यह हर साल 50+ प्रोटोटाइप तैयार करने और डिजाइन करने के एक मजबूत साथ अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार कर रही है। इसने अगले 5 वर्षों में मजबूत बौद्धिक गुणों के साथ 800 करोड़ रुपये (100 मिलियन डॉलर) का व्यवसाय बनाकर मार्केट लीडर बनने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है।

## शारदा अस्पताल में हुई दिल्ली एनसीआर की पहली सर्वाइकल स्पाइन की पहली बायोपोर्टल स्पाइन एंडोस्कोपी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**एनसीआर** में पहली बार किसी अस्पताल में सर्विकल स्पाइन की बायपोर्टल एंडोस्कोपी हुई है और यह शारदा अस्पताल जोकि नोएडा में स्थित है, में हुआ है। यह सर्जरी डॉक्टर राहुल कॉल जोकि एसोसिएट प्रोफेसर और स्पाइन स्पेशलिस्ट हैं, ने की है। ऐसा उन्होंने अस्पताल में मौजूद लेटेस्ट तकनीकों द्वारा किया है।

मरीज मार्जिना बीबी, पहले भी शारदा अस्पताल के ऑर्थोपेडिक ओपीडी में आई थी। तब उनको बहुत गंभीर गर्दन में दर्द हो रहा था और ऊपरी लिंब से यह दर्द नीचे की ओर आ रहा था। यह समस्या उन्हें पिछले दो से तीन महीने के दौरान थी और लगातार बढ़ती ही जा रही थी। बहुत ज्यादा कमजोरी आ जाने की वजह से इस समय मरीज अपने बाएं कंधे को उठा भी नहीं पा रही थी। डॉक्टर राहुल कॉल जोकि इस मामले के इंचार्ज थे, ने मरीज को सर्वाइकल डिस्क सी 4, सी 5 लेवल पर डायग्नोज किया और साथ ही रूङ्गढ्ढ सर्वाइकल स्कैन भी किया। उनकी ज्यादा गंभीर स्थिति को देखते हुए मरीज को सर्जरी के ट्रीटमेंट ऑप्शन



के बारे में बताया गया जोकि स्पाइनल एंडोस्कोपी द्वारा की जानी थी। बहुत कम इनवेसिव प्रक्रिया के साथ सफलतापूर्वक यह सर्जरी कर दी गई जिसमें ज्यादा खून भी नहीं बहा और टिश्यू डैमेज होने से भी बचा लिया गया। सर्जरी के दूसरे दिन जब मरीज से पूछा गया तो उनको पहले से होने वाले लक्षणों में पूरी तरह आराम था और इसी दिन इनको डिस्चार्ज भी कर दिया गया था। डॉक्टर आदेश के गड़पाले, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, शारदा अस्पताल का कहना है कि शारदा अस्पताल में काफी मॉडर्न सुविधाएं और विभिन्न तरह के इलाज करने के लिए यंत्र और इक्विपमेंट्स मौजूद हैं। अस्पताल में जिन प्रक्रिया और उपचार का प्रयोग किया जाता है वह पूरे विश्व भर में बेस्ट माने जाते हैं। हमें अपनी पूरी टीम पर काफी गर्व है कि उन्होंने इतनी कठिन सर्जरी को भी इतना आसानी से कर दिया और बाद में मरीज की सेहत भी काफी अच्छी और स्वस्थ है। मर्जिना बीबी जोकि अब स्वस्थ हैं और अपनी रिकवरी के लिए इंतजार कर रही हैं, भी काफी खुश हैं और डॉक्टर राहुल की ओर अपना आभार व्यक्त कर रही हैं। जिन्होंने उनको उनके दर्द से मुक्ति दिलाई और साथ ही पूरी प्रक्रिया के दौरान उनका काफी अच्छा ख्याल भी रखा।

**शारदा अस्पताल के बारे में :** 2006 में यह अस्पताल शुरू किया गया था। यह नोएडा में स्थित एक मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है। यह 9 ड्डष्द्धह्म्ह्य के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 1200 से भी ज्यादा बेड उपलब्ध हैं। आज के समय में जरूरी उपचार और सारी मॉडर्न फैसिलिटी इस अस्पताल में मौजूद हैं। अस्पताल ने मरीजों को उपचार प्रदान करने में ग्लोबल स्टैंडर्ड बना कर रखा है। इस अस्पताल में टेरेशरी केयर, सुपर स्पेशलिटी , जनरल स्पेशलिटी, एडवांस्ड डायग्नोस्टिक और रेडियोलॉजी सर्विस जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे जुड़ा मेडिकल कॉलेज यहां होने वाली रिसर्च एक्टिविटी और यहां पढ़ने वाले मेडिकल छात्रों पर ध्यान देता है ताकि देश में मेडिकल सुविधाओं का लेवल और ज्यादा सुधारा जा सके।

## भारत की सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता डेल्हीवरी ओएनडीसी पर हुई लाईव

**पायनियर समाचार सेवा। मेरठ**

**भारत** की सबसे बड़ी पूर्णतया-एकीकृत लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता डेल्हीवरी अब ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) पर लाईव हो गई है, कंपनी ने आज इसकी जानकारी दी। विक्रेताओं के साथ सफलतापूर्वक जुड़ने के बाद अब कंपनी ओएनडीसी के माध्यम से इंटरसिटी एक्सप्रेस पार्सल मूवमेन्ट शुरू करने के लिए तैयार है।

इससे विक्रता भारत के 18000 से अधिक पिन कोड्स में कंपनी के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठा सकेंगे। इस घोषणा पर बात करते हुए कपिल भारती, चीफ टेक्नोनॉजी ऑफिसर, डेल्हीवरी ने कहा, ''हमें खुशी है कि हम ओएनडीसी के साथ साझेदारी करने जा रहे हैं, हमारे इस कदम से देश भर में कारोबार अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। ओएनडीसी एक गेम-चेंजर है और हम एक समावेशी प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए सरकार के दृष्टिकोण की सराहना करते हैं, जिससे देश के हर कोने में मौजूद लघु उद्यम दूर-दराज के इलाकों के उपभोक्ताओं के साथ भी जुड़ सकेंगे।'' अनिल अग्रवाल एडिशनल सेक्रेटरी (डीपीआईआईटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, ''यह देखकर अच्छा लगता है कि देश के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं में से एक डेल्हीवरी ओएनडीसी के नेटवर्क में शामिल हो गई है। अब छोटे कारोबार देश भर में फैले डेल्हीवरी के नेटवर्क के ज़रिए उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। डेल्हीवरी जैसे प्लेयर्स की भागीदारी ई-कॉमर्स के लोकतांत्रीकरण के भारत सरकार के मिशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगी।'' टी कोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर, ओएनडीसी ने कहा, ''ओएनडीसी के साथ हम छोटे कारोबारों एवं ग्रामीण उद्यमियों को देश भर के उपभोक्ताओं के साथ जोड़कर उन्हें सशक्त बनाएंगे। डेल्हीवरी देश की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स कंपनियों में से एक है, जो आधुनिक तकनीक, डेटा एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर की क्षमता के साथ अधिक समावेशी ई-कॉमर्स कम्युनिटी के निर्माण में मदद करेगी।''

## बीगौस ने ईविंग्स ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दिल्ली में लॉन्च किया इलेक्ट्रिक स्कूटर डी15

**पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम**

**बीगौस** ने डीलर पार्टनर ईविंग्स ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर नजफगढ़, दिल्ली में अपना तीसरा ईवी स्कूटर बीजी डी15 लॉन्च किया। 100 से ज्यादा ग्राहकों ने बीगौस द्वारा निर्मित इस स्वदेशी स्कूटर की टेस्ट राइड का आनंद लिया। इस दौरान आरआर ग्लोबल के डायरेक्टर सुमित काबरा भी उपस्थित रहे।

आरआर ग्लोबल के डायरेक्टर और बीगौस के संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत काबरा ने कहा, 'हम अपने भरोसेमंद डीलर पार्टनर ईविंग्स ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दिल्ली में अपने डी15 मॉडल को प्रदर्शित करते हुए उत्साहित हैं। ग्राहक हमारे पिछले मॉडल्स से परिचित हैं और 100 प्रतिशत मेड इन इंडिया इलेक्ट्रिक स्कूटर बीजी डी15 बीगौस के पिछले मॉडल्स से भी एक कदम आगे है। दिल्ली एक प्रगतिशील बाजार है और हमें भरोसा है कि बीजी डी15 यहां के स्मार्ट और ट्रेंडी लोगों को जरूर लुभाएगा। हम देशभर में ईवी को अपनाने की तैयारी कर रहे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने मॉडल्स को विस्तार देने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।'

इस मौके पर ईविंग्स ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा, 'हम दिल्ली में बीगौस बीजी डी15 इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि एक स्टाइलिश, स्मार्ट और भरोसेमंद प्रोडक्ट के रूप में डी15 लोगों की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा। हमें अपने उत्पादों की मौजूदा रेंज को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और हम आगे भी बेहतर उत्पादों के साथ लोगों की जरूरतों को पूरा करने का लक्ष्य लेकर



चल रहे हैं।' सुरक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए तैयार बीजी डी15 एक प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसमें 20 सेफ्टी फीचर दिए गए हैं।

बीगौस ने ऐसा स्कूटर तैयार किया है, जो न सिर्फ अपनी आधुनिक डिजाइन से ग्राहकों को लुभाएगा, बल्कि स्मार्ट बैटरी और मोटर कंट्रोलर जैसे उपयोगी फीचर्स भी लोगों को भाएंगे। इन्हें चाकन प्लांट में डिजाइन एवं डेवलप किया गया है। बीजी डी15 में पूरी तरह वाटरप्रूफ, आईपी 67 रेटिंग वाले इलेक्ट्रिक मोटर एवं बैटरी दिए गए हैं, जिससे उसे गर्मी और धूल से बचाने में मदद मिलती है। फीचर की बात करें, तो बीजी डी15 मौजूदा इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में अपनी तरह का पहला स्कूटर है। नवीनतम इंटेलीजेंट कनेक्टिविटी फीचर की मदद से यूजर स्मार्टफोन के माध्यम से अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर से कनेक्ट हो सकते हैं। बीजी डी15 में रीमूवेबल बैटरी, इन-बिल्ट नेविगेशन, डिजिटल स्पीडोमीटर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, की-लेस स्टार्ट, मोबाइल चार्जिंग के लिए यूएसबी पोर्ट, कॉल एवं नोटिफिकेशन अलर्ट जैसे फीचर हैं। मोबाइल एप के जरिये स्कूटर से कनेक्ट रहा जा सकता है। इस नए प्रोडक्ट के साथ बीगौस हायर रेंज, डिजाइन, सेफ्टी, सिक्योरिटी के मामले में बड़े बाजार में कदम रखेगी।

# कोरोना : स्वास्थ्य विभाग चुस्त, लोग जांच करवाने में सुस्त

कविता। फरीदाबाद

**कोरोना** का भय अब जिले से एकदम समाप्त हो गया है। इसका खुलासा लोगों और स्वास्थ्य कर्मियों से की गई बातचीत से हुआ। कोरोना के मरीज न होने के कारण अब लोगों ने मास्क लगाना छोड़ दिया है। वहीं अभी तक कुछ लोगों ने वैक्सीन की एक भी डोज नहीं लगवाई है तो कुछ ने मात्र एक-दो डोज लगवा कर कोरोना से बचाव का इंजेक्शन नहीं लगवाया है। हालांकि जिला स्वास्थ्य विभाग कोरोना के नए वैरियंट से निपटने की पूरी तरह से तैयार है। नए आने वाले सभी कोरोना पॉजिटिव मरीजों के जिनोम सिक्वेंसिंग के सैम्पल भी लिए जाऐंगे। ताकि जल्द से जल्द बढ़ने वाले मरीजों की संख्या पर लगाम लगाई जा सके और कोरोना को समाप्त किया जा सके।

### मरीज बोले अगर डॉक्टर न लिखते तो हम जांच नहीं करवाते

**नहीं किए जा रहे कॉल :** कोरोना से बचाव के लिए लगातार वैक्सीनेशन किया जा रहा है। लेकिन लोग अब वैक्सीन लगवाने में रूचि नहीं ले रहे हैं। वैक्सीनेशन सेंटरों पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि कि समय पूरा होने वाले लोगों को वे लगातार कॉल कर रहे है, लेकिन लोग वैक्सीन लगाने के लिए मना कर देते हैं या फिर बाद में आने की बात कहकर टॉल देते हैं। इसलिए अब उन्होंने कॉल करने ही बंद कर दिए हैं। जिसके कारण दिन भर में दस से 20 लोग ही वैक्सीन लगवाने को सामने आते हैं।



कोरोना जांच प्रयोगशाला में सैम्पल देती मरीज महिला।

**नहीं करवा रहे जांच :** शहर भर में कोरोना की जांच की जा रही है, लेकिन अब कोरोना की जांच को लोग सामने नही आ रहे हैं। रोजाना जांच कम हो रही है। जहां बुधवार को कोरोना के 77 सैम्पल जांच किए गए। वहीं बृहस्पतिवार को दोपहर तक 60 लोगों ने कोरोना की जांच करवाई। वहीं जब प्रयोगशालाओं में तैनात कर्मचारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह वार्ड और ओपीडी से भी सैम्पल ले रहे हैं। लेकिन लोग जांच करवाने से मना कर देते हैं।

**लोगों का कथन :** लोगों से जब चीन में बढ़ते कोरोना के मामलों और भारत में सामने आ रहे मामलों को देखते हुए मास्क अनिवार्य किए जाने के विषय में बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोरोना खत्म हो गया है। मास्क नहीं पहनेंगे। यदि चिकित्सक न लिखे, तो वह तो जांच भी न करवाये। लोगों ने वैक्सीनेशन के विषय में कहा कि अब कोरोना नही आ रहा है। समाप्त हो गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा : पुलिस ने चालकों के लिए जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

### 23 और 24 दिसंबर को यात्रा के कारण कई रास्ते रहेंगे बंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**23 दिसम्बर** को बल्लभगढ़ से धौज के रास्ते सोहना जाने वाले सभी प्रकार का यातायात सुबह 4 बजे से दोपहर तक पूर्णतया बन्द रहेगा। 23 दिसम्बर को सायं 4 बजे से बड़खल चौक, ओल्ड चौक और नीलम अजरोंदा चौक से एनआईटी की तरफ आने जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों की पूर्णतया पाबन्दी रहेगी।

23 दिसम्बर को सायं 4 बजे से दिल्ली-मथुरा रोड पर नीलम फ्लाईओवर से दिल्ली की तरफ जाने वाला सर्विस रोड और एनएच-2 पर भारत जोड़ो यात्रा के चलते सभी प्रकार का यातायात पूर्णतया बन्द रहेगा। 23 दिसंबर को मथुरा-दिल्ली हाईवे से एनआईटी में आने जाने के लिए सोहना रोड फलाईओवर, बाटा चौक फलाईओवर, मेवला महाराजपुर अंडर पास व एनएचपीसी चौक ग्रीनफील्ड अंडर पास का प्रयोग करे। दिल्ली बॉर्डर से फरीदाबाद बल्लभ्गढ़ पलवल की तरफ जाने वाले वाहनो का आवागमन रोजना की तरह चलता रहेगा। 24 दिसम्बर को 4 बजे से सुबह 9 बजे तक दिल्ली की तरफ जाने वाला सर्विस व एनएच-2 रोड और मेवला महाराजपुर, ग्रीन फिल्ड, एनएचपीसी चौक पूर्णतया बन्द रहेगे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की भारत जोड़ो यात्रा सोहना की तरफ से खोरी जमालपुर गांव से सीधा चलकर सिरोही गांव धौज से होते हुए पाली चौक से बाएं होते हुए पाली डबुआ रोड से होते हुए 17 नम्बर चुंगी होते हुए 3 नम्बर पुलिया से सीधे 2/3 के गोल चक्कर से होते हे बांए मुडकर ईएसआई लाल बत्ती से दाहिने रोज गार्डन के सामने से मैट्रो चौक से बाएं मुडकर बीके चैक से दाहिने मुडकर सीधे नीलम चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के अजरोंदा फ्लाईओवर पहुंचेगी जहां से सर्विस रोड से दिल्ली- मथुरा रोड़ से ओल्ड चौक व बडखल चौक से होते हुए गोपाल गार्डन में शाम को पब्लिक मीटिंग करेगें। मीटिंग के बाद नाईट स्टे रहेगा।



बीके चौक का यातायात का नजारा।

यात्रा के दौरान दोनों दिन फरीदाबाद में भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी, पलवल से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन केजीपी का उपयोग करेंगे। 23 दिसंबर को सायं 4 बजे से पलवल से दिल्ली जाने वाले यात्री कैली फ्लाईओवर के नीचे से बाईपास रोड़ होते हुए यात्रा करेंगे। एनआईटी एरिया से दिल्ली जाने वाले यात्री बाटा फ्लाईओवर से बल्लभगढ़ की ओर जाकर कैली फ्लाईओवर से बाईपास होते हुए दिल्ली जाएंगे व अनखीर चौक, अनगंपुर चौक से पहलादपुर ,शूटिंग रेंज के रास्ते दिल्ली जा सकते है। दिल्ली से पलवल जाने वाला ट्रैफिक मथुरा हाईवे पर निरंतर चलता रहेगा। वाहन चालको ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार ही अपनी यात्रा प्लान करें ताकि आमजन को यातायात से संबंधित किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# एनकाउंटर का डर दिखा रिश्वत लेने पर यूपी पुलिस का एसआई गिरफ्तार

### यहां के बुढैना गांव निवासी युवक से रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम ने पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फरीदाबाद** की विजिलेंस टीम उत्तर प्रदेश पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में ग्रेटर फरीदाबाद के बुढैना गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी एसआई शिकायतकर्ता के भाई का एनकाउंटर करने का डर दिखा कर 30 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। आरोपी एसआई हापुड़ के बाबूगढ़ थाने में तैनात है। विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक हापुड़ के बाबूगढ़ थाने में बुढैना गांव निवासी आदेश और उसके छोटे भाई के खिलाफ लड़की को भगा ले जाने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में पुलिस ने दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक महीने जेल में रहने के बाद आदेश को जमानत मिल गई थी। लेकिन उसका भाई अभी भी जेल में बंद है। शिकायतकर्ता का कहना है कि बाबूगढ़ थाने में तैनात एसआई सुरेंद्र सिंह उनके पूरे परिवार को इस मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा था। साथ ही वह उनके मकान की कुर्की करने और जेल में बंद उसके छोटे भाई का एनकाउंटर करने कर डर दिखा रहा था। वह उनसे करीब एक लाख रुपये ले चुका है। अब वह 30 हजार रुपये और मांग रहा था। रुपये न देने पर वह जमानत न होने देने की बात भी कह रहा था। आदेश के पिता इन दिनों बीमार है, इसलिए उन्होंने एसआई सुरेंद्र सिंह को रुपये देने के लिए बुढैना गांव स्थित अपनी डेरी पर बुला लिया। उनकी सूचना पर विजिलेंस ने डेयरी के आसपास अपना जाल बिछा लिया। आदेश ने एसआई को रुपये देकर टीम को इशारा कर दिया। इशारा मिलते ही विजिलेंस ने आरोपी को रंगेहाथों दबोच लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृता अस्पताल में श्रमिक के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के अमृता हॉस्पिटल की और से श्रमिक मजदूर और स्थानीय लोगों के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया है। चार दिन तक चलने वाले इस कैंप में मेडिसिन, जनरल सर्जरी, बाल चिकित्सा और स्त्री रोग विभाग की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस कैंप का मकसद स्थानीय लोगों के बीच स्वास्थ के प्रति जागरूकता फैलाना है। अमृता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह ने कहा, इस मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप के जरिए हमारा मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है। इसके अलावा हम इसके जरिए लोगों के बीच अपने स्वास्थ को लेकर जागरूकता फैलाना चाहते हैं। यह कैंप 21 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा। पहले दिन करीब 200 लोग हेल्थ चेकअप कराने मेडिकल कैंप पहुंचे। वहीं दूसरे दिन लगभग 160 लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप कराया। संबंधित विशेषज्ञों ने समस्या के अनुरूप दवा और जांच कराने की सलाह दी।

### कार्य-जीवन संतुलन तथा कार्य आचरण' पर प्रशिक्षण

**फरीदाबाद।** प्रशासनिक कामकाज में दक्षता लाने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने अपने गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए कार्य-जीवन संतुलन तथा कार्य आचरण' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर मुख्य अतिथि रहे। सत्र को विवि के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने संबोधित किया। प्रबंधन अध्ययन के डीन प्रो. आशुतोष निगम और विभागाध्यक्ष डॉ. रचना अग्रवाल ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा गोयल, डॉ ज्योत्सना चावला तथा डॉ आरती गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच कार्य-जीवन संतुलन की बुनियादी समझ विकसित करना था ताकि वे कार्य-जीवन संतुलन से संबंधित मुद्दों से निपटने में सक्षम हो सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. ग्रोवर ने प्रोफेशनल लाइफ में कार्य-जीवन संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छता और प्रेरणा पर हर्जबर्ग के टू-फेक्टर थ्योरी पर चर्चा की। उन्होंने कार्यस्थल में प्रेरक कारकों की भूमिका पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में डॉ. राजीव सिंह ने कार्य-जीवन में आत्म-संतुष्टि के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने अत्यावश्यकता और महत्वपूर्ण मामलों से निपटने के लिए एक मैट्रिक्स प्रस्तुत किया।

### ई-लर्निंग पर कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा ने बताया कि नेशनल अर्बन लर्निंग प्लेटफॉर्म, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा एक ई-लर्निंग और पीयर-टू-पीयर लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे राष्ट्रीय शहरी विकास संस्थान द्वारा कार्यान्वित किया गया है। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा आज वीरवार को शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, हरियाणा और नगर निगम फरीदाबाद (एमसीएफ) के सहयोग से आयोजित इंटरैक्टिव एंगेजमेंट वर्कशॉप को संबोधित कर रही थी। कार्यशाला में भाग लेने वालों में हरियाणा के 8 शहरी स्थानीय निकायों जैसे फरीदाबाद, नूँह, ताबडू, फिरोजपुर झिरका, पलवल, पुन्हाना, होडल और हथीन के कार्यकारी अभियंता, सचिव, स्वच्छता निरीक्षक और प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा ने प्रतिभागियों को भारत के शहरी शिक्षण समुदाय का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों ने अपनी सीखने की जरूरतों को साझा किया और शहरी मुद्दों को हल करने के लिए मंच को अपनाने की दिशा में एक सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदर्शित किया।

### एसडीएम ने की बैंकर्स संग सुरक्षा के बारे में मंत्रणा

**फरीदाबाद।** एसडीएम परमजीत चहल की अध्यक्षता में बैंकर्स ने बैंकों में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं बारे विस्तार पूर्वक मंत्रणा की। उन्होंने कहा कि जिला के सभी बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध करवाएं। एसडीएम परमजीत चहल आज वीरवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जो इस साल अंत तक काम से कम दो प्रार्थिओ को सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध करवा कर योजनाओं को लागू करे। ताकि आत्म निर्भर भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। जो बैंक अपने सभी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे सभी लक्ष्य पूरा कर लें और वे बैंकर्स अगली डीएलआरसी की बैठक से पहले सरकारी योजना को लागू नहीं करेंगे तो संबंधित बैंकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दो मोस्ट वांटेड आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने करीब 2 वर्ष पहले के नशा तस्करी के मुकदमे में फरार चल रहे 5-5 हजार के 2 मोस्ट वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा इस मामले में इससे पहले दो आरोपियों आबिदा और फरुद्दीन को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राणा उर्फ सहकूल तथा चौड़ा उर्फ अमजद का नाम शामिल है। दोनों आरोपी गुरुग्राम के सोहना एरिया के रहने वाले हैं। मार्च 2021 में पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में सेक्टर 58 एरिया से एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिनके कब्जे से 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने नशा तस्करी में शामिल उक्त आरोपी राणा तथा चौड़ा के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ का लगातार प्रयास कर रही थी परंतु आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए बार-बार जगह बदल कर रहने लगे।

# सीडीपी ने जलवायु संरक्षण पर लैंक्सेस कार्यों को फिर ए रेटिंग दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### सभी मूल्यांकित कंपनियों के टॉप दो प्रतिशत में ग्रुप का स्थान

### छठी बार सीडीपी क्लाइमेट ए लिस्ट में शामिल

**स्पेशिलिटी** केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध उसकी लड़ाई में इसकी उपलब्धियों के लिए एक बार फिर सम्मानित किया गया है।

मशहूर जलवायु संरक्षण पहल सीडीपी के ताजा मूल्यांकन में इस ग्रुप ने दुनिया भर की 283 कंपनियों में से एक के रूप में क्लाइमेट ए लिस्ट में एक बार फिर से अपना स्थान बनाया है। इसके साथ ही लैंक्सेस सीडीपी द्वारा मूल्यांकित करीब 15,000 कंपनियों के टॉप 2 प्रतिशत में आ गई है।

ए रेटिंग उन कंपनियों को दी जाती है जो अपनी जलवायु संरक्षण गतिविधियों के साथ-साथ सम्बंधित परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष पारदर्शिता और व्यापकता का प्रदर्शन करती है। लैंक्सेस इस साल छठी बार ए लिस्ट में शामिल हुई है। यह ग्रुप वर्ष 2012 से जलवायु संरक्षण संबंधी डेटा को सीडीपी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। लैंक्सेस एजी के बोर्ड ऑफ़ मैनेजमेंट के सदस्य, हुबर्ट फिंक ने कहा कि, ग्राहक, निवेशक और अनेक दूसरे हितधारक लैंक्सेस के परिचालनों की सस्टेनेबिलिटी के प्रति ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। जलवायु संरक्षण विषयवस्तु की सूची में एकदम टॉप पर है। एक बार फिर सीडीपी ए लिस्ट में आना यह दर्शाता है कि हम इस क्षेत्र में काफी कुछ कर रहे हैं, और सबसे बढ़कर, बहुत कुछ हासिल कर रहे हैं।

# ईट भट्टे से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने एक ट्रैक्टर ट्राली चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम निशान्त है। आरोपी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सुलतानपुर बिलोनी गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से हामुदपुर उत्तर प्रदेश से थाना छांयसा के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के पिता तुला भट्टा पर काम करते है। आरोपी भी भट्टा पर काम करने के लिए आया था। आरोपी की भट्टा मालिक से किसी बात को लेकर फोन पर कहासुनी होगई थी। जिसकी रंजिश को लेकर आरोपी ने भट्टा से ट्रेक्टर ट्राली चोरी करने की वारदात को अनजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना छांयसा में दर्ज किया गया है।

# आरसीपीएसडीसी के वार्षिक पुरस्कार समारोह में मिला कौशल को सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रबर,** केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आरसीपीएसडीसी) के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कौशल विकास के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सेक्टर से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त सचिव आईएएस केके द्विवेदी ने कहा कि रबर, केमिकल एवं पेट्रोकेमिकल के रूप में अर्थव्यवस्था के सबसे बड़े सेगमेंट में शुमार इस सेक्टर में कौशल विकास करते हुए आरसीपीएसडीसी आर्थिक विकास को गति देने में अहम भूमिका निभा रहा है। सरकार ने रबर, केमिकल एवं पेट्रोकेमिकल को प्राथमिकता वाले सेक्टर में रखा है और इस क्षेत्र में सशक्त व्यवस्था तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग की संयुक्त सचिव आईपीओएस हिना उस्मान, एनसीवीईटी के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल गुंजन चौधरी, एनएसडीसी के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनीष मिश्रा, पीएसएससीआईवीई, भोपाल के जॉइंट डायरेक्टर डॉ. दीपक पालीवाल और एनसीईआरटी के प्रोफेसर विनय स्वरूप मेहरोत्रा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

अपने स्वागत संबोधन में आरसीपीएसडीसी के चेयरमैन विनोद पटकोटवार ने देश में कौशल विकास कार्यक्रमों को विस्तार देने पर जोर दिया, जिससे न केवल देश बल्कि विदेश में भी कुशल कार्यबल की मांग को पूरा करना संभव हो पाएगा। आरसीपीएसडीसी अवार्ड्स 2022 के दौरान 'कौशल आधारित प्रशिक्षण सशक्त भारत का भविष्य' विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया। पैनल में ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रमेश केजरीवाल, इंडियन स्पेशियलिटी केमिकल्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विनय डी. पाटिल, दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रिहान खान सूरी, इंडियन प्लास्टिक्स फेडरेशन के प्रेसिडेंट सिसिर जालान और इंडियन केमिकल काउंसिल के सचिव-उत्तरी क्षेत्र प्रभसरन सिंह शामिल रहे। सत्र का संचालन सस्टेन मंत्रा के संस्थापक एवं सीईओ शैलेंद्र सिंह ने किया।




आरसीपीएसडीसी के गठन के 10 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर आरसीपीएसडीसी के सीईओ सैफ मोहम्मद ने कहा, 'अपने 10 साल के सफर में आरसीपीएसडीसी ने कई उपलब्धियां अपने नाम की हैं। एक मजबूत व्यवस्था तैयार करते हुए रबर, केमिकल एवं पेट्रोकेमिकल सेक्टर में 110 से ज्यादा अलग-अलग प्रकार की योग्यताएं निर्धारित की गई हैं।

# विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करें : अनिल मलिक

### विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करें: अनिल मलिक

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**अतिरिक्त** मुख्य सचिव अनिल मलिक ने कहा कि फरीदाबाद जिला में चल रही विकास योजनाओं और परियोजनाओं के सभी कार्यों को गंभीरता से समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी सरकार की हिदायतों के अनुसार सभी कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित करें।

हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक वीरवार को मंडलायुक्त विकास यादव व पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसी विक्रम सिंह सहित जिला के उच्च अधिकारियों के साथ जिला फरीदाबाद में चल रहे विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने अधिकारियों से कहा कि वे सरकार को अपने धरातल के अनुभव बारे सुझाव जरूर दें, जिससे कि आमजन की समस्याओं का सही समय पर समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्लानिंग बेहतर तालमेल करके करेंगे तो परिणाम निश्चित तौर पर सौ फीसदी सफल और जनता के हित के लिए कारगर सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि मण्डल स्तर के अलावा जिला स्तर व सब डिवीजन स्तर पर भी विजिलेंस कमेटियां बनाई गई है। जहां भी विकास कार्य चल रहे हैं और उनमें कोई कमी मिलती है तो विजिलेंस कमेटी के संज्ञान में लाए। उन्होंने तीनों एसडीएम को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों से संबंधित कोई भी शिकायत विजिलेंस कमेटी में आती है तो धरातल पर जाकर निरीक्षण अवश्य करें। ताकि शिकायतों का निपटारा पहले ही किया जा सके।

उन्होंने कहा कि विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं में मुम्बई वडोदरा एक्सप्रेस वे,जेवर एयरपोर्ट मार्ग, फरीदाबाद में स्वच्छ पेयजल सप्लाई से जुड़ी पीपीपी मोड पर रैनीवैल ट्यूबवेलो, बड़खल झील, फरीदाबाद में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था और उनकी कार्यशैली सहित जिला फरीदाबाद में तमाम विषयों पर एक-एक कर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कई विषयों पर संबंधित अधिकारियों से सुझाव भी साझा किए व सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए ज़रूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

# युवा आगाज संस्था को मिला बेस्ट एनजीओ का अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**28वें** हरियाणा राज्य स्तरीय युवा उत्सव पुरुस्कार वितरण समारोह में खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष किए जाने वाले पुरस्कारों के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ राज्य युवा क्लब पुरस्कार युवा आगाज संगठन को दिया गया। आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी में चल रहे युवा उत्सव में जसवंत पवार व उनकी टीम को कैबिनेट एवं कृषि मंत्री हरियाणा सरकार जेपी दलाल और भिवानी उपायुक्त नरेश कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया।

विभाग के द्वारा संस्था को 75000 रुपये की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के लिए जसवंत पवार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, खेल एवं युवा विभाग मंत्री संदीप सिंह, खेल निदेशक पंकज नैन, युवा एवं सांस्कृतिक जिला अधिकारी फरीदाबाद सुनीता, जज्बा फाउंडेशन के संयोजक हिमांशु भट्ट को युवा आगाज़ संगठन की पूरी टीम ने आभार जताया व धन्यवाद किया। युवा आगाज संस्था के संयोजक जसवंत पवार ने बताया कि उन्हें यह सम्मान समाज के प्रति विभिन्न श्रेणियों में किए गए समाजिक कार्यों को ध्यान में रखते हुए खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के द्वारा दिया गया है जो कि हरियाणा प्रदेश में वर्ष में एक बार युवा क्लब को दिया जाता है। पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा समय-समय पर जिले में जमीनी स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम, स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सड़क सुरक्षा अभियान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य करने का काम किया जाता है, जिनको ध्यान में रखते हुए विभाग के द्वारा यह सम्मान स्वरूप अवार्ड उन्हें मिला है, जिसका श्रेय पूरे फरीदाबाद वासियों, युवा आगाज संगठन के निष्ठावान कार्यकर्ता,फरीदाबाद खेल एवं युवा विभाग और फरीदाबाद की जागरूक मीडिया को दिया जाता है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया की टीम ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गएआरोपी का नाम वाहिद उर्फ मोनू है जो यूपी के हापुड़ का रहने वाला है।

आरोपी के खिलाफ महिला थाना एनआईटी में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने फरीदाबाद की रहने वाली एक युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस को दी अपनी शिकायत में युवती ने बताया कि उनकी परचून की दुकान है और कई बार वह दुकान पर बैठती है। दिसंबर 2020 में आरोपी फरीदाबाद में किसी शादी में आया था जहां वह उसकी दुकान पर आया और बहाने से उसका फोन नंबर लेकर चला गया जिसके पश्चात आरोपी ने उसके साथ फोन पर बातचीत करना शुरू कर दी और उनकी दोस्ती हो गई।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103






**अहम, लालच, जलन से दूर अब इंसान हो ईश्वर**
**वतन के वास्ते हर दिल में अब अरमान हो ईश्वर**
**दिलों में लेके कालिख़ अब अधिकतर लोग मिलते हैं**
**दिलों की भी सफ़ाई का कोई अभियान हो ईश्वर**

## कोविड विस्फोट

### भारत सतर्क

**चीन** में कोविड मामलों में पुन: उभार व असाधारण वृद्धि के बाद इसका खतरा बढ़ गया है। इससे निपटने के लिए सतर्कता जरूरी है। जब कोविड की विभीषिका थम गई थी तथा दुनिया विश्वास करने लगी थी कि अब मुसीबत का समय बीत गया है, तभी वैश्विक महामारी एक बार फिर हमें डराने लगी है। हम में से बहुत से लोग आर्तनाद कर सकते हैं 'अब और नहीं' क्योंकि हम पहले ही भारी मुसीबत झेल चुके हैं। भारत में लाखों और पूरी दुनिया में करोड़ों लोग मारे गए, दुनिया भर की अर्थव्यवस्थायें चौपट हो गईं तथा सप्लाई श्रृंखलायें बहुत बुरी तरह लड़खड़ा गईं। लेकिन शायद कोविड फिर परेशान करने वाले एक भयानक सपने की तरह सामने आ रहा है। इस बार चीन सर्वाधिक प्रभावित है जहां से नोवल कोरोनावायरस लगभग तीन साल पहले शुरू हुआ था और दूसरे देशों में फैल गया था। इसका कारण चीन सरकार की या सबसे बुरे तरीके से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की मूर्खतापूर्ण भूमिका थी। एक एजेंसी की खबर के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनेक सलाहकारों ने कहा था कि 'कोविड-19 वैश्विक महामारी आपातस्थिति को समाप्त घोषित करना बहुत जल्दबाजी होगी क्योंकि चीन में संभावित विनाशकारी लहर आ सकती है।' चीन के लिए संभावनायें अत्यधिक निराशाजनक हैं। एक प्रमुख वैज्ञानिक इरिक फीगेल-डिंग ने कहा है कि चीन की 60 प्रतिशत जनसंख्या तथा धरती की 10 प्रतिशत जनसंख्या संक्रमित हो सकती है और मरने वालों की संख्या लाखों में पहुंच सकती है। स्वतंत्र खबरिया संगठन भयानक परिदृश्य पेश कर रहे हैं। चीन से अनेक डरा देने वाली खबरें आने लगी हैं, कोरोना नियंत्रण हटाने के बाद से पहली बार अस्पताल पूरी तरह भर गए हैं और कम से कम एक अस्पताल में लाशों का ढेर लगा है।



चीन में हाल ही में कोविड के उभार का कारण मुख्यत: सरकार की अत्याचारी, गैर-प्रतिनिधिक व गैर-सहभागी प्रकृति है जिसे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी ने देश पर थोप दिया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की असाधारण महत्वाकांक्षा तथा संकुचित सोच ने स्थिति और बिगाड़ दी है। बीजिंग तथा पश्चिम के अनेक उदारवादियों ने वैश्विक महामारी के खिलाफ चीन की 'शून्य कोविड नीति' की प्रशंसा की थी, लेकिन इसने कम्युनिस्ट स्वेच्छाचारियों को तगड़ा धक्का दिया है जो अपने 'सर्वज्ञानी' होने की सोच छोड़ने को तैयार नहीं हैं। दुनिया भर में वायरस विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों व जनसंख्या में फैला और इससे बड़ी संख्या में लोग मरे। लेकिन यह प्रक्रिया चीन की तुलना में चरणबद्ध व धीमी थी। संक्रमणों ने बड़ी संख्या में लोगों को मजबूत बना दिया और वैक्सीनों ने इसमें सहायता की। लेकिन अति-राष्ट्रवादी शी जिनपिंग ने कोवीशील्ड व फाइजर जैसी अच्छी वैक्सीनों का प्रयोग करने के बजाय खराब गुणवत्ता वाली स्वदेशी वैक्सीनों पर जोर दिया जिससे स्थिति और खराब हुई। जैसे इतना काफी न रहा हो, स्वयं को 'हम अलग और सर्वोत्तम' सिद्ध करने की जिद के चलते सीसीपी अधिकारियों ने अत्यधिक कठोर नियंत्रण लगाए तथा यह सुनिश्चित किया कि इनका सर्वसत्तावादी राज्य द्वारा निर्मम क्रियान्वयन किया जाए। लेकिन मनुष्यों की सहनशक्ति की भी सीमा होती है। हाल ही में चीन की जनता ने उन अमानवीय नियंत्रणों के खिलाफ विद्रोह कर दिया जिसका सामना वे महीनों से कर रहे थे। अचानक 'शून्य कोविड नीति' समाप्त करने के कारण वैश्विक महामारी का संक्रमण तथा लोगों का अस्पतालों में भर्ती होना तेजी से बढ़ा। भारत इस खतरे से सतर्क है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने अधिकारियों व विशेषज्ञों के साथ बैठक के बाद कहा, 'सभी संबंधित लोगों को सतर्क रहने व निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। हम स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहे हैं।' उम्मीद करनी चाहिए कि भारत में कोई खतरनाक स्थिति नहीं पैदा होगी।

# मेक इन इंडिया का महत्वपूर्ण योगदान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने का आह्वान किया है। उनकी 'मेक इन इंडिया' पहल से विनिर्माण व निर्यात को प्रोत्साहन मिला है।



**दर्शना जरदोश**
(लेखिका रेल राज्यमंत्री हैं)



वर्ष 2014 में 25 सितंबर, 2014 को 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की गई। इसका लक्ष्य निवेश आकर्षित करना, खोज को प्रोत्साहित करना, विश्व स्तरीय ढांचागत संरचना की सुविधा देना तथा भारत में डिजाइन को प्रोत्साहित करना था ताकि देश विनिर्माण, डिजाइन व खोज का केन्द्र बन सके। इसका लक्ष्य स्थानीय विनिर्माण व सप्लाई श्रृंखला का बढ़ावा देना भी था जो अधिकतम संभावित उत्पादों व सेवाओं का संचालन कर सके। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में विविधतापूर्ण उत्पादों की प्रचुरता है। इसलिए इस पहल का उद्देश्य भारत को अपनी विविधता बनाए रखने में सहायता करना भी था ताकि इसके उत्पाद विशिष्ट और वाणिज्यिक रूप से सफल हों। इसके लिए थोड़े प्रोत्साहन की जरूरत थी जिसका समय आ गया था। आत्मनिर्भर भारत अभियान या मेक इन इंडिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशिष्ट आह्वान था जिसके माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाना था। इसके नतीजे अब सामने आने लगे हैं। मेक इन इंडिया एक अच्छा अवसर था जिसने स्टार्टअप प्रयासों व टेक परिस्थितिकी तंत्रों को खोज, विकास व स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन में सहायता दी। इसने हमारे स्थानीय उद्योगों, स्वदेशी उद्योगों, संसाधनों व उद्यामिता को भी बढ़ावा दिया। जब भारत अपनी 'मेक इन इंडिया' क्षमताओं पर ध्यान देकर उनको मजबूत करने में लगा था, उसी समय दुनिया में गतिरोध आ गया। दुनिया को कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने तगड़ा धक्का दिया। लेकिन विभीषिका की सुर्खियों के बीच भी भारत अपने साहसी रास्ते पर डटा रहा और स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने के रास्ते पर चलता रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंत्र 'वोकल फार लोकल' जनता में लोकप्रिय हो गया और इसका विस्तार कर 'लोकल गोज़ ग्लोबल-मेक इन इंडिया फार द वर्ड' हो गया। मोटेतौर से इसका अर्थ था कि भारत की स्थानीय चीजों का दुनिया भर में प्रसार हो तथा भारत सारी दुनिया के लिए विनिर्माण का केन्द्र बने। भारत ने इसी दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर दिया। भारत ने स्थानीय विनिर्माण को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढाला और वह इसमें सफल हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय निर्यातकों से नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया जो महामारी-पश्चात दुनिया में वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में होने वाले परिवर्तनों से पैदा हुए थे। विदेशों में भारतीय दूतावासों को भारतीय वस्तुओं के लिए नए बाजार विकसित करने में सहायता के लिए कहा गया। प्रधानमंत्री ने वादा किया कि सरकार उद्योगों के साथ मिल कर निर्यात बढ़ाने में सहयोग करेगी। उन्होंने कहा, विश्व व्यापार में निर्यात बढ़ाने के लिए भारत को 'सतत व उच्च गुणवत्ता वाली सप्लाई श्रृंखला तथा कम खर्च वाली लाजिस्टिक्स' की आवश्यकता है। उन्होंने बताया, 'हमारे लिए यह समय गुणवत्ता व विश्वसनीयता की नई पहचान स्थापित करने का है। हमें प्रयास करना चाहिए कि दुनिया के हर क्षेत्र से भारत के उच्च गुणवत्ता वाले मूल्य-संवर्धित उत्पादों की मांग होने लगे।'


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों ने नया जोश और नया विश्वास पैदा किया। इसके साथ ही उनकी सरकार ने 'बिजनेस सुगमता' के लिए औद्योगिक नीतियां पुन: परिभाषित करने की तैयारी भी रेखांकित की। कोविड-19 के कारण पैदा सुस्ती से बाहर निकलने का प्रयास करने वाली अर्थव्यवस्था में प्रधानमंत्री ने उद्योगों से निर्यात बढ़ाने के तरीके तलाशने का आह्वान किया। एक साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भारत से वस्तुओं का निर्यात बढ़ाने की रणनीति परिभाषित की थी। इस कदम का उद्देश्य वैश्विक महामारी के कारण अर्थव्यवस्था में आई गिरावट दूर करना था। इसके लिए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के निर्यातों में विविधीकरण लाने की जरूरत है। इसके साथ ही ऐसे नए उत्पादों की पहचान की जानी चाहिए जिनका निर्यात किया जा सकता है। इन चीजों का निर्यात बढ़ाने के लिए बाजारों की तलाश के साथ खास रणनीतियां भी आवश्यक थीं। भारत इस दिशा में अपनी नई पहचान बनाने को तत्पर हुआ और उसने 'मेक इन इंडिया' को विस्तार देकर 'मेक फार द वर्ड' बनाने का प्रयास किया। भारत इस प्रयास में सफल हुआ। स्वदेशी विनिर्माताओं की क्षमता व प्रतियोगी क्षमता में सुधार से भारतीय निर्यातों को तेज गति से बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई। निर्यातों में तेजी आने से भारतीय अर्थव्यवस्था का तेज विकास भी सुनिश्चित हुआ। इसके बाद वह समय आया जब भारत ने निर्यातों में उच्च स्थान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा, 'पहली बार एक वित्त वर्ष में भारत के व्यापारिक निर्यात 400 बिलियन डालर से आगे निकल गए।' उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा, 'आज हमारे छोटे उद्यमी सरकार के ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से सरकारी खरीद में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। तकनीक के माध्यम से एक पारदर्शी व्यवस्था विकसित की गई है।'

निर्यातों के पुनर्जीवन से राहत मिली। हालांकि, इस उभार में अनेक तत्व शामिल थे, पर एक उल्लेखनीय तत्व बहु-प्रतीक्षित निर्यात विविधीकरण था। भारतीय निर्यातकों को अनेक उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहनों-पीएलआई से सहायता दी गई। ये योजनायें हर क्षेत्र में लागू थीं, जैसे मोबाइल विनिर्माण, एलेक्ट्रानिक व टेक्सटाइल उत्पाद। सरकार की इन सक्रिय योजनाओं से निर्यात क्षेत्र को सहायता मिली जिनमें व्यापारिक निर्यात योजना, ड्यूटी छूट योजना, पूंजीगत वस्तु निर्यात प्रोत्साहन, परिवहन व मार्केटिंग सहायता, आदि शामिल हैं। कुछ क्षेत्रों ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया। भारत ने 9.65 बिलियन डालर का चावल निर्यात किया जो कृषि उत्पादों में सर्वाधिक था। गेंहू निर्यात में भी 288 प्रतिशत वृद्धि हुई। हथकरघा समेत भारत का टेक्सटाइल व वस्त्र निर्यात वित्त वर्ष 22 में 44.4 बिलियन डालर पहुंच गया जो प्रति वर्ष 41 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। सूती एसेसरीज़ समेत रेडीमेड वस्त्रों का निर्यात वित्त वर्ष 22 में 6.19 बिलियन डालर रहा। नए कृषि सुधारों से भारत में कपास उत्पादन 2030 तक 7.2 मिलियन टन पहुंचने की उम्मीद है। भारत कार्बनिक व अकार्बनिक रसायनों, टैनिंग व डाई, कृषि रसायनों, प्लास्टिक, संश्लेषित रबर, फिलामेंट, आदि का निर्यात करता है। वित्त वर्ष 2022-23 में रसायनों व पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 8.24 बिलियन डालर था। कार्बनिक व अकार्बनिक रसायनों, कृषि रसायनों, डाई व डाई सहायक तथा विशेष रसायनों के निर्यात में वृद्धि हुई है। फार्मास्यूटिकल निर्यातों में ओटीसी औषधियां, जेनेरिक्स, एपीआई, वैक्सीनें, बायोसिमिलर व कस्टम रिसर्च विनिर्माण-सीआरएम शामिल हैं। भारतीय निर्यातों में फार्मूलेशन्स व बायोलाजिक्स का महत्वपूर्ण स्थान है जिनका हिस्सा 73.31 प्रतिशत है। इसके बाद ड्रग इंटरमीडियरीज़ व बल्क ड्रग्स का स्थान है। तैयार स्टील निर्यात 13.49 एमटी है। भारत कच्ची स्टील का दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है जो अप्रैल, 2022 मं 10.14 एमटी था। भारतीय स्टील क्षेत्र की प्रगति का आधार देश में कच्चे माल जैसे आयरन ओर व सस्ती श्रमशक्ति की उपलब्धता के कारण है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। इस वित्त वर्ष इसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ओडिशा, गुजरात व कर्नाटक का निर्यात बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान है। राज्यों ने निर्यात क्षेत्र में सक्रिय योगदान देना शुरू किया है। लेकिन उनको निर्यात संवर्धन में समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए थोड़ा समय चाहिए। उनको उचित बिजनेस परिवेश तथा सुविधायें बढ़ाने पर खास ध्यान देना चाहिए। राज्यों के स्तर पर ढांचागत संरचना, औद्योगिक पार्क, उपयुक्त बिजली व त्वरित प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जरूरत है। भारत के निर्यात में अप्रैल-अगस्त, 2022 में 636 प्रतिशत की असाधारण प्रगति हुई है। भारत ने वर्ष 2030 तक 1 ट्रिलियन डालर वाणिज्यिक निर्यात सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। इसमें 14 उत्पाद प्रमुख भूमिका अदा करेंगे जिनमें दवा, बिजली की मशीनें, प्लास्टिक, हीरे जवाहरात, फर्नीचर व टेक्सटाइल के साथ रक्षा, डिजिटल व हरित जैसे नए क्षेत्र भी शामिल हैं। निर्यात भारतीय अर्थव्यवस्था का इंजन बन गए हैं।

# भारत में फुटबाल को मिले प्रोत्साहन

**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



क्रिकेट जहां राजसी लोगों का खेल है, वहीं फुटबॉल जनता का खेल है। लेकिन क्रिकेट की लोकप्रियता की बदौलत यह खेल देश में कम महत्वपूर्ण है। कतर में फीफा विश्व कप फुटबॉल फाइनल के दौर पर पेरिस में हुए दंगाई प्रदर्शन ने दिखाया कि फुटबॉल किस हद तक भावनाओं को जगा सकता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल है, जिसके सबसे ज्यादा प्रशंसक हैं और यह अपार धन की कमाई करता है। वर्ष 2021 में, विश्व फुटबॉल की कमाई 600 बिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया गया था, जो अन्य सभी खेलों की कुल कमाई से दोगुनी से अधिक थी। संयोग से, संयुक्त राज्य अमेरिका में, फुटबॉल को सॉकर कहा जाता है।

फुटबॉल भारत में क्रिकेट से पहले आया था, जिसे शुरू में जिन राजकुमारों द्वारा प्रोत्साहन और संरक्षण दिया गया था, जो जामनगर, बड़ौदा, होल्कर और पटियाला जैसे राज्यों के सिंहासन पर बैठे थे। प्रसिद्ध रणजी जामनगर के महाराजा बन गए और राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तानी आम तौर पर पटियाला, पोरबंदर, विजयनगरम और इसी तरह के महाराजाओं द्वारा की जाती थी। संक्षेप में, क्रिकेट एक राजसी खेल था, जो भारत की मिट्टी से बहुत कम जुड़ा था। दूसरी ओर, पूर्वी और दक्षिणी भारत में फुटबॉल आम आदमी का पसंदीदा था, उत्तर हॉकी का शौकीन था जबकि पश्चिम क्रिकेट खेलने की कोशिश करता था। पूर्वी भारत के फुटबॉल नायक गोश्त पाल थे, जो 1936 में सेवानिवृत्त हुए थे जिनकी कोलकाता में राजभवन के पास आकाशवाणी भवन के सामने एक ऐसी पूर्ण आकार की कांस्य प्रतिमा है, जैसी फिलहाल, किसी क्रिकेटर की ऐसी तुलनात्मक कोई प्रतिमा नहीं है। हाल ही में, मुंबई में भारी क्रिकेट हस्ती के उभरने की खबरें आई हैं।

इस कहने का मुख्य मकसद यह है कि हमारे देश में कुछ संस्थानों को अंतत: राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने पर विचार करना चाहिए। यह खेल भारत के आम लोगों के लिए, चाहे वे शहरों, कस्बों या गांवों में हो, आदर्शतया अनुकूल है। फुटबॉल को क्रिकेट के लिए आवश्यक भूमि क्षेत्र का केवल छठा हिस्सा चाहिए। एक छोटे से गांव में भी, लड़के और लड़कियां बिना ज्यादा तैयारी के गेंद को किक करना शुरू कर सकते हैं। इसमें स्टीमरोलर्स जैसे यंत्रीकृत उपकरण की कोई आवश्यकता नहीं है। इसमें गेंद के अलावा कोई उपकरण नहीं होता है। कुछ साल पहले तक खिलाड़ियों को जूते पहनने की कोई जरूरत नहीं थी। महान गोष्टा पाल ने



केवल मानसून के दौरान जूते पहने थे। यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि फुटबॉल वर्ष के किसी भी समय खेला जा सकता है। यूरोप इसे शीतकालीन खेल मानता है, जबकि भारत में इसे ग्रीष्म-सह-मानसून खेल माना जाता है। खिलाड़ी को ज्यादा उपकरणों की जरूरत नहीं होने के अलावा, टीम या क्लब को भी किक-ऑफ की तैयारी के लिए बड़ी रकम खर्च करने की जरूरत नहीं होती है। एक संतोषजनक गेम के लिए फुटबॉल में दो घंटे से भी कम समय लगता है जबकि क्रिकेट में अधिक समय लगता है। गोष्ठ बिहारी पाल, (अगस्त 1896 - अप्रैल 1976) एक भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी थे, जो डिफेंडर के रूप में खेलते थे। वह भारत की राष्ट्रीय टीम के पहले कप्तान थे जो 1920 और 1930 के दशक के दौरान खेले। अपने करियर का अधिकांश समय मोहन बागान के लिए खेलते हुए, पाल को सदी पुराने क्लब के लिए खेलने वाला अब तक का सबसे अच्छा खिलाड़ी माना जाता है। एशिया के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता, रवींद्रनाथ टैगोर ने मोहन बागान के खिलाड़ियों के शांतिनिकेतन में आगमन के बाद पाल से मिलने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए कहा था, ''अरे वाह, आप चीनी दीवार, गोश्त पाल हैं न?' ''चिनर प्राचीर'' (चीन की महान दीवार) के रूप में उपनामित, पाल समकालीन भारतीय फुटबॉल के सर्वश्रेष्ठ रक्षकों में से एक थे। उनकी मृत्यु के बाद, 1984 में कोलकाता मैदान क्षेत्र में ईडन गार्डन के सामने गोस्थ पाल सरणी (उनके नाम पर) में उनकी याद में एक मूर्ति स्थापित की गई थी। प्रतिमा का अनावरण तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री जतिन चक्रवर्ती ने किया था। 1998 में, इंडिया पोस्ट द्वारा कलकत्ता में पाल को समर्पित एक डाक टिकट का अनावरण किया गया था। इस प्रकार, वह अपने सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट पाने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। बाद में, मोहन बागान क्लब टेंट के भीतर, उनके नाम पर एक संग्रहालय बनाया गया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के 'गोल्डन बेबी लीग' के तत्वावधान में इस महान खिलाड़ी के नाम पर गोष्ठा पाल चैंपियनशिप की शुरुआत की गयी, ताकि कोलकाता से अधिक बच्चों को फुटबॉल संस्कृति का हिस्सा बनाया जा सके।

फीफा के पूर्व अध्यक्ष सेप ब्लैटर, जिन्होंने 2007 में भारत का दौरा किया था, ने भारत को विश्व फुटबॉल का 'सोया हुआ देव' कहा था, और इसे जगाना चाहा था। फीफा के पूर्व बॉस सेप ब्लैटर ने इस सुंदर खेल के लिए भारत को 'एक और बाजार' कहा और तत्कालीन आगामी फ्रेंचाइजी-आधारित इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का समर्थन किया। ब्लैटर ने 2007 की अपनी भारत यात्रा के दौरान, भारत को ''सोई हुआ देव'' करार दिया था और व्यापक पैमाने पर सुधारों और अधिक पेशेवरपन लाने का आह्वान किया था।

लेटर ने स्पोर्ट्स बिजनेस इंटरनेशनल नामक पत्रिका के साथ बातचीत में कहा था, ''फुटबॉल को पूरी दुनिया में फैलते रहना है। हमने चीन में पेशेवर लीग होने से सफलता देखी है, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हम भारत में एक पेशेवर फुटबॉल लीग शुरू करेंगे।''

विश्व फुटबॉल की प्रशासनिक संस्था के प्रमुख ने कहा, ''यह फुटबॉल के लिए एक और बाजार है, वित्तीय बाजार नहीं बल्कि हमारे खेल को विकसित करने का एक और बाजार है। भारत में 1.3 बिलियन लोग हैं। ये वो 1.3 बिलियन लोग हैं जो अब फुटबॉल खेलना चाहते हैं।'' । उन्होंने आगे कहा, ''जाहिर है, वे क्रिकेट पसंद करते हैं और यह एक अच्छा खेल है, उन्हें इसे खेलने दो, लेकिन यह फुटबॉल जितना अच्छा नहीं है। '' ब्लैटर ने कहा। भारत की विशाल जनसंख्या तथा खेलों के लिए समुचित आर्थिक संसाधनों की कमी को देखते हुए फुटबाल को प्रोत्साहन आम जनता में खेल भावना को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

## आप की बात

### डिजिटलीकरण का दौर

**वैश्विक** महामारी के दौरान डिजिटलीकरण तेजी से हुआ। जबकि इसकी बुनियाद पहले ही रख दी गयी थी, लेकिन जियो की फ्री 4जी सेवा ने इसको बढ़ावा देने का काम किया। भारत में भी डिजिटल, इन्टरनेट और डाटा जैसे शब्द गांवों तक अपने पैर पसार लिए। युवाओं में इन्टरनेट के माध्यम से ही पबजी, फ्रीफायर, टिकटॉक जैसे मंच प्रिय और चर्चित हुए। आकड़ों के मुताबिक वीडियो शेयरिंग प्लैटफॉर्म यूट्यूब क्रिएटर्स ने 2021 में दस हजार करोड़ रुपये का योगदान दिया है । इसी दौरान, देश में लगभग साढ़े सात लाख नौकरियों को सहारा भी दिया। तकनीकी की मदद से बढ़ रहे डिजिटल से दुनिया में कई नए बदलाव भी देखने को मिल रहे। पिचाई ने कृषि, स्वास्थ्य और भाषा में एआई के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया के तहत 30 करोड़ डॉलर के कोष में से एक चौथाई महिलाओं के स्टार्टअप पर दी जानी चाहिए। आज भारत को जरूरत है कि देश के दुर्गम क्षेत्रों में भी तकनीक पहुंचे, डिजिटल डिवाइड को कम किया जाए और डाटा थ्रेट, प्राइवेसी जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुएए डिजिटल दुनिया और डिजिटल इंडिया को सशक्त किया जाए। इन कदमों से भारत में आम जनता का सशक्तीकरण तेज होगा।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली

### खाद की कमी

**वर्तमान** समय में बिहार में यूरिया की किल्लत है जिससे किसान को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और फसलों को नुकसान हो रहा है क्योंकि सही समय पर उर्वरक खाद नहीं मिल पा रहा है। आज हमारे-आपके पास यदि दो समय की रोटी पहुंच रही है इसमें सबसे बड़ा योगदान हमारे देश के किसान भाइयों का है। किसी भी सजीव प्राणी को जीवित रहने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, इसके लिए कहीं से भी किसी भी प्रकार से यूरिया की किल्लत होना बहुत ही शर्मिंदगी का विषय है। राज्य केंद्र को दोषी ठहराए,या केंद्र राज्य को..कहीं से भी उचित नहीं है। एक तो किसान नीलगाय और जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ तापमान की समस्या तो झेलता ही है ऊपर से यूरिया की किल्लत का राजनीतिकरण होना उनके लिए दोहरी सिरदर्द बना हुआ है। किसान भाइयों को सही समय पर खाद, बीज, उर्वरक खाद की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, तभी फसल को सही से उगाया जा सकता है और अन्न भंडार को सुरक्षित किया जा सकता है इस पर केंद्र और राज्य सरकार को समग्र प्रयास करने और जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की जरूरत है जिससे किसान भाइयों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

**एस कुमार,** वैशाली

### चीन पर विपदा

**तवांग** झड़प के बाद चाइना एक् बार फिर खबरों के केंद्र में है परन्तु इस बार कारण सीमा विवाद नहीं, बढ़ता कोरोना संक्रमण है। एक अनुमान के मुताबिक अगले 90 दिनों में चाइना की लगभग साठ प्रतिशत आबादी कोरोना की चपेट में आ सकती है साथ ही विश्व की लगभग दस प्रतिशत आबादी पर यह खतरा मंडरा रहा है, हालांकि अभी गति धीमी है परन्तु इस गति के तेज होने में पूर्व की भांति ज्यादा समय नहीं लगेगा, इसलिए देशवासियों के साथ सरकार को आवश्यक कदम अभी से उठाने होंगे अन्यथा कब और कितनी विकराल स्थिति पैदा हो जाए इसका अनुमान लगा कर ही चिंता होने लगती है। सरकार को अभी से संक्रमित देशों की सूची बनाकर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को व्यवस्थित करने और आवश्यक हो तो रोकने की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कर लेनी चाहिए। देशवासियों को भी जरुरी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत कोरोना के प्रकोप से सुरक्षित रहेगा और जनता इसमें पूरा सहयोग करेगी।

**मनोज,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



1949 में चीन की जीडीपी भारत से कम थी। 2014 में भारत विश्व की नवीं अर्थव्यवस्था था, जबकि आज यह चौथे स्थान पर आ गया है।

**- राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

**मेरे** विचार से 6 जनवरी को राष्ट्रपति की कार्रवाई अनुचित थी, पर मैं वकीलों से सलाह लेने को अपराध नहीं मानता हूं।

**- माइक पेंस**
पूर्व अमेरिकी उप राष्ट्रपति





**हम** भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, पर यदि आप इसे गलत तरीके से करेंगे तो उसका विरोध करेंगे।

**- भूपेश बघेल**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

# पट्टे के तालाबों पर भी मत्स्य पालकों को मिलेगा अनुदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में ग्राम सभा के पट्टे पर आवंटित तालाबों पर प्रदेश सरकार मत्स्य पालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ देगी। अभी तक इस बारे में चल रही प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में ऐसी कोई परियोजना अनुमन्य नहीं है। इसी रिक्तता को भरने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का क्रियान्वयन दो उप योजनाओं कम्पोनेन्ट-ए एवं कम्पोनेन्ट बी के माध्यम से किया जाएगा। कम्पोनेन्ट-ए के तहत मनरेगा कन्वर्जन्स अथवा पट्टाधारक स्वयं तथा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में प्रथम वर्ष निवेश पर अनुदान के लिए इकाई लागत चार लाख रुपये प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए राज्य कैबिनेट ने मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित दिशा-निर्देशों को अनुमोदित कर दिया है। कैबिनेट ने यह निर्णय भी लिया है कि योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन के लिए, मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे। मत्स्य उत्पादन में प्रचुर बढ़ोत्तरी करने तथा मछुआ समुदाय एवं मत्स्य पालकों की स्थिति में समग्र रूप से गुणात्मक विकास लाने के लिए भारत सरकार द्वारा 20 मई 2020 से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू की गई है। मत्स्य क्षेत्र से प्रदेश में लगभग 39 लाख मछुआरों एवं मत्स्य पालकों को आजीविका प्राप्त होती है। इस क्षेत्र में उत्पादकता वृद्धि और मत्स्य पालकों की आर्थिक समृद्धि की अपार सम्भावनाएं हैं। इसके दृष्टिगत प्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में वृद्धि लाने व ग्रामीण अंचलों में आवासित स्थानीय मत्स्य पालकों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के रूप में एक नवीन राज्य योजना प्रस्तावित की जा रही है।

प्रदेश में ग्राम सभा के तालाबों में मत्स्य पालन का कार्य स्थानीय मछुआरों व पट्टाधारकों द्वारा परम्परागत तरीके से किया जा रहा है।

वर्तमान में प्रचलित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में ग्राम सभा के पट्टे पर आवंटित तालाबों पर कोई परियोजना अनुमन्य नहीं है। इसी रिक्तता को भरने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रस्तावित की जा रही है। मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पांच वर्षों 2022-23 से वर्ष 2026-27 तक के लिए संचालित की जाएगी।

## आसानी से हो सकेगा महुआ के फूल-बीज आंवला व चिरौंजी का उपभोग व विपणन

**लखनऊ।** प्रदेश में महुआ के फूल-बीज, लाख, आंवला के फलों और चिरौंजी के उपभोग और विपणन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। कैबिनेट ने महुआ के फूल, महुआ के बीज, लाख, आंवला के फलों एवं चिरौंजी को उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज का अभिवहन नियमावली, 1978 के सम्बन्ध में अधिसूचना निर्गत किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। वनों में निवास करने वाले अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परम्परागत वन निवासियों, लघु एवं सीमान्त कृषकों की आय में वृद्धि तथा इन वन उपजों के सतत् विदोहन एवं विपणन से उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए, महुआ के फूल तथा बीज, लाख, आंवला का फल एवं चिरौंजी को उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज का अभिवहन नियमावली, 1978 के प्राविधानों से मुक्त किए जाने का निर्णय लिया गया है।

**देवरहा बाबा राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में उच्च विशिष्टियां अनुमोदित:** कैबिनेट ने महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में 30 बेडेड ट्रॉमा सेंटर, 20 बेडेड बर्न वॉर्ड एवं 20 बेडेड टॉक्सीकोलॉजी वॉर्ड युक्त भवन के निर्माण की प्रायोजना में सम्मिलित आवासीय भवनों में मिनरल फाइबर, एकास्टिकल फॉल्स सीलिंग, केन्द्रीय वातानुकूलन (वीआरवी/वीआरएफ सिस्टम), ग्रेनाइट वॉल लाइनिंग एवं मेटल फॉल्स सीलिंग आदि उच्च विशिष्टियों को अनुमोदित कर दिया है।

# रिवर सिटीज एलायंस में शामिल हुए यूपी के 12 शहरी नगर निकाय

● नमामि गंगे की तर्ज पर होगी यूपी के 12 शहरों से गुजरने वाली नदियों की सफाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार उत्तर प्रदेश के 12 शहरों से गुजरने वाली प्राचीन नदियों को सफाई अब नमामि गंगे की तर्ज पर कराने जा रही है। नदियों की साफसफाई के लिये लोगों को जागरूक करने के साथ नदी सफाई से लोगों को जोड़ने जा रही है। सरकार की मंशा को पूरा करते हुए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स ने मिलकर अन्य साझेदारों के साथ 12 शहरों की नदियों को निर्मल बनाने का बीड़ा उठाया है। शहरों में नदियों की सूरत संवारने के लिये रिवर सिटीज एलायंस की अवधारणा पीएम नरेन्द्र मोदी ने दी है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार इसको साकार रूप दे रही है। राज्य में गंगा नदी की सफाई के साथ उसकी सहायक नदियों की सफाई के लिये राज्य सरकार ने अभियान छेड़ रखा है। कुछ दिनों पहले अभियान को गति देते हुए नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने जल निगम के एमडी बलकार सिंह के साथ कई जिलों का दौरा किया था। कानपुर, प्रयागराज में एसटीपी के निरीक्षण के दौरान कमी पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश भी दिये थे। सरकार के प्रयासों का असर है कि अब आगरा, इटावा में यमुना, बरेली में रामगंगा, गाजियाबाद में हिंडन, गोरखपुर में रामगढ़ताल, राप्ति, रोहिणी, घाघरा, जौनपुर, लखनऊ में गोमती, झांसी में बेतवा, कन्नौज में गंगा, मुज्फ्फरनगर में काली, शाहजहांपुर में रामगंगा, सहारनपुर में हिंडन नदी की सूरत बदलने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

# पर्यटन की निर्माणाधीन परियोजनाओं को 15 जनवरी तक पूरा करें: जयवीर



● निर्माण कार्य में घटिया सामग्री प्रयोग करने वाली संस्था के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन विकास एवं मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं तथा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन परियोजनाओं के सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ 15 जनवरी 2023 तक हर-हाल में पूरा करें एवं उससे संबंधित हाई रिज्यूलूशन फोटोग्राफ एवं क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि आवंटित कर दी गई है उससे जुड़ी टेंडर की प्रक्रिया पूरा कराकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पर्यटन मंत्री बृहस्पतिवार को पर्यटन भवन में विगत अप्रैल 2022 से अक्टूबर 2022 तक समय-समय पर आयोजित समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों एवं निर्णयों के कार्यान्वयन के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं पर्यटन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले एवं निर्माण के समय आपसी समन्वय बनाकर लोकेशन पर जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि कुछ कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाओं को तेजी से पूरा नहीं कर रहे हैं, यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि लम्बित परियोजनाओं एवं अवशेष कार्यों को तत्काल पूरा करा लिया जाए। कहा कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न धार्मिक पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों के लिए स्थापना सुविधाओं से संबंधित योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं के पूरा हो जाने से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी तथा साफ-सुथरा वातावरण मिलने पर प्रदेश की छवि भी देशी और विदेशी शैलानियों के बीच में एक अच्छा संदेश पहुंचाएगी। उन्होंने हर ऐजेन्सी को आवंटित परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की और कमियां पाए जाने पर कुछ एजेन्सियों को अपनी कार्य पद्धति में बदलाव लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उप्र ने पर्यटन के क्षेत्र में भारी निवेश आने की संभावना है, इससे प्रदेश में पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि निर्मित परियोजनाओं में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाए। जयवीर सिंह ने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की ढुल्लीकेसी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वृन्दावन में बनी हुई सड़क को दोबारा बनाये जाने की जानकारी होने पर इसकी जांच के लिए मण्डलायुक्त को पत्र लिखने का निर्देश दिया ताकि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव से संबंधित कार्य बसंत पंचमी से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने धनराशि स्वीकृत होने के बाद कार्य में अपेक्षित गति न लाने पर नाराजगी व्यक्त की। पर्यटन मंत्री ने उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस समिट के दौरान 10 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य रखा है।

# किसानों का हक मारने वाले जाएंगे जेल: भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने निर्देश दिए हैं कि घटतौली कर गन्ना किसानों का हक मारने वालों को जेल भेजा जाए। भूसरेड्डी बृहस्पतिवार को गन्ना आयुक्त कार्यालय के सभागार में प्रदेश की समस्त चीनी मिलों के गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केंद्रों पर संस्थापित तौलन यंत्रों के सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर एवं एएमसी प्रदाताओं की बैठक कर रहे थे। भूसरेड्डी द्वारा वर्तमान पेराई सत्र के दौरान चीनी मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर सुचारू रूप से गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा घटतौली पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में गन्ना कृषकों के हितों की रक्षा करने एवं घटतौली रोकने के लिए समस्त चीनी मिलों के मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर गन्ने की तौल में पारदर्शिता एवं शुद्धता के दृष्टिगत इलेक्ट्रानिक तौलन पट्ट स्थापित कराए गए हैं। किसानों के गन्ने तौल में प्रयुक्त होने वाले इलेक्ट्रानिक तौलन पट्ट की शुद्धता को प्रत्येक दशा में अक्षुण्ण रखने तथा इसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ एवं अवांछित कैलिब्रेशन की संभावना समाप्त करने के लिए विभाग द्वारा कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि तौल वेब्रिजों में एनॉलाग लोडसेल के स्थान पर डिजिटल लोडसेल एवं इंडिकेटर का प्रयोग प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा वेब्रिजों पर कैलिब्रेशन को रिसेट से बचाने के लिए प्रत्येक जांच के बाद कैलिब्रेशन यंत्र को सील कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि तौल वेब्रिजों में केवल डाटा आउटपुट की सुविधा ही उपलब्ध हो इनपुट की सुविधा उपलब्ध न हो। जिससे कि वास्तविक डाटा ही प्रदर्शित हो सके। चीनी मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर घटतौली की गोपनीय सूचना प्राप्त करने के लिए स्थानीय लोगों से यथा आवश्यक सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि इन दिशा-निर्देशों का पालन कर घटतौली पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए इलेक्ट्रानिक तौलन पट्ट (वेब्रिज) की शुद्धता को अक्षुण्ण रखा जा सकेगा तथा उसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ एवं अवांछित कैलिब्रेशन की संभावना पर रोक लगाई जा सकेगी। अपर मुख्य सचिव ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी तौल लिपिक की संलिप्तता घटतौली में पाई जाती है तो उसका लाइसेंस निलम्बित कर, निरस्तीकरण कराते हुए चीनी मिल अध्यासी एवं तौल लिपिक दोनों के विरुद्ध जमानत जब्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

# खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स 2023 की मेजबानी को यूपी तैयार

● ओपनिंग सेरेमनी लखनऊ और क्लोजिंग वाराणसी में होगी: सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स-2023 का आयोजन अगले वर्ष अप्रैल माह के अंत में प्रस्तावित है। यूनीवर्सिटी गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी लखनऊ और क्लोजिंग सेरेमनी वाराणसी में होगी। यूनीवर्सिटी गेम्स के तहत कुल 22 खेलों का आयोजन होगा। इसमें लगभग 8000 खिलाड़ियों के भाग लेने की सम्भावना है। वाराणसी जनपद में मलखम्ब, कुश्ती एवं योगा होगा। गोरखपुर में रोईंग तथा नोएडा में कबड्डी, जूडो, बॉक्सिंग, तीरंदाजी तथा फेंसिंग प्रतियोगिताएं होगी तथा अन्य खेल प्रतियोगिताएं लखनऊ में आयोजित की जाएंगी। एसीएस खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता मे खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स-2023 के आयोजन के संबंध में बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य की भूमिका पर चर्चा हुई। बैठक में स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया के डीजी संदीप प्रधान एवं खेलो इंडिया की सीनियर डायरेक्टर एकता विश्नोई सहित आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने हिस्सा लिया। खेलो इंडिया के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स-2023 के आयोजन के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स-2023 के सफल आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है।

# सभी पुलिस कर्मी मास्क व सेनेटाइजर का करें प्रयोग: एडीजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक** बार फिर कोरोना की आहट को देखते हुए राज्य के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने सभी पुलिस कर्मियों को मास्क धारण करने, सेनेटाइजर का प्रयोग और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में एडीजी बृहस्पतिवार को राज्य के सभी जोनल एडीजी, रेंज के आईजी/ डीआईजी, सभी पुलिस कमिश्नर और पुलिस कप्तानों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। एडीजी ने कहा है कि समस्त पुलिस कार्मिकों का शत प्रतिशत टीकाकरण (प्रथम व डबल डोज एवं बूस्टर डोज) कराया जाए। कमिश्नरेट और जिलों में उपलब्ध समस्त पब्लिक एड्रेस सिस्टम को चेक कराकर पुन: प्रभावी रूप से क्रियाशील करा लिया जाए। नए पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के लिए स्थान चिन्हीकरण की कार्रवाई अविलंब कर ली जाए। एडीजी ने कहा कि इन्ट्रीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर पर जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस कर्मियों को भी तैनात कर दी जाए। भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराया जाए। इस सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति से उन्होंने पुलिस मुख्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

## जी-20 सम्मेलन की बैठक में वेन्टेज कार में शहर घुमेंगे मेहमान

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डा रोशन जैकब की अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन के आयोजन की तैयारियों एवं स्थानीय स्तर पर समस्त सम्बन्धित विभागों से विचार-विमर्श के लिए बैठक का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि फुटपाथ मरम्मत, डेंटिंग, पेंटिंग, अण्डरपास पेंटिंग, लाइटिंग, जी 20 की होल्डिंग और प्रचार-प्रसार, पेड़ों पर लाइटिंग की व्यवस्था आदि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जायेगा। रोड स्वीपिंग, ड्रेनेज की साफ-सफाई, ड्रेन कवर, मेनहोल चैम्बर कवर, पानी के छिड़काव द्वारा पेड़ों की सफाई और सड़कों के किनारे अच्छे कूड़े बिन्स रखें जाने के निर्देश नगर निगम को दिये।

# जिनको कोरोना का डर नहीं था वह कांग्रेस की यात्रा से डर गए: खुर्शीद

● तीन जनवरी को यूपी में लोनी बार्डर से प्रवेश करेगी भारत जोड़ा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि आज केंद्रीय मंत्री कोरोना वायरस का हवाला देकर राहुल गांधी को पत्र लिख रहे हैं जबकि हमारे नेता ने सबसे पहले कोरोना को लेकर चेतावनी जारी की थी। उनकी चेतावनी के बाद भी उस समय प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ कार्यक्रम करने में व्यस्त थे। जब कोरोना चरम पर पहुंच गया था तब देश में चुनावी रैलियां हो रहीं थी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा किसी हाल में नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री का पत्र लिखना अगर राजनीतिक साजिश है तो हम इसे सफल नहीं होने देंगे। जिनको कोरोना का डर नहीं था वह कांग्रेस की यात्रा से डर गए। खुर्शीद बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में यात्रा कमेटी के कोऑर्डिनेटर बनाए गए खुर्शी ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में 7 सितंबर से शुरू हुए भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी को गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। यात्रा गाजियाबाद, बागपत, बड़ौत, शामली होते हुए सोनीपत के रास्ते हरियाणा में प्रवेश करेगी। इस यात्रा में 11000 राज्य यात्री सम्मिलित होंगे जो कि यात्रा की में शुरूआत से अंत तक लगातार चलेंगे। यूपी में भारत जोड़ो यात्रा 3 रात व 4 दिन रहेगी।

# निवेश के नाम पर जनता को गुमराह न करे भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**अखिलेश** यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार निवेश के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमराह न करे। पूरा राज्य मंत्रिमंडल और आला अफसर पिछले दिनों विदेशों में निवेश के लिए रोड-शो में व्यस्त रहे हैं परन्तु अब तक सिर्फ कागजी एमओयू ही बटोर जा सके हैं। वैसे भाजपा सरकार का इस मामले में पिछला ट्रैक रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। पिछले पांच वर्षों में निवेश के लिए कई इन्वेस्टमेंट समिट हुई लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है। न कहीं उद्योग लगे, न युवाओं को रोजगार मिला। भाजपा सब्जबाग तो खूब दिखा रही है पर जमीन पर कुछ नज़र नहीं आया। भाजपा वादा तो खूब करती है पर निभाती नहीं है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था। किसानों की आय अभी तक दुगनी तो क्या हुई उनका रहा-सहा जीवन भी संकटग्रस्त हो चुका है। भाजपा सरकार की जब सार्वजनिक किरकिरी होने लगी तो अब वह किसानों की आय दोगुनी करने के वादे को निभाने का ठेका फ्रांस की एक कम्पनी से करार करने जा रही है। भाजपा सरकार ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए किसानों की आय दोगुनी करवाने के लिए किसान कनेक्ट प्लेटफार्म इनोटेरा की स्थापना के लिए फ्रांस की इनोटेरा एजी के सीईओ पासकल कोहेन के साथ एमओयू साइन किया है। यह कम्पनी किसानों की आय दुगनी करने के लिए अपने प्लेटफार्म की स्थापना प्रदेश में करेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जबानी जमा खर्च में अव्वल भाजपा सरकार जैसी कोई सरकार नहीं देखी गई है। विदेश से पूंजीनिवेश एक धेला भी नहीं आया है। केवल अखबारों में ही नाप तौल हो रही है। थोड़ा बहुत आ भी गया तो क्या गारन्टी है कि उस पर अमल भी हो पाएगा। भाजपा सरकार के मंत्री और अधिकारी विदेश यात्रा पर पता नहीं क्यों गए? भाजपा ऐसा ढिंढोरा पीट रही है जैसे कि उत्तर प्रदेश का पूरा विकास हो गया हो। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की मांग है कि निवेश की वास्तविक रिपोर्ट आगामी विधानसभा सत्र के अवसर पर सदन के पटल पर रखें।

**26 को गोरखपुर जाएगा सपा प्रतिनिधिमंडल:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 26 दिसंबर को गोरखपुर जाएगा। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के नेता जवाहर यादव व उनके पुत्रगण दुर्गेश यादव पूर्व प्रमुख, शैलेश यादव व सर्वेश यादव तथा अखिलेश यादव उर्फ भोला यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, उनके भाई गोपाल यादव, भतीजा नीरज यादव के ऊपर गैंगस्टर की कार्रवाई के साथ उनकी सम्पत्ति को अवैध रूप से कुर्क कर लिया गया है।

## बिजली उपभोक्ताओं की 1912 पर 99.5 प्रतिशत शिकायतों का हुआ निवारण

# टोल फ्री नंबर 1912 को और अधिक प्रभावी व क्रियाशील बनाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार प्रदेश के नागरिकों के जीवन को आसान बनानेए उन्हें हर तरह की सुविधा देने और उनकी शिकायतों को एक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सरकार ने 2017 में बिजली उपभोक्ताओं के लिए टोल फ्री नंबर 1912 की शुरुआत की थी। इस टोल फ्री नंबर पर उपभोक्ता बजली से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या की शिकायत कर सकते हैं या सुझाव दे सकते हैं। सरकार की सजगता का परिणाम बेहद उत्साहजनक रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि द्वारा उपलब्ध कराए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल 2017 से अब तक इस टोल फ्री नंबर पर पूरे प्रदेश से बिल, मीटर, कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति, विद्युत चोरी एवं सुझाव आदि संबंधी एक करोड़ 11 लाख 74 हजार 861 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से एक करोड़ 11 लाख 18 हजार 534 शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया। अगर प्रतिशत में बात करें तो 1912 पर अब तक मिली शिकायतों को 99.5 प्रतिशत तक निवारण कर दिया गया है जो इस क्षेत्र में प्रदेश सरकार की उपलब्धि को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने इस सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 1912 टोल फ्री नंबर को और प्रभावी एवं क्रियाशील बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह किया जाए कि टोल फ्री नंबर शीघ्र उठे और उपभोक्ता की समस्या हल होने तक उसके संपर्क में रहें। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सरकार का गठन होने के बाद से ही बिजली से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया गया है। यूपीपीसीएल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1912 पर दक्षिणांचल डिस्कॉम से 1640339 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 1636335 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया। यहां निस्तारण का प्रतिशत 99.76 प्रतिशत रहा और महज 4004 शिकायतें ही फिलहाल लंबित हैं। इसी तरह मध्यांचल में 5226012 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 5205500 करीब 99.61 प्रतिशत का निस्तारण हो गया। पश्चिमांचल में 1326502 शिकायतें मिलीं और 1306067 करीब 98.46 प्रतिशत का निवारण हो गया। पूर्वांचल में 2973974 शिकायतों में 2962609 99.62 प्रतिशत और केस्को में 8034 शिकायतों में से 8023 का निस्तारण कर दिया गया।

### बिल से संबंधित 100 प्रतिशत शिकायतों का निदान

बिजली बिल से संबंधित शिकायतों के मामले में पूरे प्रदेश में कुल 956073 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 100 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायतें मध्यांचल 530315 में दर्ज हुईए जबकि पूर्वांचल में 184831, दक्षिणांचल में 155546 और पश्चिमांचल में 85381 शिकायतें दर्ज की गईं। कहीं भी कोई शिकायत लंबित नहीं है। वहीं मीटर से संबंधित 1167500 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 97.28 प्रतिशत यानी 1135779 का निदान कर दिया गया। दक्षिणांचल में 1747, मध्यांचल में 9895, पश्चिमांचल में 12126, पूर्वांचल में 8448 और केस्को में मात्र 5 शिकायतें ही लंबित हैं। इसी तरह पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर संबंधी 56256 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 55921 यानी 99.40 प्रतिशत का समयबद्ध निस्तारण किया गया। वहीं कनेक्शन से संबंधित 302976 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 300518 99.19 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया गया। विद्युत आपूर्ति से संबंधित 7496696 शिकायतों में से 99.98 प्रतिशत यानी 7495070 शिकायतों पर एक्शन लिया गया। सेवा से संबंधित 11285 शिकायतों में से 10809 यानी 95.78 प्रतिशत पर कार्रवाई की गई। इसी तरह सूचना या सुझाव संबंधी 1079080 कॉल आई जिनमें 99.49 प्रतिशत या 1073560 को निस्तारित किया गया।

### बिजली चोरी पर मध्यांचल पर सबसे ज्यादा एक्शन

**1912** पर बिजली चोरी से संबंधित 104995 सूचनाएं प्राप्त हुई जिसमें 90804 शिकायतों का निस्तारण किया गया। यह कुल शिकायतों का 86.48 प्रतिशत रहा। सबसे ज्यादा मध्यांचल में शिकायतों का निपटारा किया गया। यहां बिजली चोरी से जुड़ी कुल 50690 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 45548 89.86 प्रतिशत को निस्तारित किया गया। इसी तरह पश्चिमांचल में 19867 शिकायतें मिलीं और 14121 करीब 71.08 प्रतिशत का निदान किया गया।

# कोविड संक्रमित मरीजों के लिए मेडिकल कालेजों में होंगे वार्ड आरक्षित

● दो दिन के अंदर सभी आईसीयू के मॉकड्रिल करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड-19** के नये वैरिएंट बीएफ-7 की देश के कई हिस्सों में मौजूदगी पाये जाने पर पीजीआई निदेशक डॉ आर के धीमन की अध्यक्षता में गठित स्टेट हेल्थ एडवायजरी कमेटी की रिपोर्ट को राज्य सरकार ने सभी मेडिकल कालेजों को निर्देश जारी कर लागू करने के निर्देश दिये हैं। साथ जीनोम सिक्वेंसिंग की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। वर्तमान में जीनोम सिक्वेंसिंग केजीएमयू लखनऊ व जिम्स नोएडा में हो रही है। विशेष सचिव दुर्गा शक्ति नागपाल की तरफ से केजीएमयू, पीजीआई सहित सभी सरकारी व निजी मेडिकल कालेजों को जारी निर्देश में कहा गया है कि इस वैरियेण्ट से पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि पूर्ण सजगता एवं तत्परता बरती जाए। आदेश में कहा गया है रिपोर्ट पॉजीटिव होने की स्थिति में जीनोम सीक्वेंसिंग की जाये। इस हेतु सारी व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। सभी प्रधानाचार्य व निदेशक यह सुनिश्चित करेंगे कि कोविड प्रोटोकॉल के समय डाक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ, मरीज एवं तीमारदार के लिये पूर्व में किये जा रहे उसी व्यवहार का अनुपालन तत्काल प्रभाव से कराया जाये। इस हेतु दिशा निर्देश तत्काल निर्गत कर दिये जाए। कोविड संक्रमित मरीजों के लिए पृथक से आवश्यकतानुसार कोविड वार्ड आरक्षित कर लिया जाये। पूर्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के लोग जो टेलीमोड में ट्रेनिंग करते थे, उसे भी प्रारम्भ कराया जाए। जिन स्थायी, आउटसोर्सिंग हेल्थ वर्कर को वैक्सीनेशन की बूस्टर डोज नहीं लगी है, उनका वैक्सीनेशन कराया जाए। हेल्थ वर्कर की कमियों को पूर्ण कर लिया जाए। 60 वर्ष से अधिक एवं को मार्बिड मरीजों का विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रधान ने जिलाधिकारी से की शिकायत

# जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर

**जमीन के** एक मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ग्राम पंचायत प्रधान आमने सामने आ गए है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि षिवकुमार गुप्ता द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से जबरन कब्जा किया जा रहा है। जबकि अध्यक्ष प्रतिनिधि का कहना है कि उक्त जमीन प्रधान पुत्तन लाल दीक्षित ने ग्रामीणों को मकान बनाने के लिए पैसे लेकर आंवटित की है। प्रकरण विकास खंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत टिकठा का है। बताया जाता है कि ब्लाक रामपुर मथुरा के ग्राम पंचायत टिकठा की सीमा पर गाटा संख्या 418 रकबा 0.498 बंजर भूमि दर्ज है। उक्त जमीन के बगल से प्राकृतिक नाला निकला हुआ है। आसपास कई पीढ़ियों से आबादी की जमीन पर लोग गुजर बसर करते चले आ रहे हैं। इसी जमीन के कुछ भूभाग को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता ने कुछ वर्ष पहले खरीदा था। आरोप है कि षिवकुमार गुप्ता ने जो जमीन खरीदी थी, उसके अलावा ग्राम पंचायत की जमीन पर भी उनके द्वारा कब्जा किया जा रहा है। इस मामले को लेकर के ग्राम प्रधान पुत्तन लाल दीक्षित की तरफ से जिलाधिकारी को पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम प्रधान ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन प्रार्थना पत्र भेजकर मुख्यमंत्री से भी न्याय की गुहार लगाई है। उधर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि षिवकुमार गुप्ता पर यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि उनके द्वारा उक्त स्थान पर रह रहे ग्रामीणों को जबरन भगाया जा रहा है, बताया जाता है कि ग्रामीणों ने स्थानीय प्रधान पुत्तन लाल दीक्षित से न्याय की गुहार लगाई मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता व नायब तहसीलदार लेखपाल तथा कानूनगो आदि से बात की तो उक्त मामले को लेकर काफी कहासुनी हुई। प्रकरण में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि षिवकुमार गुप्ता ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि उक्त जमीन की सरकारी पैमाइष हुई है। तहसील से भेजी गई टीम ने तीन बार न करने के बाद मेडबंदी कराई है। संबंधित लोगों को नोटिस भी भेजी गई थी, पूरी प्रक्रिया के बाद हदबरारी कर टीम ने मेडबंदी कराई। सच्चाई तो यह है कि ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत की जमीन को ग्रामीणों के हाथ बेंचा है, पैसा लेकर करके प्रधान ने ग्रामीणों को बताया है, कई मकान हमारी भूमि पर बने हुए है। इतना ही नहीं जो नाला पड़ोस में निकला है, वह आधा नाला भी मेरी व्यक्तिगत जमीन पर से निकला हुआ है। मामले में एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जांच नायब तहसीलदार सुखबीर सिंह द्वारा करवा ली गई है। यह आरोप गलत है, वहां पर बंजर की कोई जमीन नहीं है।

## कोहरे में चार गुना बढ़ जाते हैं सड़क हादसे: आरटीओ

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**गुरूवार को** आरटीओ प्रशासन लखनऊ आरपी द्विवेदी ने हरगांव स्थित अवध शुगर मिल में गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त वाहनों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। करीब 244 वाहनों में रेडियम टेप लगाकर सड़क सुरक्षा से बचाव के टिप्स दिए। आरटीओ प्रशासन लखनऊ द्विवेदी की ओर से गन्ना ढुलाई का कार्य कर रहे चालकों को कोहरे से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने अवध शुगर एनर्जी लिमिटेड के सहयोग से 167 ट्रैक्टर-टॅआलियों, 77 ट्रको में अपने सामने रेडियम टेप लगवाकर रवाना किया। इस दौरान लोगों को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि कोहरे में और रात के समय सड़क दुर्घटनाओ की सम्भवना 3 से 4 गुना बढ़ जाती है। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि सभी चीनी मिल में संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ट्रक के वाहन स्वामी अपने वाहनो में रेट्रो रिलेक्टिव टेप जरूर लगा लें। एआरटीओ प्रवर्तन संजय गुप्ता ने बताया कि वाहन पर बिना रेट्रो



रिलेक्टिव टेप के चालान होने की दशा में दस हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाता है। इस दौरान अवध शुगर मिल के अधिकारी शूरवीर सिंह, पंकज मिश्रा, एजीएम रवि शर्मा, जीएम केन पुष्पेन्द्र ढाका, केन मैनेजर सुशील पवार, अजय कुमार भानू, ट्रांसपोर्ट मैनेजर सुधीर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल में मदरसे वाली प्रार्थना, प्रधानाचार्य को किया सस्पेंड

**बरेली ।** थाना फरीदपुर क्षेत्र स्थित एक सरकारी स्कूल में श्मदरसे वाली प्रार्थना कराये कराए जाने का आरोप लगाते हुए विश्व हिन्दू परिषद् के नगर अध्यक्ष ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षा मित्र के खिलाफमामला दर्ज कराया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने गुरुवार को बताया कि विश्व हिन्दू परिषद की स्थानीय इकाई के कुछ पदाधिकारियों ने फरीदपुर में स्थित एक सरकारी उच्चतर प्राथमिक स्कूल में श्मेरे अल्लाह, मेरे अल्लाहश् बोल वाली प्रार्थना कराए जाने की शिकायत करते हुए इसे मदरसे वाली प्रार्थना बताकर प्रधानाचार्य नाहिद सिद्दीकी और शिक्षा मित्र वजरुद्दीन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने व मतांतरण की कोशिश का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि इस मामले को देखते हुए संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य को निलंबित करते हुए शिक्षामित्र के विरुद्ध जांच बैठा दी गई है। प्रार्थना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। एसपी ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध एफआईआर लिख ली गई है। यह पूरा मामला फरीदपुर के मुहल्ला परा स्थित कमला नेहरू पूर्व माध्यमिक विद्यालय का है ।जांच कराई जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में ढाबा संचालक की मौत

**बरेली ।** ट्रांसपोर्ट नगर मे ढाबा चलाने वाले युवक की बीती रात फरीदपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिथरी चौनपुर थाने के गांव परातासपुर निवासी 33 वर्षीय रमेश यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव की बीती रात फरीदपुर थाना क्षेत्र में केसरपुर स्थित प्रीति धर्म कांटे के सामने हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई धनपाल ने बताया कि रमेश ट्रांसपोर्ट नगर में ढाबा चलाते थे और रोजाना रात लगभग 10 बजे ढाबा बंद कर वापस घर आते थे ।कल रात को भी लगभग 10 बजे धावा बंद करने के बाद वह मोटरसाइकिल से घर वापस आने के लिए चले थे लेकिन वह घर नहीं आए और रात में फरीदपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई। सुबह होने पर उनकी लाश को लोगों ने सड़क पर देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली ।घरवालों ने हत्या की आशंका जताई और कहा कि गांव के ही रहने वाले भोला से रमेश यादव का रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था और रमेश ने बोला के विरुद्ध थाने में शिकायत की थी ।उन्होंने आरोप लगाया कि इसी रंजिश के चलते भोला ने रमेश की हत्या की है पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### घर में घुसकर मारपीट कई घायल

**बरेली ।** रास्ते में मलबे का ढेर को लेकर हुए विवाद के बाद पड़ोसियों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे चार लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला दुर्गा नगर निवासी गोपाल शर्मा उसकी पत्नी रजनी शर्मा भाभी श्वेता शर्मा और बेटी टईया शर्मा को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उन्होंने बताया कि गोपाल शर्मा के मकान के पास कुछ दिन पहले ही एक परिवार रहने आया है और वह पिछले कुछ समय से वह निर्माण कार्य करा रहा है इसी के चलते उन्होंने रास्ते में ढेर कर दिया है जिससे पड़ोस में रहने वाले गोपाल शर्मा और उसके परिजनों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है आज सुबह पड़ोसी से गोपाल शर्मा ने मलवा हटवाने के लिए कहा जिससे गुस्साए पड़ोसी ने उसे गालियां देनी शुरू कर दी और विरोध करने पर पड़ोसी ने अपने ही परिचित नितिन, नवल, गुड्डू और एक युवक को मौके पर बुला लिया सभी ने मिलकर गोपाल शर्मा के घर में घुसकर मारपीट की जिससे कई लोग घायल हो गए घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया हमलावर फरार बताए जाते हैं ।

### फेसबुक पर टिप्पणी करने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने कार्रवाई की रखी मांग

**बरेली ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजते हुए फरहत नकवी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है । ज्ञापन के माध्यम से बताया कि फरहत ने अपनी फेसबुक आईडी से मैं विधुर हूं मेरी बीवी मर चुकी है स्लोगन पर अभद्र टिप्पणी की है जिससे कि क्षत्रिय समाज को भारी ठेस पहुंची है और समाज में आक्रोश है ज्ञापन देते हुए उक्त मामले में फरहत नकवी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है जिससे कि वह भविष्य में इस प्रकार किसी समाज की भावनाओं को ठेस न पहुंचा सके। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के साथ बल्ले ठाकुर, अजय चौहान, अनूप सिंह परमार, ओमपाल सिंह, धीरेंद्र सिंह, डॉ सुधीर कुमार सिंह, आशुतोष चौहान, सूर्य प्रकाश शंखधार, प्रदीप सिंह, अमित सिंह चौहान, एड धर्मवीर सिंह, प्रदीप सिंह, विशाल चौहान, कौशल चौहान व प्रताप चौहान मौजूद रहे।

## पिछड़ा वर्ग के छात्रावास के पुस्तकालय का डीएम ने किया उद्घाटन



संवाददाता। सीतापुर

**राजकीय इंटर** कॉलेज सीतापुर के पिछड़ा वर्ग छात्रावास के जीर्णोद्धार एवम छात्रावास में ही नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप कुमार तिवारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरि, एडीजी होम गार्ड राकेश कुमार, लेफ्टिनेंट खान शादाब जमीर, आशीष कश्यप भैया जी ने फीता काटकर दिव्य भव्य उद्घाटन किया। इसके पश्चात राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के छात्र जो छात्रावास में निवास कर रह रहे है उन विद्यार्थियों के कक्ष में जाकर के जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने रहने खाने और पढ़ने की विशेष व्यवस्थाओं के बारे में विद्यार्थियों से संवाद किया। जिलाधिकारी महोदय ने छात्रावास में रह रहे बच्चों से एक विशेष प्रॉमिस कराया कि आप पढ़ने के पश्चात जब अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे उसके पश्चात को इस छात्रावास में आना है और यहां पर विभिन्न व्यवस्थाओं को देखना है और अपनी सामर्थ्य के अनुसार छात्रावास के नवीनीकरण के लिए कुछ करना है क्यों यह धरोहर आपके पीछे आने वाले छोटे भाइयों की है उसे संवारने की जिम्मेवारी हम सब की होनी चाहिए मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने सभी विद्यार्थियों से परिचय किया और उनके लक्ष्य के बारे में चर्चा संवाद किया एवं बच्चों को कंपटीशन संबंधित सभी पुस्तकों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और पुस्तकालय में 100 पुस्तकें देने का वादा किया जिलाधिकारी के सहयोग एवं दूरदर्शिता को प्रणाम करते हुए सहृदय आभार व्यक्त किया लेफ्टिनेंट खान शादाब जमीर के अगुवाई में सभी अतिथियों का छात्रावास का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर सभी आवासीय एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थी शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय स्काउट रैली का हुआ शुभारम्भ

● डीआईओएस अनूप कुमार ने किया शुभारम्भ

संवाददाता। सीतापुर




**भारत स्काउट** गाइड उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर की तीन दिवसीय जनपदीय रैली का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनूप कुमार जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सीतापुर के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनीत बाजपाई जोनल प्रबंधक इंडियन बैंक सीतापुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत स्कार्फ व कैप पहनाकर और बैच लगाकर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन द्वारा किया गया। आर.बी.एस.बी. इंटर कॉलेज कमलापुर की कलर पार्टी द्वारा ध्वज शिष्टाचार किया गया। तद्पश्चात अतिथियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई। आर्य कन्या एवं हिंदू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कमलापुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। सेक्रेड हार्ट हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा योगा का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा आशीर्वचन दिया गया और स्काउट गाइड का उत्साह वर्धन किया। जिला सचिव ऋषि कुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने बताया कि इस रैली में लगभग 40 टीमों में 800 स्काउट गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। रैली का सफल संचालन नजीर मुकबिल, लीडर ट्रेनर (स्काउट) ने किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्रमुख रूप से राजकुमार शुक्ल, डॉ सुरेश कुमार तिवारी, दीन मोहम्मद रिजवी, प्रफुल्ल कुमार मिश्र, गीता शुक्ला, पूनम वार्ष्णेय, चंद्र प्रकाश मिश्र, पंकज शुक्ला, राम किशोर द्विवेदी, वेदनाथ, स्काउट कमिश्नर कमलेश वर्मा, गाइड कमिश्नर मंजू सिंह, जिला स्काउट मास्टर मंगली प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, संगठन आयुक्त (स्काउट) अवनीश कुमार, संगठन आयुक्त (गाइड) प्रीति मिश्रा, प्रशिक्षण कमिश्नर (स्काउट) आशीष पांडे, प्रशिक्षण कमिश्नर (गाइड) नीरज पांडे एवं स्काउट गाइड के टीम प्रभारी व निर्णायक उपस्थित रहे।

## मैलानी डानबास्को स्कूल में मनाया गया एनुअल कार्यक्रम

**मैलानी-खीरी।** नगर मैलानी ककराही रोड पर स्थित जान वास्को स्कूल मे एनुअल फंगसन मनाया गया जिसमे बच्चों के बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा क्रिसमस दिवस के आने अवसर पर सेन्टा क्लाज ने भी नन्हे-मुन्ने बच्चों से मिलकर खुशी का इजहार किया जिससे बच्चों में काफी खुशी का माहोल दिखाई दिया। इस मौके पर बच्चों ने कविता गीत डांस तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। डान वास्को के अध्यापक गणों द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया फादर स्टीफन ने अपने शब्दों में कहा यह बच्चे हमारे देश के भविष्य है इन्ही मे कोई अधिकारी कोई नेता तथा कोई इन्जीनियर बनेगा क्योंकि अच्छी शिक्षा ही बच्चों के उज्जवल भविष्य बनाने का काम करती है इस मौके पर प्रिसपल प्रबंधक व अध्यापक गण सहित स्कूल के तमाम नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे।

## बीट पश्चिमी के क्षेत्र में नीलगाय की रेंजर तार में फंसकर दर्दनाक मौत

● चौबीस घंटे के बाद नहीं पहुंचे क्षेत्रीय वन दरोगा अजीत सिंह



**गोलागोकर्णनाथ-खीरी।** दक्षिण खीरी वनप्रभाग की वनरेंज गोला की बीट पश्चिमी जिसमें वनदरोगा की लापरवाही व भ्रष्ट कार्य शैली के चलते जंगल कटान व जंगल की सुरक्षा में लगे दैनिक वेतन कर्मचारियों के वेतन हड़पने के लिए पहले से चर्चित बीट में काला नीलगाय की दर्द-नांक मौत से आसपास के ग्रामीणों, वन प्रेमियों गुस्सा है पर मुखर नहीं सका है।

बताते चलें कि दक्षिण खीरी वनप्रभाग की वन रेंज गोला की बीट में शाल, सागौन व जामुन अशैयना आदि के वृक्षों का जबरदस्त कटान व दैनिक वेतन कर्मी का वेतन हड़पने वाले वन दरोगा अजीत सिंह श्रीवास्तव को आखिर किसका संरक्षण मिला हुआ है जिसके चलते इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ह।ै इधर ईमानदार व तेज तर्रार वनरेंज अधिकारी गोला भी कोई कार्रवाई नहीं कर सके हैं। गौरतलब हो कि यह भ्रष्ट वनदरोगा की लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते ग्राम बांकेगंज के किसान के खेत में लगे रेंजर तार में फंस-कर विलुप्त होने वाले काले नीलगाय की दर्दनाक मौत हो गई। इसकी खबर सोसल मीडिया पर चलने लगी पर इस वन दरोगा अजीत सिंह चौबीस घंटे के बाद भी नहीं पहुंचा। मौके पर जबकि वनकर्मियों की टीम मौके पर जाकर निरीक्षण कर मृत काले नीलगाय के शव को कब्जे में लिया है।

## राजनीतिक दबाव में पुलिस कर रही एक पक्षीय कार्रवाई

● प्रधानपति ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई जान-माल की सुरक्षा की गुहार

संवाददाता। निघासन-खीरी

**निघासन** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरोठा निवासी प्रधान पति ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर दबंगों से जान बचाने की गुहार लगाई है। प्रधान संघ ब्लॉक निघासन के महामंत्री एवं ग्राम प्रधान बरोठा के पति चंद्रहास पुत्र भागीरथ ने गत 20 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी संजीव सुमन को शिकायती पत्र देकर ग्राम बरोठा के ही कुछ तथाकथित दबंग व्यक्तियों पर मारपीट और जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है , शिकायती पत्र के अनुसार झंडी पुलिस चौकी तथा कोतवाली निघासन में उक्त संबंध में आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देने के बावजूद राजनैतिक दबाव में आकर कोई कार्यवाही ना किये जाने का उल्लेख किया गया है । और प्रार्थी ने बताया कि राजनैतिक दबाव से ही उल्टा मुकदमा हमारे पर लिख दिया गया है। पीड़ित प्रधान पति चंद्रहास निवासी बरोठा द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार गत दिवस मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में चक मार्ग की पटाई का कार्य चल रहा था , पटाई का काम जब पूर्व प्रधान विजय कुमार के खेत के पास पहुंचा तो प्रधान पति के पुत्रों ने दबंगई दिखाते हुए मजदूरों को काम करने से रोक दिया , प्रधान पति द्वारा विपक्षी गणों से काम रोके जाने का कारण पूछे जाने पर विपक्षी गणों ने काम न होने देने की बात कहते हुए हंगामा खड़ा कर दिया , वहां मौजूद मनरेगा मजदूरों ने समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया । शिकायती पत्र मैं आगे उल्लेखित किया गया है कि गत 13 दिसंबर को गांव के ही सुरेश कुमार गौतम के घर पुत्र रत्न प्राप्त होने की खुशी में छठी का कार्यक्रम था , शिकायत कर्ता के अनुसार जब वह घर लौट रहा था उसी समय रास्ते में उत्तम कुमार की दुकान के पास प्रतिवादियों ने उसे घेर लिया और बांके से प्रहार भी किया लेकिन एक ग्रामीण राम भरोसे द्वारा धक्का दे देने पर प्रतिवादी का प्रयास विफल हो गया। प्रधान पति चंद्रहास ने पुलिस अधीक्षक से शीघ्र मामले को संज्ञान में लेते हुए विपक्षीगणों से जान बचाने की गुहार लगाई है।

## गणित मेले का हुआ आयोजन

● प्रधानपति ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई जान-माल की सुरक्षा की गुहार



**मैगलगंज-खीरी।** राष्ट्रीय गणित दिवस के शुभावसर पर महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की जयन्ती पर मैगलगंज खीरी के श्री पाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गणित मेले का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यालय के होनहार छात्रों के द्वारा रंगोली के माध्यम से कई गणितज्ञों की आकृतियां बनाई गई और साथ ही गणित के फार्मूले को भी दर्शाया गया ।साथ ही होनहार छात्रों के द्वारा गणित के सूत्रों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई ।और साथ ही गणित रेस्टोरेंट का आयोजन भी किया गया ।गणित मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि जुगुल किशोर जी के द्वारा किया गया।

# पेज एक का शेष

### कोरोना खत्म...

दी गई। प्रधानमंत्री को बताया गया कि 22 दिसंबर, 2022 को समाप्त सप्ताह में भारत में मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है और औसत दैनिक मामले घटकर 153 और साप्ताहिक संक्रमण की दर घटकर 0.14 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, पिछले 6 हफ्तों से वैश्विक स्तर पर 5.9 लाख दैनिक औसत मामले दर्ज किए गए हैं। पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को परीक्षण और जीनोमिक अनुक्रमण प्रयासों को तेज करने का निर्देश दिया। उसके मुताबिक राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे दैनिक आधार पर जीनोम अनुक्रमण के लिए नामित जीनोम सीक्वेंसिंग प्रयोगशालाओं (एलजीएसएल) के साथ बड़ी संख्या में नमूने साझा करें। इससे देश में संक्रमण के नए प्रकारों का समय पर पता लगाने में मदद मिलेगी और आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को शुरू करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने सभी से हर समय कोविड के उपयुक्त व्यवहार का पालन करने का आग्रह किया, विशेष रूप से आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुए, जिसमें भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने यह भी आग्रह किया कि विशेष रूप से कमजोर और बुजुर्ग समूहों के लिए एहतियाती खुराक (बूस्टर डोज) को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वरन अय्यर सहित स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और अमरीका में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार सक्रिय हो गई है। इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक की थी। विश्व के कुछ देशों में पिछले दिनों कोविड-19 के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस बैठक से ठीक पहले संसद के दोनों सदनों में बयान भी दिया और कहा कि देश में स्थिति नियंत्रण में है और वैश्विक स्थिति पर सरकार नजर बनाए हुए हैं।

### बूस्टर डोज...

बात की गई। कोविड-19 के नए वैरिएंट बीएफ-7 के चलते चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और अमेरिका में संक्रमण मामलों में तेजी को देखते हुए राज्य सरकार के अधिकारियों ने टीकाकरण और मास्क के उपयोग पर जोर देना शुरू कर दिया है। लोकल सर्किल के अध्ययन के अनुसार 28 फीसदी ने एहतियात के तौर पर बूस्टर डोज लगवा ली है और 8 फीसदी लोग अगले 30 दिनों में बूस्टर डोज लगवाने की योजना बना रहे हैं। वहीं सर्वे में 64 फीसदी जवाब देने वाले बूस्टर डोज नहीं लगवाना चाह रहे हैं ।यद्यपि टियर (श्रेणी) 2,3 और चार के ग्रामीण जिलों में लोगों का मानना है कि कोविड बहुत पहले ही जा चुका है, इसलिए अब और अधिक टीका लगवाने की जरूरत नहीं है और बूस्टर खुराक क्या सही में उपयोगी है इस पर सवाल उठा रहे हैं। अपने जानने वालों के बीच हृदयघात और मस्तिष्कघात के अधिक मामलों और मीडिया रिपोर्ट को देखते हुए लोगों का मानना है कि यह सब वैक्सीन के दुष्प्रभाव के चलते हो रहा है।

### भारत जोड़ो...

के नफरत भरे भारत को नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संसद में (विपक्ष) कांग्रेस की आवाज को दबाने की भी कोशिश कर रही है और इस कारण से भी यह यात्रा निकाली गई है। गांधी ने कहा, अगर हम संसद में बोलना चाहते हैं या राफेल विमान मामला, नोटबंदी, जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) या देश में फैल रही नफरत के बारे में कोई मुद्दा उठाना चाहते हैं, तो क्या आप जानते हैं कि क्या होता है? माइक बंद कर दिया जाता है... बोलते रहो, (लेकिन) कोई नहीं सुनेगा। उन्होंने कहा, टीवी कैमरे की दिशा बदल दी गई है और (लोकसभा) अध्यक्ष का चेहरा दिखाई दे रहा है और संसद में माइक बंद है। उन्होंने कहा, इसलिए हमें यह यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकालनी पड़ी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा 100 से अधिक दिनों से जारी है और इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सहित सभी धर्मों के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि इसमें लाखों लोगों ने हिस्सा लिया, लेकिन किसी ने किसी से यह तक नहीं पूछा कि उनका धर्म क्या है, वे कौन सी भाषा बोलते हैं या कौन सी जगह से आए हैं। गांधी ने कहा कि इस यात्रा में 24 घंटे लोगों ने एक दूसरे का सम्मान किया और एक दूसरे को गले लगाया और प्यार फैलाया। उन्होंने कहा कि बुधवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष यात्रा के दौरान चलते समय गिर पड़े और सात-आठ लोगों ने एक सेकेंड में उन्हें उठा लिया। गांधी ने कहा, किसी ने उनके धर्म या जाति के बारे में नहीं पूछा। आप एक भारतीय हैं और आपको उठा लिया जाएगा। हम आपको गिरने नहीं देंगे। हमें ऐसी सरकार चाहिए जो हर भारतीय की रक्षा करे।

### डीएसी ने...

पहल सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में मदद करने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही रक्षा उद्योग को भी पर्याप्त बढ़ावा देगी।

### वायुसेना के...

एयरबेस पर वायुसेना की स्थिति को मजबूत बना रहा है। उभरती विश्व व्यवस्था में भारत की श्रेष्ठता (इंडियाज एमिनेंस इन द इमरजिंग वर्ल्ड ऑर्डर) विषय पर 19वें सुब्रत मुखर्जी सेमीनार में एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, कई महत्वपूर्ण अभाव हैं जैसे लड़ाकू स्क्वाड्रन और फोर्स मल्टीप्लायर्स की कमी, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर भरा जाना चाहिए ताकि हम अपनी युद्धक क्षमता की श्रेष्ठता बनाए रख सकें। वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि पर्याप्त और विश्वसनीय हार्ड पावर के बगैर कोई सॉफ्ट पावर नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, भारत तभी फूलेगा-फलेगा जब हमारी सीमाएं, हवाई क्षेत्र और तटवर्ती इलाके सुरक्षित होंगे। हिन्द-प्रशांत क्षेत्र सहित क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य में लगातार हो रहे बदलावों के संबंध में एयर चीफ मार्शल चौधरी का कहना है, बड़े पैमाने पर संघर्ष होने की स्थिति में वायुसेना से उसमें हिस्सा लेने और योगदान देने की अपेक्षा की जाएगी। वायुसेना के पास क्षमता है कि युद्ध के दौरान वह हमलों से बचाव कर सकती है, सुरक्षा कर सकती है और आवश्यकता होने पर दंडित भी (हमला भी) कर सकती है। भारतीय वायुसेना में लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या इसलिए कम हो रही है क्योंकि हाल के वर्षों में कई स्क्वाड्रन सेवानिवृत्त हो गए हैं और आने वाले वर्षों में जैगुआर सहित कई अन्य फ्लीट सेवानिवृत्त होने वाले हैं। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास करीब 31 लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं जबकि स्वीकृत क्षमता 42 लड़ाकू स्क्वाड्रन है। प्रत्येक स्क्वाड्रन में 18 लड़ाकू विमान होते हैं। वायुसेना प्रमुख चौधरी ने अक्टूबर में यह माना था कि हाल-फिलहाल में वायुसेना के पास लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या बढ़कर 42 होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना को हवाई शक्ति के रूप में विकसित होने की जरूरत है और ऐसा करने के लिए भविष्य के युद्धों में लड़ने तथा उन्हें जीतने की क्षमता विकसित करने की जरूरत है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि मल्टी डोमेन ऑपरेशंस (सेना के विभिन्न अंगों का एकसाथ युद्ध में शामिल होना) और हाईब्रिड युद्ध की स्थिति बनी रहेगी और इसलिए हमें समकालीन बने रहने के लिए तकनीकों, प्रौद्योगिकी के साथ-साथ आगे बढ़ने, उसका सर्वोत्तम उपयोग करने की जरूरत है।

### प्रगति मैदान...

पर मिट्टी को धकेलने का कार्य मई तक पूरा कर लिया गया था, शेष 37 मीटर, जो रेलवे पटरियों के ठीक नीचे स्थित है, मई से ठप था। रेलवे की मंजूरी नहीं मिलने से रोजाना 5 से दस सेमी की दर से मिट्टी को निकालने में लगभग दो साल का समय लगता। लेकिन एलजी के हस्तक्षेप के बाद सुरंग घोदनले का काम में अब तेजी आएगी। गत बुधवार से फिर से रोजाना 71 सेंटीमीटर की पुशिंग दर से अगले दो महीने में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद वह निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसियों और अधिकारियों के साथ फिर से चल रहे कार्य की निगरानी के लिए साइट का दौरा किया जहां रेलवे लाइन के नीचे मिट्टी को आधुनिक तकनीक से हटाया जाना है। यह काम काफी चुनौतीपूर्ण होता है। खासकर उस जगह जहां रेलवे लाइन घुमावदार हो। रेलवे लाइन के नीचे निर्माण में बाधा के साथ ही ट्रैक पर काफी संख्या में रेल गाड़ियों गुजरने के कारण रेलवे पर्याप्त समय काम के लिए नहीं देर रहा था। इसके अलावा महीनों से पर्यावरण विभाग से 5 पेड़ों को हटाने की अनुमति नहीं मिलना भी परियोजना को पूरा करने में बाधा बने हुए थे।

# सवा चार करोड़ में बनेगा पचास हजार एमटी का गोदाम

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

● अनाज भंडारण की समस्या होगी खत्म

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में पीपीपी योजना के तहत एआईएफ से ऋण लेकर पहली मर्तवा 416 लाख कीमत का पचास हजार एमटी की क्षमता का गोदाम मौदहा ब्लाक में स्थापित किया जायेगा। इसके अलावा दो ब्लाकों की सहकारी समितियों को सुदृढ़ीकरण के लिये 32 लाख रुपये खर्च किये जायेगे।

सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक रामसागर चौरसिया ने आज बताया कि जिले में सहकारी समितियों की खराब स्थिति को देखते हुये शासन ने पीपीपी(प्रायवेट पार्टनर शिप परफारमेंस) के तहत लोगो को एग्रीकल्चरल इंफास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) से ऋण उपलब्ध कराकर समितियों को मजबूत व एक पचास हजार मैट्रिक टन क्षमता का स्टोर स्थापित करने का निर्णय लिया है,यह स्टोर मौदहा ब्लाक के इचौली गांव में स्थापित किया जायेगा। इसके लिये शासन ने स्टेट बेयर हाउसिंग कारपोरेशन निर्माण एजेंसी को नियुक्त कर दिया गया है। एआर ने बताया कि स्टोर तैयार हो जाने के बाद जो अनाज भंडारण के लिये गैर जिले का मुह ताकना पड़ता था उससे .छुटकारा मिल जायेगा। यह भंडारण कानपुर के एक व्यापारी स्थापित करा रहा है,इसकी निगरानी सहकारिता विभाग करेगा,भंडारण बन जाने के बाद इसे किराये में राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) को किराये में उठा दिया जायेगा। पचास हजार एमटी का स्टोर जिले में होने से भंडारण की समस्या हमेशा के लिये समाप्त हो जायेगी। इसी प्रकार कुरारा व मुस्करा ब्लाक में 16-16 लाख रुपये सहकारी समितियों को रिपेयरिंग करने के लिये ऋण दिया गया है। इसमे चार चार लाख रुपये कार्यदायी संस्था को ऋण के रुप में एआईएफ ने आवंटन कर दिया है। जिसमे काम शुरु हो गया है बाद में इन्ही सहकारी समितियों से यह ऋण वापस लिया जायेगा। राठ में में भी 16 लाख रुपये ऋण के रुप में दिया जाना था मगर वहा पर सहकारी समितियों में ज्यादा टूट फूट होने के कारण कार्यदायी संस्था ने काम लेने से साफ इंकार कर दिया है। इसी प्रकार रीवन व इंगोहटा में भी सहकारी समितियों को रिपेयरिंग करने के लिये दो दो लाख ऋण स्वीकृत हुआ था मगर वहा पर कम बजट होने के कारण कोई काम करने को तैयार नही है। एआर कोआपरेटिव ने बताया कि सहकारी समितियों की स्थिति ठीक करने के लिये सरकार ने प्रयास शुरु कर दिये है। जो समितिया जीण शीर्ण थी उनकी स्थिति ठीक हो जायेगी।


## जापान के सहयोग से उच्च तकनीकी कृषि विश्वविद्यालयों की होगी स्थापना

● 26 दिसंबर को जापान सरकार के दो मंत्रियों की टीम हैलीकाप्टर से करेगी दौरा

**हमीरपुर।** हमीरपुर और बांदा तथा उन्नाव जनपदों में हाईटेक कृषि विश्व विद्यालयों की स्थापना के प्रयास सफल होते दिखायी रहे हैं। इसके लिये आगामी 26 दिसम्बर को जापान सरकार के दो मंत्री जिले के सुमेरपुर क्षेत्र के राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद के गांव का दौरा कर सरकार को पूरी जानकारी देगे। दौरे में रक्षा उपमंत्री फ्यूजीमल सतोसी के साथ पूर्व आईटी मंत्री नेवकाजूटेकमेटो शामिल होगे। यह कृषि विश्वविद्यालय जापान और भारत सरकार के प्रयास से स्थापित किए जाएंगे। भाजपा के राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने आज बताया कि उच्च तकनीकी कृषि विश्वविद्यालय स्थापना के प्रयास उनकी सरकार की ओर से किए गए हैं। इसके चलते उनके मोराकांदर गांव के साथ साथ बांदा जनपद के बबेरू के मंडवा गांव व उन्नाव जनपद के अजगैन गांव में टीम दौरा करेगी। यदि उच्च कृषि विश्वविद्यालय यहा पर स्थापित होता है तो मेधावी छात्र आसानी से कृषि संकाय की शिक्षा ग्रहण कर सकेगे। जापान सरकार की दो सदस्यीय टीम 26 दिसंबर को लखनऊ से हैलीकाप्टर के द्वारा सुबह नौ बजे सबसे पहले जनपद उन्नाव के अजगैन में पहुंचेगी। इसके बाद 9:20 बजे वहां से बांदा जिले के बबेरू के मंडवा गांव के लिए रवाना हो जाएगी। इसके बाद टीम 10:45 बजे हमीरपुर जिले के मोराकांदर गांव हैलीकाप्टर आएगी। यह टीम भ्रमण कर भूमि संबंधी जानकारी लेगी। इसके बाद 11:30 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगी। इस मामले की जानकारी जिला प्रशासन को दे दी गयी है।


राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद

## जिलाधिकारी ने खनिज चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता। बांदा

**खनिज** में अवैध परिवहन कि लगातार आ रही शिकायतों को मद्देनजर रखते हुए जिलाकलेक्टर श्रीमती दीप रंजन आज खनिज चेक पोस्ट गिरवां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने चेक गेट में लगे कैमरों के संचालन को चेक कराते हुए निर्देश दिये कि चेक गेट में लगे सी0सी0 कैमरे व अन्य सर्विलान्स कैमरे निरन्तर संचालित रहें, यदि किसी खनिज चेक पोस्ट, एवं अन्य स्थलों के सर्विलेंस कैमरा बंद पाए गये तो सम्बन्धित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ है कि मध्य प्रदेश से अभय 60 तरीके से ओवरलोड ट्रक बालू से भरे प्रतिदिन 600 से लेकर 800 ट्रक निकलते हैं इसमें हर एक नीचे वरग का सहयोग इन बालू माफियाओं को मिलता है उन्होंने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 को निर्देश दिये कि निरन्तर खनिज चेक पोस्ट व अन्य सर्विलांस स्थलों का निरीक्षण करें तथा चेक पोस्ट के कैमरे किसी भी स्थिति में बन्द नही रहने पायें। उन्होंने निर्देश दिया कि ओवरलोडिंग ना होने पाएद्य द्यिरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री उमाकान्त त्रिपाठी एवं खनिज अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने अपर जिलाधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में सभी पटलों पर पत्रावली अपडेट रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई व्यवस्था अच्छी पाई गयी जिसके लिए जिलाधिकारी ने नाजिर कलेक्ट्रेट के प्रति प्रशंसा व्यक्त की। अपर उप जिलाधिकारी सदर को आई0जी0आर0एस0 पटल की स्वयं मॉनीटरिंग कर निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय सीमा के अन्दर ही आईजीआरएस मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाएए ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में आई0टी0आई0 छात्र.छात्राओं द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का जिलाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया।

### चोरों ने सूने घर के ताले तोड़कर की 12 लाख की चोरी

**पुखरायां, कानपुर देहात।** कस्बे में अहरौलीशेख के विवेकानंदनगर स्थित नहर कॉलोनी के एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की नकदी एवं सोने चांदी का जेवरात कर लिया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। कस्बे में अहरौलीशेख के विवेकानंदनगर स्थित नहर कॉलोनी निवासी सौरभ सचान ने बताया कि वह ईंट भट्ठा का कारोबारी है। गत 17 जनवरी को उनकी मां की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। वह अपनी पत्नी को साथ में लेकर मां का इलाज कराने कानपुर गए थे। उनकी हालत नाजुक होने के कारण कानपुर एक नर्सिंग होम में भर्ती करवा दिया था और देखरेख के पत्नी सहित वहीं रूक गए थे। 21 जनवरी बुधवार को ज बवह अपने घर आए तो घर के सभी दरवाजों एवं अलमारी के सारे ताले टूटे पड़े थे। चोरों ने सूने घर का फायदा उठाकर 70 हजार नगद, चार सोने के कड़े, नौ सोने की अंगूठी, सोने की चौन, मंगलसूत्र सोने के इयररिंग, सोने-चांदी का अन्य कई समान समेत करीब 12 लाख रुपए की चोरी कर ले गए हैं। सौरव सचान ने भोगनीपुर थाने में तहरीर दी है। कोतवाल अजय पाल सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह राजावत को घटना की जांच करने को मौके पर भेजा गया है।

### डीएम को रैन बसेरा-अलाव की चौकस मिली व्यवस्था

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बीती रात नगर पालिका परिषद कर्वी में संचालित अस्थायी रैन बसेरा बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, ट्राफिक चौराहा, कोठी तालाब व अलाव का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बुधवार की रात निरीक्षण में रैन बसेरा में अलाव जलता पाये। रैन बसेरा में बिस्तर, गद्दा, रजाई व प्रकाश की सभी व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त मिलीं। मौके पर प्रवासी रैन बसेरा मौजूद मिले। जिलाधिकारी ने मौजूद प्रवासियों से रैन बसेरा के बारे में जानकारी ली। उनके साथ भ्रमण में एडीएम वित्त कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, ईओ रामअचल कुरील आदि अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने एलएनटी के सिलौटा में चल रहे प्रोजेक्ट वाटर एवं ट्रीटमेन्ट प्लान व इनटेकवेल का औचक निरीक्षण कर कहा कि कनेक्शन जल्द करायें। लक्ष्य की पूर्ति समय से न करने पर जुर्माना लगाया जायेगा। कार्यों की जिम्मेदारी सभी इंजीनियरों को दें। प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा कर सेक्सन के हिसाब से कार्य का बंटवारा करें।

### दुर्घटना में दो छात्राओं समेत आठ घायल,दो सदर अस्पताल रेफर

**मौदहा (हमीरपुर )।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो छात्राओं सहित आठ लोग घायल हो गये सभी घायलों को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें दो की हालत चिंताजनक होने पर सदर अस्पताल के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र खन्ना निवासी बीते शाम अपने खेतों से निकलकर रोड पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पुष्पेंद्र सड़क पर गिरकर घायल हो गया, हालत चिंताजनक होने पर सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया दूसरी घटना संदीप बड़े चौराहा टेंपो के पास खड़ा था तभी विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी लहूलुहान हालत में राजगीरो ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया तीसरी घटना हरदेव पाटनपुर निवासी अपनी बाइक पर यूरिया खाद रखकर खेतों की ओर जा रहा था बाइक का नियंत्रण जाने सड़क के किनारे गड्ढों में जा गिरा लहूलुहान हालत में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया चौथी घटना नेशनल हाईवे गहबरा चौकी के पास पद्मनाभम महाविद्यालय परीक्षा देकर निकल रही छात्रा नेहा पुत्री राजेश मिश्रा करहिया निवासी कल्पना पुत्र शिवचरण सिंह गुरदाहा निवासी उसके चचेरे भाई जीवन सिंह निवासी गुरदाहा अपने घर की ओर आ रहे थे तभी कबरई से कानपुर की ओर जा रही है अनियंत्रित फॉर्च्यूनर गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी।

### सड़क किनारे पड़ा मिला खदान कर्मी का शव

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के दसौली के मजरे पिपरवा डेरा गांव के पास लिंक मार्ग की सड़क किनारे बाइक सवार खदान कर्मी पुत्तन सिंह (42) पुत्र राजेश सिंह निवासी सरकी थाना गाजीपुर का शव टीवीएस स्पोर्ट बाइक के पास घास फूस और झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। जिससे क्षेत्र के लोगो में हड़कंप मच गया। सूचना पर खदान के दूसरे कर्मचारियों ने युवक की शिनाख्त किया। बाइक सवार पुत्तन सिंह अढ़ावल के खंड-09 (मेसर्स आलोक मिश्रा) खदान में बंद पड़ी खदान की रखवाली का काम करता था और बुधवार को चार बजे घर (सरकी गांव) से अढ़ावल खदान के लिए बाइक से निकला था। रास्ते में ही उसका शव सड़क किनारे झाड़ियों में बाइक समेत पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना के बाद मृतक पुत्तन सिंह की मां रानी देवी और पत्नी गुड़िया का रो रोकर हाल बेहाल है। । थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बाइक सवार की मौत दुर्घटना से हुई है।

### नई शाखा खोली गई

**आजमगढ़।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी.भारत की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एकए ने आज आजमगढ़ में अपनी पहली शाखा का उद्घाटन किया। नई अनिरुद्ध टॉवरए रायदोपुर में खोली गई है। शाखा का औपचारिक उद्घाटन शक्ति मोहन अवस्थीए एएसपी.आजमगढ़ए देवेश त्रिवेदीए रीजनल हेड.यूपी और उत्तरांचल आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसीए गौरव सिंहए क्लस्टर हेड.आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी और श्री अभिषेक कुमार तिवारीए ब्रांच हेड.आज़मगढ द्वारा किया गया था।

### लोडर-बाइक की भिड़ंत में अधेड़ घायल

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवमई गांव के समीप एक पेट्रोल पंप के सामने बाइक और लोडर की टक्कर हो गयी। दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार अरविंद चौहान पुत्र देशराज चौहान 47 वर्ष निवासी हृदय खेड़ा कानपुर नगर गंभीर रूप से घायल हो गया। अरविंद अपने घर से डीजल लेने देवमई गांव के पेट्रोल पंप में आया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोड़र चालक मौके से फरार हो गया है और पेट्रोल पंप कर्मियों द्वारा बकेवर थाने में सूचना दी गई। थानाध्यक्ष गिरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि घायल अरविंद को पीएचसी देवमई भेजा गया था, चोटें गंभीर होने के कारण पीएचसी देवमई से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## कारोबारी साझेदार के हत्यारे को हुआ आजीवन कारावास

**चित्रकूट।** प्रेम संबंध में रोड़ा बनने पर कारोबारी साझेदार की हत्या करने वाले को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि पटिया जब्ती गांव के भोला पुत्र शिवधनी यादव ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पुत्र की हत्या की रिपोर्ट पहाड़ी थाने में लिखाई थी। पुलिस को दी तहरीर में भोला ने बताया था कि उसका 24 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार 10 सितंबर 2012 को अपनी मोटरबाइक ठीक कराने पटिया जब्ती से शिवरामपुर गया था। बाइक ठीक कराकर वह देर शाम लौट रहा था। रात आठ बजे बहन से फोन में बताया था कि वह रास्ते मे है और घर आ रहा है। इसके बाद उसका फोन स्विच आफ हो गया। दूसरे दिन 11 सितंबर 2012 को सवेरे दस बजे रमयापुर गांव के बाहर अशोक का शव बरामद हुआ। भोला ने इस मामले में पुरानी रंजिश को आधार बनाते हुए गांव के ही मन्ना रैदास, लल्ला, किशुनिया, रामबाबू, पप्पू और मूरतध्वज के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की विवेचना में यह तथ्य उजागर हुआ कि नामजद लोगों ने हत्या नहीं की है, बल्कि मृतक अशोक के कारोबारी साझेदार मानिकपुर क्षेत्र के सरैंया चौकी के बगइचापुरवा के मूलचंद्र उर्फमुल्ला पुत्र प्रहलाद यादव ने हत्या की है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, एक ही युवती से प्रेम संबंध होने से मूलचंद्र ने बाइक से घर जा रहे अशोक को रास्ते में रोककर बेरहमी से कत्ल किया था और शव फेंककर भाग गया था। जिसे जंगली जानवरों ने रात में क्षतविक्षत भी कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में मूलचंद्र के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## कुत्ते के काटने से मृत मजदूर के परिजनों को लगाई गई वैक्सीन

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद



**कोतवाली** कायमगंज क्षेत्र के गांव शिबरई वरियार निवासी गरीब मजदूर चरण सिंह;40 वर्ष पुत्र पृथ्वीराज को इसी माह की 5 तारीख को उस समय कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया था ।जब वह राजमिस्त्री के साथ मजदूरी करने जा रहा था। घायल को उसी समय कायमगंज सीएससी ले जाया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद और फर्रुखाबाद से कानपुर के लिए रेफर किया गया था।

दुर्भाग्य से उपचार के दौरान ही कानपुर में बेचारे मजदूर की दुखद मौत हो गई थी। उसका शव 21 दिसंबर को उसके पैतृक आवास पर लाया गया था। पता चला कि उसके परिवार के सदस्य जो मृतक के संपर्क में रहे ।उन्हें भी वैक्सीन लगाना आवश्यक है। इसलिए अधिकारियों के निर्देश पर मृतक के परिजन आज सरकारी अस्पताल कायमगंज वैक्सीन लगवाने पहुंचे। बता दें कि इसी गांव के लगभग 3 लोगों को इसी कुत्ते ने और काटा था। उनका उपचार चल ही रहा है। इसी बीच मृतक के परिजन अंशुल पुत्र सुनील, लक्ष्मी पत्नी नेम सिंह, निर्मला पत्नी कामता प्रसाद, सुधा पत्नी सुनील, सरला पत्नी चरण सिंह, अनुभव पुत्र चरण सिंह, आशु पुत्र चरण सिंह, नेम सिंह पुत्र पृथ्वीराज, ममता पत्नी हरि ओम, अनन्या पत्नी नेम सिंह, सौरभ पुत्र अशोक शाक्य, शिवम पुत्र सुनील, सुनील पुत्र रामदेव, अशोक कुमार पुत्र बालक राम, हरिओम पुत्र बालक राम, उपचार के लिए वैक्सीनेशन कराने अस्पताल पहुंचे। जहां 16लोगों की एंट्री रजिस्टर में की गई है । इन सभी के वैक्सीन कुत्ता काटे की लगाई गई है।

इसके अलावा 3 लोग और इसी गांव के हैं। जिनको वैक्सीन लगाई गई है। उनका नाम पता नहीं चल सका है। कुल 19 लोगों के वैक्सीन लगाई गई। बताते चलें बीते दिवस ग्राम शिवरई बरियार में कुत्ता काटने के कारण चरण सिंह की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके यह सभी परिजनों को वैक्सीन लगाने के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां काफी देर तक मृतक के परिजन वैक्सीन लगवाने के लिए इधर.उधर भटकते रहे। काफी देर के बाद जब सभी की पुष्टि कर ली गई । इसके बाद इन सभी 19 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

### अस्पतालों को दिये निर्देश

**हमीरपुर।** कोविड को देखते हुये सीएमओ ने सभी सीएचसी पीएचसी को आदेश जारी कर ज्यादा से ज्यादा कोविड की जांच कर रोजाना रिपोर्ट भेजने को आदेश दिये है। सीएमओ डा रामअवतार ने बताया कि हर सीएचसी पीएचसी में आरआरटीम का गठन कर डियूटी रोस्टर तैयार किया जाये। अस्पताल में आने वाले मरीजो व तीमारदारों की ज्यादा से ज्यादा जांच करायी जाये। अस्पतालों को फिर से कोविड के अनुरुप तैयार कर साफसफाई का विशेष ध्यान रखे। एल 2 अस्पताल व पीकू वार्ड को पूरी तरह कोविड के मानक के अनुरुप तैयार किया जाये।

### भोजपुरी भजन एलबम रिलीज

**गोरखपुर।** प्रमुख एंटरप्रेन्योर और सामाजिक कार्यकर्ता शिव आनंद दुबे ने अपनी टीम के साथ हमारी मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए भोजपुरी भजन का एलबम थाईलैंड में लॉन्च किया। थाईलैंड में आज आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में भोजपुरी भजन श्राम नाम बिनाश् सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। भोजपुरी भजन एलबम की लॉन्चिंग के लिए आयोजित भव्य समारोह में भारी भीड़ मौजूद थी। थाईलैंड के प्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता और एंटरप्रेन्योर पवन मिश्रा और भजन के निर्माता शिव आनंद दुबे ने कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि अनावरण किया।

## डीएम ने मोहम्मदपुर गांव का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन ने गुरुवार को भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने ने सबसे पहले राशन वितरण की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उचित दर विक्रेता महेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि राशन वितरण समय से होता है तथा सभी कार्ड धारकों को पूर्ण उपलब्ध करा दिया जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीण जनों से राशन वितरण की जानकारी ली। सभी ग्रामीणों ने बताया कि राशन समय से उपलब्ध करा दिया जाता है, वही आज से शुरू हुए राशन वितरण सम्बंधी जायजा उन्होंने जांच कराने के निर्देश दिए कि जो व्यक्ति अभी सामान्य कार्ड धारक है एवं वह अंत्योदय हेतु पात्र है उनको चिन्हांकित कर पात्रता सूची में जो उनसे कम पात्र हैं को चिन्हित कर वरीयता के अनुसार चिन्हित करते हुए अंत्योदय में रखा जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। वहीं उन्होंने कहा कि सभी अंत्योदय कार्ड धारको का आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाया जाए, तथा आयुष्मान कार्ड धारकों को योजना के बारे में प्रचार प्रसार कर जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके पश्चात गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि कुछ अराजक व्यक्तियों द्वारा चकरोड निर्माण में बाधा उत्पन्न किया जा रहा। इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित उप जिलाधिकारी भोगनीपुर, तहसीलदार आदि को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ चकरोड का निर्माण कराएं। वही हैंडपंपों में पड़ी समरसेबल द्वारा पानी ज्यादा निकासी किए जाने पर जिलाधिकारी ने ग्रामीण जनों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ज्यादा पानी बर्बाद ना करें, क्योंकि पानी का रिचार्ज बहुत ही कम होता है, इससे वाटर लेवल बहुत ही नीचे पहुंच रहा है, इसलिए सभी लोग पानी को बचाएं। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य विष्णु कुमार द्वारा बताया गया कि विद्यालय में 116 बच्चों के पंजीकृत के सापेक्ष 45 बच्चे उपस्थित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी बच्चे सर्दी के चलते स्वेटर, मोजा, जूता, ड्रेस के साथ विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य करे। वही जिलाधिकारी ने बच्चों से पठन-पाठन की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने रसोईघर का भी निरीक्षण किया। रसोईघर में उपस्थित रसोईया द्वारा बताया गया कि आज दाल, रोटी दिए जाने का दिन है, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मध्यान भोजन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। वहीं पर नये निर्माणाधीन आंगनवाड़ी बंद पाए जाने पर, जिलाधिकारी ने 10 दिन के अंदर साफ सुथरा कर आंगनवाड़ी निर्माणाधीन भवन में संचालित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं पर संचालित मोहम्मदपुर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आंगनवाड़ी का जिलाधिकारी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत पूर्ण करें, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बच्चों को समय से पोषण सामग्री का वितरण किया जाए, तथा पोषक ट्रैकर एप में सभी का फीडिंग शतप्रतिशत पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात जर्जर पंचायत भवन में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया, चिकित्सालय में उपस्थित फार्मासिस्ट ने बताया कि करीब प्रतिदिन 30-35 ओपीडी होती है, जिसमें ज्यादातर मरीज पेट एवं खुजली के आते हैं इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मरीजों का इलाज सही प्रकार से करें।

## सड़क हादसे में घाटमपुर बार के पूर्व अध्यक्ष की मौत

● हमीरपुर रोड पर ओवर फ्लाई के मुहाने के पास हुई दुर्घटना

संवाददाता। घाटमपुर

**सड़क हादसे** में घाटमपुर बार एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष एंव वारिष्ठ अधिवक्ता कमला पति त्रिपाठी ( 59) की सड़क हादसे में मौत हो गयी वो आवास से कचेहरी के लिये आ रहे थे। बताया जाता है कि अधिवक्ता कमलापति त्रिपाठी दिन में करीब साढ़े 11 बजे वाइक से कचेहरी आ रहे थे कि जैसे ही ओवर फ्लाई के मुहाने से घूम कर अपनी साइड आने लगे कि तभी हमीरपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने से वो मोटर साइकिल सहित सड़क पर जा गिरे। घायल अधिवक्ता को परिजन इलाज के लिये सीएचसी में भती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर उन्हे हैलट के लिये रिफर कर दिया, कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ कर भाग गया है ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है। उधर वारिष्ठ अधिवक्ता कमलापति त्रिपाठी की हादसे में मौत की खबर मिलते ही कचेहरी और तहसील में शोक की लहर छा गयी तथा घर में कोहराम मच गय, कमलापति त्रिपाठी थाना सजेती के गांव कुरसेड़ा के रहने वाले था तथा बर्तमान में हमीरपुर रोड मुहल्ला अशोक नगर दक्षिणी में रह रहे थे।


( फाइल फोटो मृतक कमलापति त्रिपाठी )

## वैज्ञानिक आधार पर खेती बन सकती है उन्नतिशीलः डॉ. कमलाशंकर शुक्ला

**राजापुर ( चित्रकूट )।** तुलसी कृषि विज्ञान केन्द्र गनींवा में निबोद्य पर्यावरण शोध एवं सामाजिक सेवा संस्था द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य संयोजक राजेश कुमार शुक्ला रहे। कार्यशाला में 25 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और सात बिन्दुओं पर परिचर्चा की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 विजय गौतम ने प्रतिभागियों को भारतीय प्राकृतिक खेती में जैविक अपशिष्ट पदार्थों की उपयोगिता, जैविक अपशिष्ट पदार्थों की पहचान, प्रकार, लाभ व हानियाँ जैविक अपशिष्ट पदार्थों की कृषि में उपयोगिता, गौ आधारित जैविक अपशिष्ट पदार्थों से कृषि योग्य भूमि, खादों का निर्माण एकीकृत कृषि प्रणाली में जैविक अपशिष्ट की उपयोगिता, जल व मृदा परीक्षण, इसका क्या महत्व व उपयोगिक कार्य तथा वर्मी कम्पोस्ट व नाडेप कम्पोस्ट बनाने की विधि पर परिचर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आज के समय में विज्ञान के माध्यम से कठिन से कठिन कार्य को सरलता से किया जा सकता है और कृषि क्षेत्र में जैविक प्रयोगों से लोग उन्नतिशील बनकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं और किसान अपने जानवरों के माध्यम से व खर पतवार को एक गड्ढे में डालकर कम्पोस्ट खाद का निर्माण कर अपनी खेती में उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ0 कमलाशंकर शुक्ला ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षणों से किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती कराने का ज्ञान होता है और समय समय पर खाद, पानी देने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर लेते हैं और जैविक खाद सस्ता और उच्च कोटि का परिणाम किसानों के लिए वरदान साबित होती है।

### वित्तीय साक्षरता औरं परामर्श शिविर में दिये महिलाओं को टिप्स

**पुखरायां, कानपुर देहात।** विकास खंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में गुरूवार को एक वित्तीय साक्षरता एवं परामर्श शिविर लगाया गया। जिसमें महिलाओं को पूंजी के रखरखाव एवं रोजगार सृजन करने की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता महेश कुमार ने बताया कि धन को सही ढंग से उपयोग करने की क्षमता को वित्तीय साक्षरता कहते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता की स्थिति अलग-अलग होती है। जानकारी दी कि रिजर्व बैंक की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिये तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर जारी किए गए निर्देश

● शासन की अध्यक्षता में आहूत जूम मीटिंग में हुई चर्चा

● हर स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर परिस्थिति के अनुसार उठाये कदम

संवाददाता। उरई (जालौन)



**गुरुवार** को प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशन में कोरोना के नये वैरियेंट बीएफ7 से चीन, जापान, अमेरिका, ब्राजील इत्यादि देशों में बढ़ रही मरीजों की संख्या एवं भारत में कोरोना संक्रमण फैलनें की आशंका को दृष्टिगत करते हुए संक्रमण की प्रभावी रोकथाम हेतु जूम मीटिंग का आयोजन किया गया। राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) में प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ सहित समस्त प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की टीम नें जूम मीटिंग में प्रतिभाग किया। जूम मीटिंग के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सम्पूर्ण चिकित्सकीय टीम को निर्देश दिये गये कि चिकित्सालय में कोरोना कंट्रोल सेंटर, ट्राएज एरिया, होल्डिंग एरिया, ईसीसीएस, सभी वार्ड, आईसीयू इत्यादि समस्त जगहों पर उपकरणों एवं औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर लिया जाये। चिकित्सालय स्टाफ मरीजों में एवं ओपीडी में मास्क, सैनिटाइजर के साथ ही सोशल डिस्टेंसिग का पालन सुनिश्चित कराया जाये। डोनिंग डोफिंग एरिया को पूर्ववत् क्रियाशील रखा जाये। चिकित्सालय एवं पूरे परिसर में साफ-सफाई एवं सैनिटाइजेशन पर भी विशेष ध्यान देनें की आवश्यकता है जिससे कि स्वच्छता एवं सावधानी संबंधी संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। प्रभारी अधिकारी (केन्द्रीय औषधि भंडार एवं लाजिस्टिक्स) को निर्देश दिये गये कि पर्याप्त मात्रा में जीवनरक्षक औषधियों के साथ ही अन्य सामान यथा मास्क, सैनिटाइजर इत्यादि का भंडार कर लिया जाये तथा जिस सामान की आवश्यकता हो उसे तुरन्त डिमांड प्रेषित कर नियमानुसार मंगवा लिया जाये। प्रधानाचार्य नें उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा अधूरे छोड़े गये कार्य जैसे कि ईटीपी, एसटीपी, इन्सीनरेटर, इमरजेंसी आक्सीजन पाइपलाइन, ड्रेनेज, वाटरहेड टैंक्स लीकेज, वाटर आउटलेट्स, लिफ्ट्स इत्यादि के संबंध में अवगत कराया जिस पर प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निर्माण निगम को निर्देशित करनें सम्बन्धी आदेश जारी किये गये है। प्रधानाचार्य नें कहा कि आक्सीजन जनरेटर की समय-समय पर भौतिक निरीक्षण कर क्रियाशीलता देखी जाये। जूम मीटिंग में चिकित्सकीय टीम में डा. प्रशांत निरंजन (चिकित्सा अधीक्षक), डा. अरूण अहिरवार (सहायक आचार्य, एनेस्थीसिया विभाग), डा. सुशील कुमार (सहायक आचार्य, सर्जरी विभाग), डा. छवि जायसवाल (सहायक आचार्य, बालरोग विभाग), डा. जितेन्द्र मिश्रा (चिकित्सा अधीक्षक), डा. हर्ष पटेल (सहायक आचार्य, बायोकेमिस्ट्री विभाग) एवं समस्त नोडल अधिकारी इत्यादि मौजूद रहें।

# बाइडन ने 10-बिंदुओं वाले शांति सूत्र का प्रस्ताव रखा : जेलेंस्की

● जेलेंस्की ने ओवल कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रपति बाइडन से मुलाकात की और व्हाइट हाउस में उनके साथ एक संवाददाता सम्मेलन किया



**भाषा।** वाशिंगटन

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बैठक में 10-बिंदुओं वाले शांति सूत्र का प्रस्ताव रखा और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में कई दशकों तक संयुक्त सुरक्षा की गारंटी प्रदान करेगा। जेलेंस्की (44) ने ओवल कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रपति बाइडन से मुलाकात की और व्हाइट हाउस में उनके साथ एक संवाददाता सम्मेलन किया।जेलेंस्की ने बुधवार को लगातार बैठक करने के साथ ही अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को भी संबोधित किया।कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा, हमें शांति चाहिए। यूक्रेन ने पहले ही कई प्रस्तावों की पेशकश की है, जिस पर मैंने अभी-अभी राष्ट्रपति बाइडन के साथ भी चर्चा की। हमारा 10 बिंदुओं वाला शांति सूत्र है जिसे आने वाले दशकों में हमारी संयुक्त सुरक्षा गारंटी के लिए लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई भी चर्चा रूस की बातचीत की इच्छा और अंतरराष्ट्रीय कानूनी व्यवस्था की भागीदारी पर भी निर्भर करेगी। हालांकि उन्होंने यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आलोचना भी की। जेलेंस्की ने कहा, रूस से शांति की दिशा में कदम उठाने का इंतजार करना बेवकूफी होगी, जो एक आतंकवादी राष्ट्र होने का मजा ले रहा है। क्रेमलिन अब भी रूस में जहर घोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय कानून व्यवस्था के तहत प्रतिबंध लगाना हमारा साझा कर्तव्य है। जेलेंस्की इस मौके पर भी अपनी चिर परिचित हरे रंग की कॉम्बैट स्वेटशर्ट और बूट पहने नजर आए।

उन्होंने उम्मीद जताई कि कांग्रेस हमारे मूल्यों, सिद्धांतों और स्वतंत्रता की रक्षा करने में सहायता करना जारी रखेगी और यूक्रेन को अतिरिक्त 45 अरब डॉलर की सहायता देगी। इससे पहले बुधवार को बाइडन ने ओवल कार्यालय में जेलेंस्की का स्वागत करते हुए कहा कि अमेरिका और यूक्रेन रक्षा के क्षेत्र में एकजुटता दिखाना जारी रखेंगे, क्योंकि रूस ने एक राष्ट्र के रूप में यूक्रेन के अस्तित्व के अधिकार पर क्रूर हमला किया है।रूस के इस साल फरवरी अंत में यूक्रेन पर हमला करने के बाद जेलेंस्की पहली बार देश से बाहर आए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि वह पहले यात्रा पर आना चाहते थे, लेकिन इस समय उनकी यह यात्रा दिखाती है, आपकी मदद से स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के लोग सम्मान के साथ स्वतंत्रता के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। जेलेंस्की ने कहा, हम क्रिसमस मनाएंगे। भले ही देश में बिजली न हो, लेकिन हमारे विश्वास की रोशनी कभी नहीं बुझेगी। उन्होंने कहा, अगर रूस की मिसाइलें हम पर हमला करेंगी, तो हम खुद को बचाने की पूरी कोशिश करेंगे। अगर वे ईरान के ड्रोन से हम पर हमला करेंगे तो क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हमारी जनता को बम हमले से बचने वाले स्थानों पर पनाह लेनी होगी। यूक्रेन के लोग एक साथ बैठेंगे और एक दूसरे को खुश रखेंगे।

हमें हर किसी की इच्छा जानने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम जानते हैं कि हम सभी लाखों यूक्रेनवासी एक ही जीत की कामना कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि लड़ाई केवल यूक्रेन या किसी अन्य राष्ट्र की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए नहीं है, जिस पर रूस कब्जा करना चाहता है। उन्होंने कहा, इस संघर्ष से तय होगा कि हमारे बच्चे और नाती-पोते किस दुनिया में रहेंगे और फिर उनके बच्चे तथा नाती-पोतों को कैसा जीवन मिलेगा। इससे ही तय होगा कि क्या यूक्रेन और अमेरिकियों या सभी के लिए लोकतंत्र कायम रहेगा या नहीं।

## नेतन्याहू ने राष्ट्रपति को इज़राइल में अगली सरकार बनाने की जानकारी दी

यरुशलम, भाषा। इज़राइल के निर्वाचित प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि वह अगली सरकार बनाने जा रहे हैं जो इज़राइल के सभी नागरिकों के कल्याण के लिए काम करेगी। नेतन्याहू (73) ने आधी रात की समय सीमा से कुछ मिनट पहले यह घोषणा की। नेतन्याहू ने बुधवार देर रात राष्ट्रपति इसाक हर्जोग को सूचित किया कि वह देश में नई सरकार का गठन करेंगे। शपथ ग्रहण दो जनवरी तक होगा। नवंबर में राष्ट्रपति हर्जोग ने आधिकारिक रूप से नेतन्याहू को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था, जिन्हें नेसेट (इज़राइल की संसद) के 64 सदस्यों का समर्थन हासिल है। नेतन्याहू ने इज़राइल में प्रधानमंत्री पद पर सबसे अधिक समय तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने हर्जोग को फोन कर सूचित किया कि वह पिछले चुनाव में लोगों से मिले भारी जनसमर्थन की बदौलत अगली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the public at large that **MR. NITIN KUMAR, is purchasing the PIECE OF LAND AREA MEASURING 200 SQ. YDS. OUT OF KHASRA NO. 1009 SITAUTED AT MAZRA LONI, NEAR NIRMAL VIHAR, PARGANA LONI, TEHHSIL AND DISTRICT GHAZIABAD, U.P.**; from Mr. Pooran Singh S/o Mr. Malkhan Singh, who had purchased the subject property through Registered General Power of Attorney dated 23.05.2003 as doc. No. 22537 (Along With ATS & Will), and same to be financed & mortgaged by **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing at the address mentioned below, about his objections within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, Charge, disputes etc.


**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120-4269379

# तीसरे कार्यकाल में भी भारत संबंधी नीति को लेकर चिनफिंग की दुविधा बरकरार

**भाषा।** बीजिंग,

**चीन के** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हाल ही में पांच और वर्षों के लिए देश की कमान संभाली है लेकिन इसके कुछ ही हफ्तों के भीतर अरुणाचल प्रदेश के यांग्त्से में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच इस महीने की शुरुआत में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ के नए साल में पिघलने के आसार कम ही हैं।

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में यथास्थिति को बदलने की कोशिशों के बाद से बीजिंग और नई दिल्ली के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं। यांग्त्से में चीन के सैकड़ों सैनिकों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के इस पार भारतीय सीमा में अतिक्रमण करने की असफल कोशिश की थी। क्षेत्र में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई झड़प से रिश्तों में आई तल्खी को दूर करने के प्रयास प्रभावित हो सकते हैं। दोनों देश हाल ही में 16 दौर की बातचीत के जरिए पूर्वी लद्दाख में कई बिंदुओं से सैन्य वापसी पर सहमति बनाने में कामयाब रहे थे। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से में नौ दिसंबर को हुई झड़प पर संसद में दिए बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था, भारतीय सेना ने बहादुरी से पीएलए को हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें अपनी चौकियों पर वापस जाने के लिए मजबूर किया। इस झड़प में दोनों पक्षों के कुछ सैनिकों को चोटें आई हैं। चीनी विदेश मंत्रालय ने जहां भारत के साथ सीमा पर स्थिति सामान्यत: स्थिर होने की बात कही थी। वहीं, पीएलए के पश्चिमी थिएटर कमान के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कर्नल लॉन्ग शाओहुआ ने एक बयान में दावा किया था कि संघर्ष उस समय हुआ, जब भारतीय सैनिकों ने एलएसी पर चीनी सीमा में नियमित गश्त कर रहे उसके जवानों को रोका। लॉन्ग ने कहा था, हमारे



सैनिकों की प्रतिक्रिया पेशेवर, दृढ़ और मानक के अनुरूप थी, जिससे स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिली। तब से दोनों पक्ष पीछे हटने लगे हैं। पर्यवेक्षकों का कहना है कि पीएलए का बयान संकेत देता है कि चीनी सेना 3,488 किलोमीटर लंबी गैर-सीमांकित एलएसी पर प्रमुख बिंदुओं पर कब्जा करने के लिए सैकड़ों सैनिकों को गश्त पर भेजने की अपनी लद्दाख में अपनाई गई रणनीति जारी रख सकती है। यह जून 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के जवानों में हुआ सबसे बड़ा संघर्ष था। गलवान में झड़प के बाद भारत और चीन के रिश्तों में दरार बढ़ गई थी। भारत ने स्पष्ट किया था कि सीमा पर शांति और सद्भाव द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है।यांग्त्से की घटना राजनीतिक रूप से भी अहम है, क्योंकि यह अक्टूबर में राष्ट्रपति चिनफिंग के अभूतपूर्व रूप से पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद भारत-चीन सीमा पर हुई पहली बड़ी घटना थी। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) ने चिनफिंग को चीन के सर्व-शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के अध्यक्ष के रूप में भी फिर से नियुक्त किया था, जो पीएलए की समग्र उच्च कमान है। चिनफिंग के तीसरे कार्यकाल में चीन में नए मंत्री और अधिकारी भी अहम पद संभालते नजर आएंगे। इनमें एक नए विदेश मंत्री की नियुक्ति शामिल है, क्योंकि मौजूदा समय में इस पद को संभाल रहे वांग ईन को पदोन्नत कर सीपीसी के उच्च स्तरीय राजनीतिक ब्यूरो में भेज दिया गया है। वांग और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल भारत-चीन सीमा तंत्र के विशेष प्रतिनिधि हैं, जो सीमा पर हाल ही में पैदा हुए गतिरोध के बाद निष्क्रिय है। अगले साल मार्च में चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के वार्षिक सत्र के बाद नया मंत्रिमंडल और अधिकारी अपना कार्यभार संभालेंगे।भारत और चीन के विवाद वाले कई बिंदुओं से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए सहमत होने के बाद यांग्त्से में पीएलए द्वारा उठाए गए कदम को चीनी नेताओं और सैन्य अधिकारियों में व्याप्त उस दुविधा के प्रतिबिंब के रूप में देखा जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे भारत से कैसा निपटा जाए। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का मौजूदा अध्यक्ष है। वह अगले साल आठ देशों वाले इस समूह के शासनाध्यक्षों की मेजबानी करने को तैयार है। भारत प्रतिष्ठित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भी कमर कस रहा है। चीन इन दोनों ही समूहों का सदस्य है। इसके अलावा, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अपनी दो साल की अस्थाई सदस्यता (2021 और 2022) के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रियता अर्जित की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वर्ष 2028-29 में भी यूएनएससी की अस्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी पेश कर दी है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि चीन को भारत के संबंध में अपनी नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए, वरना वह ऐसे समय में नई दिल्ली के साथ झड़प में उलझा रहेगा, जब शून्य-कोविड नीति के चलते उसकी अर्थव्यवस्था बेहद मुश्किल दौर से गुजर रही है और ताइवान एवं दक्षिण चीन सागर से जुड़े विवादों को लेकर बीजिंग और वाशिंगटन के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है।

## अदालत ने रूह अफ़्ज़ा की याचिका पर दिल अफ़्ज़ा के उत्पादन, बिक्री पर रोक लगाई


**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शरबत दिल अफजा नाम के पेय पदार्थ के उत्पादन एवं बिक्री पर तब तक के लिए रोक लगा दी है जब तक कि रूह अफजा की निर्माता हमदर्द दवाखाना की याचिका का निपटारा नहीं हो जाता। इस याचिका में हमदर्द ने ट्रेडमार्क के कथित उल्लंघन का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति विभू बाखरू और न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया रूह अफजा एक सदी से भी अधिक समय से हमदर्द की पहचान बना हुआ है और इसने अच्छी साख कमाई है। पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि प्रतिस्पर्धी इस चिह्न से एक सुरक्षित दूरी बनाए रखें। इससे पहले एकल न्यायाधीश की पीठ ने दिल अफजा की विनिर्माता सदर लैबोरेटरीज को कथित ट्रेडमार्क उल्लंघन से रोकने के लिए अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ हमदर्द ने अपील दायर की थी।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचना दी जाती है कि इंडसइंड बैंक लिमिटेड, जिसकी एक शाखा प्लॉट नंबर 2E/1, दूसरी मंजिल, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में है, मेरे मुवक्किल मैसर्स होरीजॉन 9 एडवरटाइजिंग एंड ब्रांड कंसल्टेंट्स लिमिटेड को ऋण सुविधा प्रदान करना चाहता है। संपत्ति संख्या एफ-1 (के) जिसका 145.714 वर्ग मीटर क्षेत्रफल है, जो संजय नगर, सेक्टर 23, गाजियाबाद, यूपी में स्थित है। उक्त संपत्ति के विरुद्ध (बाद में "**सैड प्रोपर्टी**" के रूप में संदर्भित)।

श्रीमती राजेश्वरी सक्सेना दिनांक 29.03.2005 को दस्तावेज संख्या 2406 के रूप में विधिवत पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 29.03.2005 के आधार पर उक्त संपत्ति की रिकॉर्डेड स्वामी थीं। इसके बाद श्रीमती राजेश्वरी सक्सेना की दि. 24.07.2009 को मृत्यु हो गई, केवल एक कानूनी उत्तराधिकारी यानी श्री राकेश सक्सेना को पीछे छोड़ दिया। श्री राकेश सक्सेना ने जीवित सदस्य प्रमाण पत्र दिनांक 21.04.2011 के आधार पर, जिन्होंने हिंदू उत्तराधिकार कानून के आधार पर उक्त संपत्ति का एकमात्र और पूर्ण स्वामी होने का दावा किया था। तत्पश्चात, उक्त संपत्ति को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अभिलेखों रिकॉर्ड में दाखिल खारिज पत्र दिनांक 15.12.2011 द्वारा श्री राकेश सक्सेना के नाम पर उत्परिवर्तित कर दिया गया था। यदि किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उपर्युक्त संपत्ति में किसी भी तरह से अधिकार, शीर्षक या हित/दावे के संबंध में कोई आपत्ति या दावे हैं, तो अपने दावों/आपत्तियों के संबंध में सभी सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित में अधोहस्ताक्षरी से तत्काल संपर्क करें। यदि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर उनके ऐसा कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति में किसी का भी कोई अधिकार, शीर्षक या हित नहीं है और भले ही किसी के पास कोई दावा/आपत्ति हो, उसने इसे छोड़ दिया है।

**हिमांशु आहूजा** (अधिवक्ता)
संपर्क नंबर: 9810310373, 011-41830049
ई-मेल पता: alolegals@gmail.com



बीजिंग एअरपोर्ट के बाहर कोरोना संक्रमण के चलते सुरक्षाकवच के साथ तैनात कर्मचारी

## 2022-23 में खाद्य, किराना खुदरा विक्रेताओं की आय 15-20 प्रतिशत बढ़ेगी: रिपोर्ट

**मुंबई।** आवश्यक वस्तुओं की लगातार मजबूत मांग और संगठित क्षेत्र की बढ़ती पैठ के चलते भारत में संगठित खाद्य और किराना (एफएंडजी) कारोबारियों की आय वित्त वर्ष 2022-23 में 15-20 प्रतिशत तक बढ़ेगी। इक्रा ने एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोविड संबंधी पाबंदियों को हटाने, आवश्यक वस्तुओं की लगातार तेज मांग और खुदरा क्षेत्रों के नियमित विस्तार से आय में 15-20 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है। इक्रा ने रिपोर्ट में आगे कहा कि मुद्रास्फीति के दबाव के कारण परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) 2022-23 में 5-6 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अच्छी आय और स्थिर कमाई की उम्मीद को देखते हुए इस क्षेत्र के लिए परिदृश्य स्थिर है।

# भारत-चीन सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच भारत, अमेरिका के रक्षा प्रमुखों ने वैश्विक सुरक्षा मुद्दे पर चर्चा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत-अमेरिका** संबंधों को प्रगाढ़ करने के मकसद से दोनों देशों के रक्षा प्रमुखों ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा माहौल के बारे में अपने आकलन साझा किए और द्विपक्षीय सहयोग एवं सूचना के आदान प्रदान को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

सीमा पर भारत और चीन के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क ए. माइली और उनके भारतीय समकक्ष भारतीय रक्षा बल के जनरल अनिल चौहान के बीच यह बैठक हुई।

ज्वाइंट स्टाफ के उप प्रवक्ता जोसेफ आर. होलस्टीड ने बुधवार को बैठक का विवरण देते हुए कहा, दोनों सैन्य नेताओं ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा माहौल के आकलन साझा किए और द्विपक्षीय सैन्य संबंधों और सूचना के आदान प्रदान को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। होलस्टीड ने कहा, भारत और अमेरिका, भारत-अमेरिका प्रमुख रक्षा भागीदारी के तहत मजबूत सैन्य संबंध को साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, भारत एक अहम क्षेत्रीय नेता है और मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। अमेरिका, भारत और अन्य कई विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य प्रबंधन की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुले और संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में बात कर रही हैं। चीन दक्षिण चीन सागर के लगभग सभी विवादित हिस्से पर दावा करता है जबकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप एवं सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। चीन का पूर्वी चीन सागर में जापान के साथ भी सीमा विवाद है।

2017 में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के वास्ते एक नई रणनीति विकसित करने के लिए क्वाड की स्थापना के समय से लंबित प्रस्ताव को आकार दिया।

अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में यांग्त्से क्षेत्र में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को झड़प हुई थी जो जून 2020 में गलवान घाटी में भीषण टकराव के बाद ऐसी पहली घटना है। दो दशक में दोनों देशों की सेनाओं के बीच यह सबसे गंभीर सैन्य टकराव था।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAXENON TATAMOTORS REG. NO. HR38X6570 -YOM -2018
2) TACEMEGA TATAMOTORS REG. NO. HR38X6646 -YOM-2017
3) AL 1211 ASHOK_LEY REG. NO. HR38Y6436 -YOM -2018
4) AL 1211 ASHOK_LEY REG. NO.HR38Y1394 -YOM -2018
5) TACEMEGA TATAMOTORS REG. NO.RJ14GJ1210 -YOM-2017
6) TATA ACE REG. NO.DL1LAB6744 -YOM-2018
7) TATAMOTORS- ACE MEGA REG. NO.UP14GT3467 -YOM-2017
8) SML SARTAJ REG. NO.DL1LAC6040 -YOM-2019
9) TLPT1109FB REG. NO.UP14KT9024-YOM-2022
10) EICHR_VECV PRO_2095XP REG. NO.DL1MA9060 -YOM-2022
11) MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS REG. NO.UP53ET6035 YOM 2018
12) MAHINDRA_AND_MAHINDRA - CB_MAHINDRA BLAZO37 FBT GOODS REG. NO. UP53ET6039 YOM -2018
13) MAHINDRA BLAZO37 FBT GOODS REG. NO. UP53ET7164 YOM -2018
14) SWRJ_MAZDA_ SM_SAMRAT REG. NO.DL1MA5565-YOM -2020
15) MAH_BOLMAXITRK REG. NO.UP15ET8816 -YOM -2020
16) TATAMOTORS_TATAACE REG.NO.UP15ET9142 -YOM -2021
17) BHARATBENZ_BB1617RBSS REG. NO. HR55AF9180-YOM -2019

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., 3RD FLOOR, PLOT NO 7,SECTOR 125,NOIDA-201313
OR CONTACT :ABHINAV SIR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 7798988481
EMAIL-abhinav.lal@kotak.com

# चीन के साथ व्यापार संबंधों को तोड़ना नुकसानदायक हो सकता है: पनगढ़िया



**भाषा।** नई दिल्ली

**सीमा पर** आक्रामक रूख दिखा रहे चीन के साथ व्यापार संबंधों को तोड़ने की मांगों के बीच नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में बीजिंग के साथ व्यापार संबंधों को खत्म करने का मतलब भारत की संभावित आर्थिक वृद्धि का बलिदान करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके बजाए तो भारत को अपने व्यापार का विस्तार करने के लिए ब्रिटेन और यूरोपीय संघ समेत अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने के प्रयास करने चाहिए।

पनगढ़िया ने कहा, इस स्थिति में चीन के साथ व्यापारिक जंग छेड़ने का मतलब होगा हमारी संभावित वृद्धि...शुद्ध रूप से आर्थिक आधार पर, के साथ समझौता करना। इसकी (सीमा पर तनाव) प्रतिक्रिया में कार्वाई करना उपयुक्त नहीं होगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर, पनगढ़िया ने कहा कि दोनों देश व्यापार प्रतिबंध जैसे कदम उठा सकते हैं लेकिन 17000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था (चीन) में, 3000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था (भारत) को नुकसान पहुंचाने की क्षमता कहीं अधिक होगी।उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था भी चीन या रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में उतनी सफल नहीं रही है। पनगढ़िया ने कहा, हमें अगले दशक के लिए भारत की वृद्धि की शानदार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए अर्थव्यवस्था को जितना ज्यादा संभव हो उतना बड़ा करने पर ध्यान देना चाहिए। एक बार हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे तो हमारे प्रतिबंध का असर भी ज्यादा होगा।

## मेटा ने नवंबर में फेसबुक, इंस्टाग्राम पर 2.29 करोड़ सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई की

**नई दिल्ली ।** सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने नवंबर में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भारतीय उपयोगकर्ताओं की 2.29 करोड़ से अधिक सामग्रियों के खिलाफ कार्वाई की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को अपनी मासिक पारदर्शिता रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों के मुताबिक कंपनी ने फेसबुक पर 1.95 करोड़ से अधिक सामग्री और इंस्टाग्राम पर 33.9 लाख सामग्री के खिलाफ कार्वाई की है। कंपनी ने बताया कि फेसबुक पर 1.49 करोड़ स्पैम कंटेंट के खिलाफ कार्वाई की गई। इसके बाद वयस्क नग्नता और यौन गतिविधि से संबंधित 18 लाख सामग्री और हिंसक और ग्राफिक सामग्री से संबंधित 12 लाख सामग्रियों के खिलाफ कार्वाई की। इंस्टाग्राम पर मेटा ने आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने से संबंधित 10 लाख सामग्री, 7.27 लाख हिंसक सामग्री, वयस्क नग्नता और यौन गतिविधि से संबंधित 7.12 लाख सामग्री आदि पर कार्वाई की है।कंपनी को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत इंस्टाग्राम पर 2,368 शिकायतें मिलीं जिनमें से सर्वाधिक 939 शिकायतें खाता हैक होने की थीं। इस नियम के तहत फेसबुक पर उसे 889 शिकायतें मिलीं।

# सेंसेक्स 61,000 अंक से नीचे फिसला

**भाषा।** मुंबई

**सकारात्मक वैश्विक** रुख के बावजूद प्रमुख शेयर सूचकांक बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त को कायम नहीं रख सके और बाजार लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे पहले बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीतिक समिति की बैठक का ब्योरा जारी हुआ था, जिसका असर बाजार की धारणा पर पड़ा। सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बढ़त बरकरार नहीं रख सका और कारोबार के अंत में 241.02 अंक या 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,826.22 पर बंद हुआ।इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 71.75 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 18,127.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी में नुकसान रहा। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा और भारती एयरटेल फायदे में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख भी घरेलू शेयर बाजारों में जोश भरने में विफल रहा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा जारी होने से भी घरेलू बाजार में बिकवाली हुई, क्योंकि इसमें केंद्रीय बैंक ने कुछ सख्त टिप्पणियां की हैं। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि इस समय नीतिगत कार्वाई को रोकने की गलती महंगी साबित हो सकती है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है।चीन और कुछ अन्य देशों में कोविड-19 का संक्रमण बढ़ने के मद्देनजर देश में स्थिति की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की। हेम सिक्योरिटीज के कोष प्रबंधक मोहित निगम ने कहा कि वैश्विक बाजारों में मजबूती के बावजूद चीन, जापान, कोरिया और ब्राजील में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण घरेलू बाजारों का उत्साह जल्द ही फीका पड़ गया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001,
Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4237/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 22.12.22

**ई-निविदा शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय पत्रांक सं0-4202/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 20.12.2022 से प्रकाशित ई-निविदा सूचना के क्रम संख्या 03 मे अंकित छटोऊ पुरोडी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य के स्थान पर छटोऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य पेयजल योजना पढ़ा जाए। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगें।

"जल संचय-जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता

# लोस ने जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक, 2022 संसद की संयुक्त समिति को भेजा

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने छोटी-छोटी गलतियों को अपराध के दायरे से बाहर रखने के प्रावधान वाला जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक, 2022 बृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश किया। निचले सदन ने इस विधेयक को अध्ययन एवं विचार के लिए संसद के दोनों सदनों की 31 सदस्यीय संयुक्त समिति को भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सदन में कहा, प्रधानमंत्री की अद्वितीय कल्पना से हमने इस विधेयक के माध्यम से 19 मंत्रालयों से जुड़े 42 अलग-अलग कानूनों में 183 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने का प्रस्ताव किया है। गोयल ने कहा कि जनता का विश्वास और व्यापारियों का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है और इससे अदालतों पर भी भार कम होगा। इसका नाम जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक, 2022 रखा गया है। जिन कानूनों को संशोधित किया जा रहा है, उनमें ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधि., 1940अ लोक ऋण अधि., 1944अ फार्मेसी अधि., 1948अ सिनेमेटोग्राफ अधि., 1952अ कॉपीराइट अधि., 1957अ पेटेंट अधि., 1970अ पर्यावरण (संरक्षण) अधि., 1986 और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 हैं। ट्रेड मार्क अधि., 1999अ रेलवे अधि., 1989अ सूचना प्रौद्योगिकी अधि., 2000अ धनशोधन रोकथाम अधि., 2002अ खाद्य सुरक्षा और मानक अधि., 2006अ लीगल मेट्रोलॉजी अधि., 2009 और फैक्टरिंग विनियमन अधि., 2011 भी हैं। गोयल ने कहा, हमारे देश में कई सारे ऐसे कानून हैं जिसमें छोटी-छोटी गलतियों के लिए लोगों को सजा दी जाती है, कानूनी कार्रवाई होती है और उन्हें अदालतों के चक्कर लगाने होते हैं। यह सरकार लोगों के ऊपर भरोसे की बात करती है और मानती है कि सामान्यतया व्यापारी वर्ग, आम लोग ईमानदारी से काम करते हैं और जीवन यापन करते हैं।

गोयल ने कहा कि कभी-कभी लोगों से गलती हो जाती है, उनके लिए सरकार का मानना है कि उन्हें छोटी-छोटी गलतियों के लिए अदालत नहीं जाना पड़े और जुर्माना देकर मामला सुलझ जाए। 2014 से ही हमारी सरकार लगातार जनता की जिंदगी आसान बनाने के लिए लगातार निर्णय लेती जा रही है। स्वतः प्रमाणन, जीएसटी जैसे नए कानून और अन्य कई कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए। इससे व्यापार सुगमता और जीवन सुगमता बढ़ी है। हम चाहते हैं कि देसी-विदेशी निवेशकों को भारत में रेड टेप के बजाय रेड कारपेट का माहौल मिले। मंत्री ने कहा कि इसी क्रम में लगभग 1500 पुराने और अप्रचलित कानूनों को समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे सरलीकरण होगा और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों का व्यापार और जीवन और सरल होगा। उन्होंने उक्त विधेयक को संसद के दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति को अध्ययन के लिए भेजने का प्रस्ताव भी रखा जिसे सदन ने ध्वनि मत से मंजूरी दे दी। समिति में लोकसभा से 21 सदस्य होंगे जिनमें भाजपा के पीपी चौधरी, संजय जायसवाल, उदय प्रताप सिंह, संजय सेठ, क्रीन ओझा, खगेन मूर्म, पूनम महाजन, पूनम मदाम, अपराजिता सारंगी, राजेंद्र अग्रवाल, रतन लाल कटारिया और अरविंद ब्रह्मपुरी, कांग्रेस के गौरव गोगोई और डीन कुरियाकोस, तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की वी सत्यवती, द्रमुक के ए राजा, शिवसेना से गजानन कीर्तिकर, जदयू सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्र और बहुजन समाज पार्टी के गिरीश चंद्र हैं।

## राजपूत और सालियान की मौत के संबंध में आदित्य का नार्को टेस्ट होना चाहिए: राणे

**नागपुर।** भाजपा के विधायक नितेश राणे ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की मौत के सिलसिले में एकनाथ शिंदे धड़े के लोकसभा सांसद राहुल शेवाले की तरफ से लगाए गए आरोपों के आधार पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट कराने की बृहस्पतिवार को मांग की। राजपूत और उनकी पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में हर बार ठाकरे का नाम क्यों आता है, यह पूछे जाने पर राणे ने कहा कि शेवाले के आरोपों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि वह लंबे समय तक ठाकरे परिवार के करीबी थे। राणे ने विधान भवन परिसर के बाहर मीडिया से कहा कि आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट (नार्को एनालिसिस टेस्ट) किया जाना चाहिए ताकि उनकी (राजपूत और सालियान की) मौत का सच सामने आ सके। सालियान (28) ने आठ जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में कथित तौर पर बहुमंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली।



नागपुर में एमवीए के विधायक शीतकालीन सत्र में स्लोगन पर लिखकर प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## गुलाम नबी आजाद ने तीन वरिष्ठ नेताओं को अपनी पार्टी से निकाला

भाषा। जम्मू

**गुलाम नबी आजाद** ने बृहस्पतिवार को तीन वरिष्ठ नेताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए अपनी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) से निष्कासित कर दिया। जिन नेताओं को पार्टी से निकाला गया है उनमें पूर्व मंत्री तारा चंद व मनोहर लाल तथा पूर्व विधायक बलवान सिंह शामिल हैं। डीएपी महासचिव आर एस छिब की ओर तत्काल प्रभाव से उनके निष्कासन का आदेश जारी किया गया। छिब ने कहा, उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर पार्टी से निष्कासित किया गया है। अध्यक्ष (आजाद) आश्वस्त थे कि पार्टी में उनकी आवश्यकता नहीं थी क्योंकि वे पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे करीब तीन महीने पहले पार्टी बनाने वाले डीएपी अध्यक्ष आजाद ने पिछले दो दिनों में संगठन में कई नियुक्तियां की हैं।

## संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय से विदेशों में भारतीय नागरिकों का डाटाबेस तैयार करने को कहा

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने विदेश मंत्रालय से विदेशों में भारतीय नागरिकों का डाटाबेस तैयार करने और उसे नियमित आधार पर अद्यतन करने को कहा है ताकि आपात स्थितियों में उसकी मदद ली जा सके। लोकसभा में 2022-23 के लिए विदेश मंत्रालय की अनुदान की मांग पर विदेश मंत्रालय से संबंधित संसदीय समिति के 12वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। भारतीय जनता पार्टी सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा, प्रवासी भारतीयों की अत्यधिक संख्या के मद्देनजर किसी तरह की संकट की स्थिति में उनके फंसने की आशंका अधिक रहती है। अफगानिस्तान में हाल ही में उत्पन्न राजनीतिक संकट और यूक्रेन संघर्ष हमें यह याद दिलाने के लिए पर्याप्त है कि इन भारतीयों की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

समिति ने कहा कि हाल के दिनों में अफगानिस्तान और यूक्रेन में मंत्रालय द्वारा निभाई गई भूमिका सराहनीय रही है, ऐसे में उसका (समिति का) मानना है कि लोगों को प्रभावित देशों से निकालने की तैयारी एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में उभरी है। समिति को इस बात की जानकारी है कि संघर्ष या किसी अन्य आपात स्थिति के दौरान भारतीय नागरिकों की निकासी योजना अलग-अलग मामलों के आधार पर बनाई जाती है और उन्हें बाहर निकालना कई कारकों पर निर्भर करता है। समिति की इच्छा है कि विदेशों में भारतीय नागरिकों का एक डाटाबेस तैयार किया जाए और आपातकालीन स्थितियों के लिए उसे नियमित आधार पर अद्यतन किया जाए।

## भारत-बांग्लादेश जलमार्ग परियोजना का काम तेजी से पूरा करने की राज्यसभा में उठी मांग

भाषा। नई दिल्ली

**राज्यसभा** में बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने त्रिपुरा के सोनामुरा से बांग्लादेश के दाउदकांडी तक जलमार्ग परियोजना का काम तेजी से पूरा करने का अनुरोध किया। विशेष उल्लेख के माध्यम से यह मुद्दा उठाते हुए भाजपा के विप्लब देब ने कहा कि इस परियोजना का ट्रायल रन भी किया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद कुछ कमियां रह गई हैं। परियोजना को पूरा करने के लिए बांग्लादेश के हिस्से वाले जलमार्ग में गाद की सफाई की जानी है लेकिन अभी तक यह काम पूरा नहीं हो सका है।

देब ने बताया कि भारत की ओर से बांग्लादेश को प्रस्ताव दिया गया था कि उसके हिस्से का काम भी कर लिया जाएगा लेकिन उसने इंकार कर दिया था। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह इस सिलसिले में बांग्लादेश सरकार से बात करे और परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करे। भाजपा के दिनेशचंद्र अनावाडिया ने ईंट व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि ईंट उद्योग पर जीएसटी बढ़ाए जाने से इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि इससे ईंट की कीमतों में भी वृद्धि हुई है इसलिए लोग अब उसके विकल्प तलाशने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवसाय से जुड़े लोगों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है, लिहाजा सरकार को उन्हें राहत देने के लिए कदम उठाने चाहिए।

भाजपा के ही राजेन्द्र गहलोत ने अजमेर-पुष्कर रेल लाइन परियोजना को तेजी से पूरा करने की मांग की। मनोनीत सदस्य गुलाम अली ने ऊर्जा परियोजना से जुड़ी जम्मू एवं कश्मीर की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की मांग की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी ने केरल के कन्नूर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए केंद्रीय क्षेत्र व विकास संस्थान की शाखा खोले जाने का अनुरोध किया। भाजपा के जग्गेश ने कर्नाटक के कॉफी उत्पादकों की समस्या उठाई और कहा कि प्रतिकूल मौसम की वजह से कर्नाटक का यह उद्योग खतरे में है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में उपयुक्त कदम उठाने की मांग की। भाजपा की कल्पना सैनी ने उत्तराखंड के हरिद्वार में एक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी स्थापित किए जाने की मांग की। तमिल मनीला कांग्रेस के जी के वासन, भाजपा के अरुण सिंह, भाजपा के ही डी पी वत्स, हरनाथ सिंह और सीमा द्विवेदी ने भी लोक महत्व के अलग-अलग मुद्दे उठाए।

## धनखड़ ने न्यायपालिका को कमतर करने की कोशिश संबंधी सोनिया की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

भाषा। नई दिल्ली

**राज्यसभा** के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को न्यायपालिका और सरकार के संबंध में संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान को पूरी तरह से अनुचित बताते हुए राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया कि वे उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों पर पक्षपात करने का आरोप नहीं लगाएं। धनखड़ ने कहा कि संप्रग अध्यक्ष का बयान उनके विचारों से पूरी तरह से भिन्न है और न्यायपालिका को कमतर करना उनकी सोच से परे है। सभापति ने कहा कि संप्रग अध्यक्ष का बयान पूरी तरह अनुचित है और लोकतंत्र में उनके विश्वास की कमी का संकेत देता है।

सोनिया कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख भी हैं और उन्होंने बुधवार को पार्टी संसदीय दल की बैठक में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सुनियोजित ढंग से न्यायपालिका के प्राधिकार को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जो बहुत ही परेशान करने वाला घटनाक्रम है। संप्रग अध्यक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह जनता की नजर में न्यायपालिका की स्थिति को कमतर बनाने का प्रयास कर रही है। धनखड़ ने उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) कानून को रद्द किए जाने को लेकर पिछले दिनों न्यायपालिका की आलोचना की थी और इसे संसदीय संप्रभुता से समझौते का उदाहरण बताया था।

## छात्रों का तनाव कम करने के लिए योग, जुम्बा कक्षाओं का सहारा ले रहे कोचिंग संस्थान

भाषा। कोटा (राजस्थान)

**कोटा के** कोचिंग संस्थानों में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तनाव और चिंता से बाहर निकालने में मदद के लिए, योग सत्रों, जुम्बा कक्षाओं से लेकर परामर्शदाताओं की एक टीम को तैनात किया गया है। इसके अलावा 24 घंटे सातों दिन कार्यरत हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है। पिछले हफ्ते तीन छात्रों के कथित तौर पर आत्महत्या करने के बाद कोटा के कोचिंग संस्थान सुर्खियों में हैं। प्रमुख कोचिंग संस्थान एलन में विभिन्न मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में फिलहाल 1.5 लाख से अधिक छात्र कोचिंग हासिल करते हैं। संस्थान ने अपने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए, नियमित योग सत्र व जुम्बा क्लासों के अलावा तुम होगे कामयाब और विंग्स ऑफ विजडम जैसे विशेष कार्यक्रम चलाए हैं।

एलन में प्रधान परामर्शदाता व छात्र-व्यवहार विशेषज्ञ डॉ. हरीश शर्मा ने कहा, हमारे यहां एक समर्पित हेल्पलाइन है जो चौबीस घंटे सातों दिन काम करती है और इसके माध्यम से प्रतिदिन 50 से अधिक छात्र या अभिभावक बात करते हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, प्रति 10 छात्रों के लिए हमारे पास एक पर्यवेक्षक छात्र है जिसे बडी कहा जाता है। बडी का काम समूह के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में पता लगाना और शिक्षकों को यह बताना होता है कि किसी छात्र में कोई लक्षण या संकेत तो नहीं हैं? जैसे वह कुछ दिन से ठीक से नहीं खा रहा है, कमरे से बाहर नहीं आ रहा है या कक्षाओं में भाग नहीं ले रहा है या अपने माता-पिता से बात नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को किसी भी ऐसे छात्र के बारे में पता चलने के बाद संस्थान में उपलब्ध पेशेवर परामर्शदाताओं को बुलाया जाता है। रेजोनेंस भी कोटा का एक प्रमुख कोचिंग संस्थान है, जिसमें प्रत्येक छात्र के पास शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक मुद्दों से निपटने में उसकी मदद करने के लिए एक संरक्षक होता है। संस्थान के प्रबंध निदेशक और अकादमिक प्रमुख आर.के. अग्रवाल ने कहा, हम छात्रों को न केवल उनकी अकादमिक चिंताओं बल्कि ऐसे गैर-शैक्षणिक मुद्दों पर भी चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो तनाव या चिंता पैदा कर रहे हैं। योग सत्र और एकाग्रता अभ्यास भी उन गतिविधियों में शामिल हैं जिन्हें छात्रों के बीच प्रोत्साहित किया जाता है। पुलिस और जिला प्रशासन के रिकॉर्ड के मुताबिक, इस साल शहर के कोचिंग सेंटरों में पढ़ने वाले कम से कम 14 छात्रों ने आत्महत्या कर ली।

### पहला डिजिटल वॉक-इन इंटरव्यू प्लेटफॉर्म

**बेंगलुरू।** लाखों श्रमिकों के जीवन को बदलने का लक्ष्य रखने वाले एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म गुडवर्कर ने अपनी तरह के पहले डिजिटल इंटरैक्शन प्लेटफ़ॉर्म के लॉन्च की घोषणा की, जिसका नाम ओडब्ल्यूवीआई ऑनलाइन वॉकइन और वीडियो इंटरैक्शनडू है। ब्लू और ग्रे कॉलर वर्कर्स अपने ऐप पर बिल्ट-इनए प्लेटफ़ॉर्म साक्षात्कार और साक्षात्कारकर्ता दोनों को वर्चुअल वॉकइन, फेसटूफेस कॉल के माध्यम से जोड़ता है, समय कुशल तरीके से उनकी आवश्यकता और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल के साथ अनुभवहीनता जैसी भौतिक और डिजिटल बाधाओं को दूर करता है। ओडब्ल्यूवीआई की कार्यात्मक प्रक्रिया एक नियोक्ता द्वारा गुडवर्कर ऐप पर जॉब लिस्टिंग बनाने के साथ शुरू होती है जिसमें साक्षात्कार के लिए दिनांक और समय के साथ एक वीडियो हायरिंग इवेंट भी होता है। इसके बाद, गुडवर्कर हरकत में आ जाता है, जहां वह ऐप नोटिफिकेशन और व्यक्तिगत कॉल दोनों के माध्यम से वास्तविक समय के आधार पर सही.फिट उम्मीदवारों के एक पूल की पहचान करता है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए गुडवर्कर के सीईओ अमित जैन ने कहा कि हम एक पूर्ण स्टैक डिजिटल करियर निर्माण मंच का निर्माण कर रहे हैं जो श्रमिकों को रोजगार में सुधार करने, नौकरी खोजने में मदद करता है और इस प्रक्रिया में श्रमिकों को समृद्ध डिजिटल पहचान का मालिक बनाता है जिसका वे उपयोग करते हैं।





नई दिल्ली में बिहार के सांसद संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति के पास स्लोगन लिखकर केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बयान को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## पनडुब्बी: सरकार ने नौसेना के अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सरकार ने किलो-श्रेणी की रूसी पनडुब्बियों के पुर्जे खरीदने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में नौसेना के सेवारत और सेवानिवृत्त चार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले की जांच शुरू करने के दो महीने के भीतर पिछले साल नवंबर में आरोपपत्र दायर किया था, जिसके बाद जांच एजेंसी ने आरोपी नौसेना अधिकारियों कमांडर एस.जे. सिंह (सेवानिवृत्त) और तीन सेवारत कमांडर - अजीत पांडे, अभिषेक कुमार और जगदीश चंदर - के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार की मंजूरी मांगी थी।

अधिकारियों ने बताया कि लगभग एक साल से अधिक समय के बाद, सरकार ने आखिरकार चारों आरोपी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने को हरी झंडी दे दी, जिसका मतलब है कि अब मामले में सुनवाई जल्द शुरू हो सकती है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत सीबीआई का किसी आरोपी के खिलाफ मुकदमा शुरू करने से पहले सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य होता है। संघीय जांच एजेंसी पहले ही सीबीआई की एक विशेष अदालत को सूचित कर चुकी है कि आरोपी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उसे सरकार की मंजूरी मिल गई है।

सीबीआई ने यह जानकारी मिलने पर मामला दर्ज किया था कि किलो-श्रेणी की रूसी पनडुब्बियों के पुर्जे खरीदने में शामिल नौसेना के पश्चिमी मुख्यालय के कुछ सेवारत अधिकारी कथित रूप से सेवानिवृत्त अधिकारियों के प्रभाव में थे और आर्थिक लाभ ले रहे थे। पिछले साल दो सितंबर को मामला दर्ज करने के बाद एजेंसी ने अगले दिन तलाशी अभियान चलाया और जाल बिछाकर दो सेवानिवृत्त अधिकारियों - कमोडोर रणदीप सिंह और कमांडर एस.जे. सिंह - को गिरफ्तार किया था।

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस्तीफा मांगा

**नागपुर।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष और विधायक नाना पटोले ने कथित फोन टैपिंग मामले में दोषियों को बचाने के लिए, बृहस्पतिवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस्तीफा मांगा। फडणवीस के पास गृह विभाग का भी प्रभार है। पटोले ने एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार पर मामले को दबाने का भी आरोप लगाया। पटोले ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि अगर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पक्षपातपूर्ण रवैया बरकरार रखा तो विपक्ष उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर सकता है। नागपुर में विधानसभा का शीतकालीन सत्र जारी है। कांग्रेस विधायक ने कहा, सरकार फोन टैपिंग मामले के दोषियों का बचाव क्यों कर रही है? पटोले ने कहा कि 2016-17 में फडणवीस के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों के फोन अवैध रूप से टैप किए गए थे।

## जैकलीन ने विदेश जाने की अनुमति के लिए दायर याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** धनशोधन मामले में आरोपी बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने विदेश जाने की अनुमति के लिए दिल्ली की एक अदालत में दायर याचिका बृहस्पतिवार को वापस ले ली। न्यायाधीश ने कहा कि पहले आरोप तय होने चाहिए, जिसके बाद अभिनेत्री ने अदालत को अपने निर्णय के बारे में बताया। फर्नांडीज ने अपनी मां को देखने के लिए 23 दिसंबर से पांच जनवरी तक बहरीन जाने की अनुमति मांगी थी। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने फर्नांडीज से कहा, आप अपनी बीमार मां से मिलने के लिए जाना चाहती हैं। हम सभी अपने माता-पिता को लेकर भावुक होते हैं, लेकिन मुकदमा इस समय महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। आप याचिका वापस ले सकती हैं और पहले आरोप तय होने चाहिए। वरना मैं एक न्यायिक आदेश पारित करूंगा। इसके बाद अभिनेत्री ने अपने वकीलों के साथ विचार-विमर्श किया और अदालत को बताया कि वह



फिलहाल अपनी याचिका वापस ले रही हैं। सुनवाई के दौरान ईडी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि अगर वह विदेश जाती हैं, तो हो सकता है कि वापस न लौटें। ईडी ने कहा, वह विदेशी नागरिक हैं। भले ही यहां उनका करियर है, वह कहीं और (भी) अपना करियर बना सकती हैं। याचिका वापस लेने से पहले अभिनेत्री ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान उन्हें पहले विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी। ईडी ने उनकी याचिका का विरोध किया था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसकी अनुमति दे दी थी।

## हिंदी में बद्री नारायण व अंग्रेजी में अनुराधा रॉय को साहित्य अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने वर्ष 2022 के लिए अपने प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी और साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कारों की बृहस्पतिवार को घोषणा की। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव के मुताबिक हिंदी के लिए बद्री नारायण, अंग्रेजी के लिए अनुराधा रॉय और उर्दू के लिए अनीस अशफाक समेत 23 भारतीय भाषाओं के लेखकों को वर्ष 2022 के प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुवाद पुरस्कार की श्रेणी में हिंदी में तकनीकी कारणों से पुरस्कार का ऐलान नहीं किया गया है। राव ने बताया कि अंग्रेजी में एन कल्याण रमन, उर्दू में रेणु बहल और पंजाबी में भूपिंदर कौर प्रीत को साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

राव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नारायण को हिंदी में उनके कविता संग्रह तुमड़ी के शब्द के लिए प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उनके मुताबिक रॉय को अंग्रेजी में उनके उपन्यास ऑल द लाइव्स वी नेवर लिव्ड के लिए तथा उर्दू में अशफाक को उनके उपन्यास ख्वाब सराब के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इनके अलावा संस्कृत में जनार्दन प्रसाद पाण्डेय मणि को दीपमाणिक्यम् (कविता संग्रह) के लिए, मैथली में अजित प्रसाद को पेन-ड्राइवमे पृथ्वी (कविता-संग्रह) के लिए, मराठी में प्रवीण दशरथ बांदकर को उजव्या सोंडेच्या बाहुल्या (उपन्यास) के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया जाएगा।

राव के मुताबिक, कश्मीरी में फारूक फयाज को उनकी साहित्यिक समालोचना ज़ायल डब के लिए, गुजराती में गुलाम मोहम्मद शेख को आत्मकथात्मक निबंध घेर जतां के लिए, नेपाली में के.बी. नेपाली को उनके नाटक साइनो के लिए, पंजाब में सुखजीत को कहानी संग्रह मैं अयंतघोष के लिए मुख्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। सचिव ने बताया कि 23 भाषाओं के लिए घोषित इन पुरस्कारों में सात कविता संग्रह, छह उपन्यास, दो कहानी संग्रह, दो साहित्य समालोचना, तीन नाटक और एक आत्मकथा समेत अन्य कृतियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बांग्ला भाषा में पुरस्कार का ऐलान तकनीकी कारणों से कुछ दिनों के बाद किया जाएगा। वहीं अनुवाद पुरस्कारों के बारे में राव ने बताया कि लेखिका सबा नकवी के अंग्रेजी में लिखे कथेतर साहित्य इन गुड फेथ का मराठी में सलोख्याचे प्रदेश, शोध सहिष्णु भारताचा शीर्षक से अनुवाद करने के लिए प्रमोद मुजुमदार को साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार दिया जाएगा।

सचिव के मुताबिक, माधव कौशिक के हिन्दी में लिखे कविता संग्रह सुनो राधिका का इसी शीर्षक से उर्दू में तर्जुमा करने के लिए रेणु बहल को भी अनुवाद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुल 17 भाषाओं के लेखक-लेखिकाओं को अनुवाद पुरस्कार प्रदान करने की फिलहाल घोषणा की गई है। राव ने बताया कि बांग्ला, हिंदी, कोंकणी, मैथली, मणिपुरी, ओडिया और संताली भाषाओं में तकनीकी कारणों से अनुवाद पुरस्कारों की घोषणा कुछ दिन बाद की जाएगी। सचिव ने कहा कि शास्त्रीय और मध्ययुगीन साहित्य में योगदान देने के लिए डॉ. उदयनाथ झा को पूर्वी क्षेत्र से वर्ष 2022 का भाषा सम्मान प्रदान करने का निर्णय किया गया है। अकादमी हर साल कुल 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत करती है। उन्होंने बताया, इन पुरस्कारों की अनुशंसा इन भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई तथा साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कम्बार की अध्यक्षता में आयोजित अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया। सचिव के मुताबिक, साहित्य अकादमी पुरस्कार और भाषा सम्मान से नवाजे जाने वाले लेखक-लेखिकाओं को एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक-एक लाख रुपए की राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार के लिए उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। राव के मुताबिक साहित्य अकादमी पुरस्कार अगले साल 11 मार्च को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किए जाएंगे।

# उमेश-अश्विन के झटके से बांग्लादेश ढेर

- उमेश-अश्विन के झटके से बांग्लादेश सस्ते में ढेर,भारत ने 19 रन बनाए
- दोनों के चार-चार विकेट, भारत के खिलाफ पहली पारी में 227 रन ही बना पाई



**भाषा।** मीरपुर


**उमेश** यादव और रविचंद्रन अश्विन ने चार-चार विकेट लेकर बांग्लादेश को गुरुवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की पहली पारी में 227 रन पर आउट कर दिया जिसके जवाब में भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 19 रन बनाए। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन मोमिनुल हक को छोड़कर उसका कोई भी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। मोमिनुल ने 157 गेंदों पर 84 रन बनाए जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है। भारत की तरफ से तेज गेंदबाज उमेश ने 25 रन देकर चार, अश्विन ने 71 रन देकर चार और 12 साल बाद टेस्ट में वापसी करने वाले जयदेव उनादकट ने 50 रन देकर दो विकेट लिए। बांग्लादेश ने अपने आखिरी पांच विकेट 14 रन के अंदर गंवाए। भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल का क्रीज पर संघर्ष जारी रहा। उन्हें दो अवसरों पर डीआरएस के कारण जीवनदान मिला। पहली बार बांग्लादेश ने विकेट के पीछे कैच के लिए विश्वसनीय अपील पर तीसरे अंपायर की मदद ली जबकि दूसरी बार शाकिब अल हसन की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया था लेकिन इस बार भी भाग्य राहुल के साथ रहा। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय राहुल 30 गेंदों पर तीन रन बनाकर खेल रहे थे जबकि शुभमन गिल ने 20 गेंदों पर नाबाद 14 रन बनाए हैं जिसमें एक चौका और शाकिब की गेंद पर उनके सिर के ऊपर से लगाया गया छक्का शामिल है। भारत अभी बांग्लादेश से 208 रन पीछे है। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर के बांग्लादेश के बल्लेबाजों को लंबी साझेदारी नहीं निभाने दी। बांग्लादेश ने पहले सत्र में दो विकेट खोकर 82 रन बनाए जबकि दूसरे सत्र में उसने तीन विकेट खोए और इस बीच 102 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर 2010 में सेंचुरियन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उनादकट ने दो मैचों के बीच 118 मैच में बाहर रहने का नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। उनादकट ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को परेशानी में रखा और पहले टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले जाकिर हसन (15) का विकेट लिया। उन्होंने दूसरे सत्र में भी प्रभावशाली प्रदर्शन करके मुशफिकुर रहीम (26) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। भारतीय कप्तान राहुल ने मोहम्मद सिराज और उमेश से गेंदबाजी की शुरुआत कराई और नौवें ओवर में पहले बदलाव के रूप में उनादकट को गेंद सौंपी। इस तेज गेंदबाज ने बादल छाए रहने का पूरा फायदा उठाया तथा शंटो और जाकिर दोनों को अपनी अंदर आती गेंदों से परेशान किया। उनादकट ने आखिर में 14वें ओवर की अतिरिक्त उछाल लेती हुई पांचवीं गेंद पर जाकिर को चकमा दिया। बल्लेबाज ने कट करने के प्रयास में प्वाइंट पर खड़े राहुल को आसान कैच दिया। अश्विन ने अगले ओवर में नजमुल हुसैन शंटो को पगबाधा आउट किया जिन्होंने आगे पिच की गई गेंद पर शॉट नहीं खेलने का फैसला किया था। बांग्लादेश की दूसरे सत्र में शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा कप्तान शाकिब (16) लंच के बाद पहली गेंद पर ही आउट हो गए। उन्होंने उमेश यादव की गेंद पर मिड ऑफ पर खड़े चेतेश्वर पुजारा को आसान कैच दिया। रहीम ने इसके बाद मोमिनुल के साथ अगले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। उनादकट ने रहीम को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। यह अच्छी लेंथ वाली गेंद थी जो रहीम के बल्ले को चूमती हुई विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों में समा गई। लिटन दास (25) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की तथा दो चौके और एक छक्का लगाया लेकिन अश्विन की फुल लेंथ गेंद को फ्लिक करने के प्रयास में उन्होंने राहुल को कैच थमा दिया। उमेश ने तीसरे सत्र में कहर बरपाया तथा पहले मेहदी हसन मिराज (15) को ढीला शॉट खेलने के लिए मजबूर किया और फिर नुरूल हसन (छह) को पगबाधा आउट किया जिसके लिए भारतीय टीम को डीआरएस का सहारा लेना पड़ा था। मोमिनुल की शानदार पारी का अंत अश्विन ने किया। बांग्लादेश की टीम में वापसी करने वाला यह बल्लेबाज अश्विन की कैरम बॉल को छोड़ना चाहता था लेकिन उन्होंने निर्णय लेने में देरी की और गेंद उनके ग्लब्स को चूमकर विकेटकीपर पंत के पास पहुंच गई। अश्विन ने एक गेंद बाद खालिद अहमद को आउट करके बांग्लादेश की पारी का अंत किया।

### स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी** : नजमुल शंटो पगबाधा बो अश्विन 24,जाकिर का राहुल बो उनादकट 15, हक का पंत बो अश्विन 84,अल हसन का पुजारा बो उमेश यादव 16, रहीम का पंत बो उनादकट 26,दास का राहुल बो अश्विन 25,हसन मिराज का पंत बो उमेश यादव 15,नुरूल पगबाधा बो उमेश यादव 06, अहमद का मोहम्मद सिराज बो उमेश यादव 01,इस्लाम नाबाद 04,अहमद का उनादकट बो अश्विन 00,**अतिरिक्त** : 11,कुल : 73.5 ओवर में 227 पर सभी आउट ,**विकेट पतन** : 1-39, 2-39, 3-82, 4-130, 5-172, 6-213, 7-219, 8-223, 9-227 ,**गेंदबाजी** : सिराज 9-1-39-0, उमेश 15-4-25-4,उनादकट 16-2-50-2, अश्विन 21.5-3-71-4, पटेल 12-3-32-0

# उनादकट ने दो मैचों में सर्वाधिक अंतर का बनाया नया रिकॉर्ड

- सर्वाधिक टेस्ट मैचों से बाहर रहने वाले भारतीय क्रिकेटर बने



**भाषा।** मीरपुर

**भारतीय तेज** गेंदबाज जयदेव उनादकट ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरते ही एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। वह सर्वाधिक टेस्ट मैचों से बाहर रहने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उनादकट ने 12 साल पहले 16 दिसंबर 2010 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। इसके बाद अब उन्होंने 118 टेस्ट मैचों में बाहर रहने के बाद टीम में वापसी की। यह भारत की तरफ से रिकॉर्ड है जबकि विश्व क्रिकेट में वह सर्वाधिक टेस्ट मैचों से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। रिकॉर्ड इंग्लैंड के गैरेथ बैटी के नाम पर है जिन्हें दो टेस्ट मैचों के बीच 142 मैच तक इंतजार करना पड़ा था। उनादकट को बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह टीम में रखा गया है जिन्हें चटगांव में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत की 188 रन की जीत के बाद मैन ऑफ द मैच चुना गया था। अपने करियर का दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे उनादकट ने बांग्लादेश के खिलाफ सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन का विकेट लिया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच में शतक लगाया था। उनादकट को चोटिल मोहम्मद शमी की जगह बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया था। उन्हें सौराष्ट्र की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला। सौराष्ट्र के कप्तान उनादकट ने विजय हजारे ट्रॉफी में 10 मैचों में सर्वाधिक 19 विकेट लिए थे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने से पूर्व 96 प्रथम श्रेणी मैचों में 353 विकेट लिए थे।

## रमीज राजा पीसीबी अध्यक्ष पद से बर्खास्त, 14 सदस्ईय पैनल ने संभाला जिम्मा

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** की सरकार ने पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष पद से हटाकर देश में अगले चार महीनों तक क्रिकेट का संचालन करने के लिए नजम सेठी की अगुवाई में 14 सदस्ईय पैनल नियुक्त किया है। पाकिस्तान सरकार ने बुधवार देर रात रमीज को बर्खास्त करने के संबंध में अधिसूचना जारी की। यह फैसला पाकिस्तान के इंग्लैंड के हाथों टेस्ट श्रृंखला में 0-3 से करारी हार के बाद लिया गया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने यह अधिसूचना जारी की जिसे कैबिनेट से मंजूरी मिलना बाकी है जो कि महज औपचारिकता है। पीसीबी के संरक्षक शरीफ ने रमीज को हटाकर सेठी की अगुवाई में नया पैनल नियुक्त किया है। रमीज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सितंबर 2021 में पीसीबी का अध्यक्ष नियुक्त किया था। वह 15 महीने तक इस पद पर रहे। एहसान मनी के पद छोड़ने के बाद रमीज पीसीबी के 36वें अध्यक्ष बने थे। वह चौथे पूर्व क्रिकेटर थे जिन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनसे पहले जिन क्रिकेटरों ने यह पद संभाला था उनमें एजाज बट (2008-11), जावेद बुर्की (1994-95) और अब्दुल हफीज कारदार (1972-77) शामिल हैं। सेठी 2013 से 2018 तक पीसीबी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहे थे। उन्होंने 2018 के आम चुनावों में इमरान की पार्टी की जीत के बाद अपना पद छोड़ दिया था।

## पेले का स्वास्थ्य बिगड़ा, गुर्दे और हृदय भी प्रभावित

**साओ पाउला।** कैंसर और सांस संबंधी परेशानियों के कारण अस्पताल में भर्ती दिग्गज फुटबॉलर पेले का स्वास्थ्य बिगड़ गया है और चिकित्सकों के अनुसार उनका कैंसर बढ़ गया है तथा उनके हृदय और गुर्दे भी प्रभावित हो गए है। साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने बुधवार को बयान मे कहा कि82 वर्षीय पेले का कैंसर बढ़ गया है और उन्हे गुर्दे और हृदय संबंधी परेशानी भी है। अस्पताल ने बयान मे इस तीन बार के विश्व कप विजेता खिलाड़ी की सांस संबंधी परेशानी के बारे में कोई जानकारी नही दी थी जो कि कोविड-19 के कारण बढ़ गई थी।

## स्पैम ईमेल से मिले तेंदुलकर, धोनी और सहवाग के सीवी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अधिकारियों ने जब भावी राष्ट्रीय चयन समिति के उम्मीदवारों के बायो डाटा चेक करने के लिए मेल बॉक्स खोला तो वे सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और वीरेंद्र सहवाग के नाम के आवेदन देखकर हैरान रह गए। और इतना ही काफी नही था कि इस पद के लिए पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम उल हक ने भी अपनी उम्मीदवारी पेश की हुई थी। बस इतना था कि ए सभी बायो डाटा कुछ धोखेबाजो ने स्पैम ईमेल आईडी से किए थे जिनका इरादा बीसीसीआई से कुछ मजा लेने का था।

## निकहत व मंजू मुक्केबाजी के क्वार्टरफाइनल में

**भोपाल।** विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता निकहत जरीन और मंजू रानी ने गुरुवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 की शानदार जीत दर्ज करने के बाद छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पयनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तेलंगाना का प्रतिनिधित्व कर रही मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत ने 50 किग्रा प्री क्वार्टरफाइनल में मेघालय की इवा वेनी मारबानियांग को हराया जबकि रेलवे की मुक्केबाज मंजू रानी ने 48 किग्रा के अंतिम 16 मुकाबले में उत्तराखंड की कविता को शिकस्त दी।

## दक्षिण अफ्रीका में वनडे श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टीम में आर्चर की वापसी

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चोट के कारण करीब दो साल तक बाहर रहने के बाद दक्षिण अफ्रीका मे अगले महीने होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए इंग्लैड की टीम मे वापसी करेंगे। आर्चर ने 2019 मे टीम की विश्व कप खिताबी जीत मे अहम भूमिका अदा की थी लेकिन मार्च 2021 के बाद से वह चोट के कारण इंग्लैड के लिए नही खेल सके। इस 27 साल के तेज गेंदबाज को कोहनी संबंधित चोटों के कारण दो सर्जरी करानी पड़ी और फिर पीठ के निचले हिस्से मे स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण उनकी वापसी में व्यवधान हुआ। पिछले महीने वह ट्रेनिंग के लिए इंग्लैड की लायंस टीम से जुड़े थे और उन्होंने अबुधाबी मे एक अभ्यास मैच में इंग्लैड की सीनियर टीम के खिलाफ नौ ओवर गेंदबाजी की थी। इससे उनके पूर्ण फिटनेस हासिल करने की उम्मीद जगी।

# कुलदीप को दूसरे टेस्ट में न खिलाने पर सब हैरान

- बाहर होने से बचने के लिए कुलदीप को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार लेना बंद कर देना चाहिए : हरभजन

**भाषा।** नई दिल्ली

**कुलदीप यादव** को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने से हैरान पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को लगता है कि क्या यह बेहतर रहेगा अगर बाएं हाथ का कलाई का यह स्पिनर मैच का सर्वश्रेठ खिलाड़ी पुरस्कार नहीं जीते या पांच विकेट नहीं चटकाए। टेस्ट क्रिकेट में 22 महीने के बाद वापसी करते हुए कुलदीप ने चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट चटकाए जिसमें पहली पारी में 40 रन पर पांच विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने बल्ले से भी 40 रन का उपयोगी योगदान दिया लेकिन अंतिम एकादश में सौराष्ट्र के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को शामिल करने के लिए उन्हें दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर कर दिया गया। भारत के महानतम स्पिनरों में से एक हरभजन कुलदीप को बाहर करने के फैसले से बेहद नाराज दिखे। हरभजन ने प्रतिक्रिया मांगे जाने पर व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, मुझे लगता है कि अब से कुलदीप को पांच विकेट लेना बंद कर देना चाहिए। क्या पता इससे उसे लगातार दो टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल जाए। चटगांव टेस्ट से पूर्व पिछली बार उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में (99 रन पर पांच विकेट) अलग हालत में पांच विकेट चटकाए थे। उसे विदेशी हालात में भारत का नंबर एक स्पिनर होना चाहिए था लेकिन उसे टेस्ट खेलने के लिए दो साल से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। अब उसे लगभग दो साल बाद दोबारा टेस्ट खेलने का मौका मिला और उसे फिर टीम से बाहर कर दिया गया।



### कुलदीप को बाहर करना अविश्सनीय : गावस्कर

**नई दिल्ली।** स्पिनर कुलदीप यादव को दूसरे टेस्ट की अंतिम एकादश से बाहर करने के हैरानी भरे फैसले की पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने आलोचना करते हुए इसे अविश्वसनीय करार दिया है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप ने चटगांव में पहले टेस्ट की पहली पारी में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 40 रन पर पांच विकेट चटकाए थे। मीरपुर में गुरुवार को शुरू हुए दूसरे टेस्ट में हालांकि अंतिम एकादश में तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने उनकी जगह ली जिससे गावस्कर, पूर्व टेस्ट गेंदबाज डोडा गणेश और पूर्व महिला कप्तान अंजुम चोपड़ा हैरान थी कि आखिक टीम प्रबंधन ने ऐसा फैसला क्यों किया। सीरीज के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर कमेंटरी करते हुए गावस्कर ने कहा, मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को बाहर करना, यह अविश्वसनीय है। मै सिर्फ इसी शब्द का इस्तेमाल कर सकता हू और यह एक सौम्य शब्द है। मै काफी कड़े शब्दो का इस्तेमाल करना चाहता था लेकिन यह अविश्वसनीय है कि आपने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को बाहर कर दिया जिसने 20 मे से आठ विकेट चटकाए।

### अंतिम एकादश में नहीं रखने का फैसला टीम प्रबंधन का: उमेश यादव

**मीरपुर।** पिछले मैच के नायक रहे कुलदीप यादव को बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय अंतिम एकादश से बाहर रखने के फैसले ने भले ही कईयों को निराश किया हो लेकिन सीनियर तेज गेंदबाज उमेश यादव ने गुरुवार को कहा कि यह टीम प्रबंधन का फैसला है जिसका सामना हर क्रिकेटर को करना पड़ता है। कुलदीप बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मे मिली 188 रन की जीत में मैन ऑफ द मैच रहे थे और इस बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने आठ विकेट झटकने के अलावा पहली पारी में 40 रन का उपयोगी योगदान किया था। लेकिन कुलदीप को दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बाहर रखने के फैसले ने सभी को हैरान कर दिया। और राहुल द्रविड़ की कोचिंग वाली टीम ने जयदेव उनादकट के रूप मे एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करने का फैसला किया।

## आईपीएल नीलामी में करेन, स्टोक्स और ग्रीन को मिल सकती है मोटी कीमत

**भाषा।** कोच्चि

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुक्रवार को यहां होने वाली मिनी नीलामी में बेन स्टोक्स, सैम करेन, कैमरन ग्रीन और मयंक अग्रवाल जैसे खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 10 फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होड़ देखने को मिल सकती है। इस मिनी नीलामी में 30 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 87 खाली स्थानों के लिए 405 क्रिकेटरों पर बोली लगाई जाएगी। आईपीएल नीलामी के इतिहास में अभी तक दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस को सर्वाधिक कीमत पर खरीदा गया था। राजस्थान रॉयल्स ने 2021 में उन्हें 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। मॉरिस अब संन्यास ले चुके हैं। टी20 विश्व कप 2022 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए करेन पर मोटी बोली लगने की संभावना है। वह अभी 24 साल के हैं और टीम उन्हें लंबे समय तक बरकरार रखने की उम्मीद के साथ अपने से जोड़ना का प्रयास करेंगी। करेन को 2019 में पंजाब किंग्स ने मोटी कीमत पर खरीदा था। इसके बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ गए थे। चेन्नई उन्हें फिर से अपनी टीम से जोड़ने का प्रयास करेगा।

# उत्तर प्रदेश ने नगालैंड को हराया, बोनस अंक मिले

## घरामी का शतक, बंगाल की नजरें हिमाचल के खिलाफ जीत पर



**कोलकाता।** सोविमा में उत्तर प्रदेश ने नगालैंड को पारी और 230 रन से हराकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किए। पहली पारी में 136 रन बनाने वाली नगालैंड की टीम दूसरी पारी में भी 185 रन ही बना सकी। उत्तर प्रदेश ने अपनी एकमात्र पारी चार विकेट पर 551 रन बनाकर घोषित की थी। नगालैंड ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 44 रन से की थी लेकिन श्रीकांत मुंधे ने 193 गेंद में 98 रन की पारी खेलकर उत्तर प्रदेश के जीत के इंतजार को बढ़ाया। सुदीप घरामी के शतक से बंगाल ने गुरुवार को यहां हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 89 रन से करते हुए बंगाल ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 291 रन बनाकर घोषित की। घरामी ने 66 गेंद में 101 रन की पारी खेली जबकि कप्तान मनोज तिवारी ने 83 गेंद में 50 रन बनाए।

### मैच फिर से शुरू, रेलवे के पांच विकेट पर 59 रन

**नई दिल्ली।** करनैल सिंह स्टेडियम की पिच गलत कारणों से सुर्खियों में बरकरार है जिस पर पंजाब और रेलवे के बीच रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच को गुरूवार को यहां फिर से शुरू किया गया। मैच रैफरी योवराज सिंह ने दोनों टीमों के कप्तान मंदीप सिंह और कर्ण शर्मा से लंबी चर्चा के बाद दोपहर दो बजे मैच शुरू करने का फैसला किया। इससे मैच दो दिन का होगा जिसमें पंजाब ने गेंदबाजी का फैसला किया। रेलवे के बल्लेबाजों को बल्लेबाजी करने में मुश्किल हो रही थी और 32 ओवर में उसने 59 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे। वर्षों से करनैल सिंह स्टेडियम अपनी खराब पिच के लिए कुख्यात रहा है और कई मौकों पर इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# ऋषव और गोकुल के शतक, असम बढ़त की ओर

- रणजी : दिल्ली के खिलाफ पहली पारी की बढ़त से पांच रन दूर

**भाषा।** गुवाहाटी



**ऋषव दास** और गोकुल शर्मा ने रणजी ट्राफी ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन दिल्ली के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए शतक जड़े जिससे असम को पहली पारी की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने के लिए केवल पांच रन की दरकार है लेकिन उसके केवल दो विकेट बचे हैं। दिल्ली ने सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के नाबाद 252 रन की मदद से पहली पारी में 439 रन बनाए थे जबकि असम ने तीसरे दिन स्टंप तक आठ विकेट पर 435 रन बना लिए हैं और मैच से तीन अंक हासिल करने के लिए उसे पांच रन की जरूरत है। ऋषव (160 रन, 229 गेंद) और अनुभवी गोकुल (140 रन, 299 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 256 रन की भागीदारी निभाकर असम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पर इसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवा दिए, पर अंत में मुख्तार हुसैन (नाबाद 40 रन) और सिद्धार्थ सरमा (नाबाद 16 रन) के बीच नौंवे विकेट के लिए 57 रन की नाबाद साझेदारी की बदौलत संभलने में सफल रही। शुक्रवार की सुबह उम्मीद है कि असम ए पांच रन बना लेगी। दिल्ली को अपने अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण का खामियाजा भुगतना पड़ा।

### मणिपुर के खिलाफ बिहार के दूसरी पारी में आठ विकेट पर 217 रन

**अहमदाबाद।** मणिपुर के गेंदबाजो ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी प्लेट मैच मे दूसरी पारी मे बिहार का स्कोर आठ विकेट पर 217 रन करके जीत की उम्मीद जगाई। बिहार के पहली पारी के 311 रन के जवाब मे मणिपुर की टीम पहली पारी मे छह विकेट पर 229 रन से आगे खेलने उतरी और 21 ओवर मे 67 रन जोड़कर 296 रन तक टीम ने अपने बाकी बचे चार विकेट भी गंवा दिए।

### पुडुचेरी को पारी और सात रन से हराकर कर्नाटक अंक तालिका के शीर्ष पर

**बेंगलुरू** कर्नाटक ने रोनित मोरे, वी कावेरापा और विजयकुमार विशाक की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच मे पुडुचेरी को पारी और सात रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। कर्नाटक के सबसे सीनियर तेज गेंदबाज मोरे ने 36 रन पर चार विकेट चटकाए जबकि विशाक (23 रन पर तीन विकेट) और कावेरापा (44 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाया जिससे पुडुचेरी की दूसरी पारी तीसरे दिन सिर्फ 16 ओवर और खेलकर 127 रन पर सिमट गई।

## आईपीएल नीलामी में करेन, स्टोक्स और ग्रीन को मिल सकती है मोटी कीमत

**भाषा।** कोच्चि

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुक्रवार को यहां होने वाली मिनी नीलामी में बेन स्टोक्स, सैम करेन, कैमरन ग्रीन और मयंक अग्रवाल जैसे खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 10 फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होड़ देखने को मिल सकती है। इस मिनी नीलामी में 30 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 87 खाली स्थानों के लिए 405 क्रिकेटरों पर बोली लगाई जाएगी। आईपीएल नीलामी के इतिहास में अभी तक दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस को सर्वाधिक कीमत पर खरीदा गया था। राजस्थान रॉयल्स ने 2021 में उन्हें 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। मॉरिस अब संन्यास ले चुके हैं। टी20 विश्व कप 2022 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए करेन पर मोटी बोली लगने की संभावना है। वह अभी 24 साल के हैं और टीम उन्हें लंबे समय तक बरकरार रखने की उम्मीद के साथ अपने से जोड़ना का प्रयास करेंगी। करेन को 2019 में पंजाब किंग्स ने मोटी कीमत पर खरीदा था। इसके बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ गए थे। चेन्नई उन्हें फिर से अपनी टीम से जोड़ने का प्रयास करेगा। पीठ की चोट के कारण 2022 के सत्र में नहीं खेल पाने वाले करेन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपए है।

# नई फीफा रैंकिंग में विश्व चैंपियन अर्जेन्टीना दूसरे स्थान पर

## ब्राजील शीर्ष पर बरकरार

**भाषा।** ज्यूरिख

**विश्व कप** में खिताब जीत के बावजूद अर्जेन्टीना गुरुवार को जारी फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया जबकि ब्राजील की टीम अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखने में सफल रही। कतर में हाल में संपन्न विश्व कप में ब्राजील को क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी लेकिन हाल के वर्षों के नतीजों से उसने इतने अंक जुटा लुए थे जो उसे रैंकिंग में शीर्ष पर रखने के लिए पर्याप्त थे। अर्जेन्टीना की टीम नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर है। फाइनल में अर्जेन्टीना के हाथों शिकस्त झेलने वाले फ्रांस भी एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेल्जियम की टीम दो स्थान के नुकसान से चौथे पायदान पर खिसक गई है। कतर में टीम इस एक मैच जीतने में सफल रही थी और ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी। क्वार्टर फाइनल में शिकस्त झेलने वाले इंग्लैंड और नीदरलैंड क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर हैं। विश्व कप में तीसरे स्थान पर रही क्रोएशिया की टीम पांच स्थान के फायदे से सातवें नंबर पर पहुंच गई है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बावजूद यूरोपीय चैंपियन इटली आठवें स्थान पर है। मोरक्को की टीम 11वें स्थान के साथ शीर्ष अफ्रीका की टीम है। उसे 11 स्थान का फायदा हुआ है। एशियाई परिसंघ की टीम में जापान 20वें स्थान के साथ शीर्ष टीम है और उसे नवीनतम रैंकिंग में चार स्थान का फायदा हुआ है।



## वेस्टइंडीज ने आंद्रे कूले को अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया

**सेंट जोन्स (एंटिगा)।** वेस्टइंडीज ने जिंबाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए आंद्रे कूले को टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बुधवार को घोषणा की कि कूले जिंबाब्वे के खिलाफ 28 जनवरी से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला और फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 21 फरवरी से शुरू होने वाली विभिन्न प्रारूपों की श्रृंखला के दौरान मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे।

## द्विपक्षीय क्रिकेट की बात आएगी तो सरकारों से सलाह ली जाएगी : सेठी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की प्रबंध समिति के प्रमुख नजम सेठी ने गुरूवार को स्पष्ट किया कि जब भारत के साथ क्रिकेट संबंधों की बात आएगी तो वह सरकार की सलाह पर काम करेंगे। रमीज राजा को बुधवार को पीसीबी अध्यक्ष पद से हटाकर देश में अगले चार महीनों तक क्रिकेट का संचालन करने के लिए सेठी की अगुवाई में 14 सदस्ईय पैनल नियुक्त किया है। सेठी ने लाहौर में पत्रकारों से कहा, जब भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट रिश्तों की बात आएगी तो दोनों देशों की सरकारों से सलाह ली जाएगी।